Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/48369
वर्ष 13 । अंक 113
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

सीबीआई ने नौकरी घोटाले के आरोपपत्र में अभिषेक बनर्जी का नाम लिया

# सदियों में सिर्फ एक बार

## महाकुंभ का समापन, रिकॉर्ड 66 करोड़ ने लगाई डुबकी

**पीटीआई।** महाकुंभ नगर



प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान महा शिवरात्रि के अवसर पर संगम में पवित्र स्नान करते समय श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गईं

**प्रयागराज में** 45 दिनों तक विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम– महाकुंभ 2025, बुधवार को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ संपन्न हो गया। तेरह जनवरी से प्रारंभ हुए इस मेले में देश विदेश से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक 1.44 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई तथा 13 जनवरी से अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66.21 करोड़ पहुंच गई है।

श्रद्धालुओं की यह संख्या चीन और भारत को छोड़कर अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों समेत सभी देशों की आबादी से अधिक है। साथ ही यह मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से भी अधिक है। महाकुंभ अपनी स्वच्छता को लेकर भी चर्चा में रहा जिसमें स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका रही। महाकुंभ मेले में स्वच्छता प्रभारी डाक्टर आनंद सिंह ने पीटीआई– भाषा को बताया कि पूरे मेले में 15,000 स्वच्छताकर्मी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात रहे। कई पालियों में उन्होंने साफ सफाई की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और मेले में शौचालयों और घाटों को पूरी तरह से साफ रखा। सभी ने उनके कार्यों की सराहना की। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ की घटना से इसकी छवि थोड़ी धूमिल हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था पर इस घटना का कोई खास असर नहीं पड़ा और लोगों का आगमन अनवरत जारी रहा। भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

महाकुंभ मेले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, फिल्मी सितारों और खेल जगत, उद्योग जगत की हस्तियों तक ने संगम में डुबकी लगाई और प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस महाकुंभ में नदियों के संगम के साथ ही प्राचीनता और आधुनिकता का भी संगम देखने को मिला जिसमें एआई से युक्त कैमरों, एंटी ड्रोन जैसी कई अत्याधुनिक प्रणालियों का उपयोग किया गया और मेला पुलिस को इन प्रणालियों का प्रशिक्षण दिया गया। हालांकि, यह मेला कई विवादों को लेकर भी चर्चा में रहा जैसे फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनना और उनको लेकर विवाद खड़ा होना। इसके अलावा, गंगा जल की शुद्धता को लेकर राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) की रिपोर्ट और फिर उस पर सरकार के हवाले से कई वैज्ञानिकों द्वारा गंगा जल की शुद्धता की पुष्टि करना भी चर्चा में रहा।

हिंदुओं की मान्यता है कि ग्रह नक्षत्रों के विशेष संयोग से कुंभ और महाकुंभ में गंगा और संगम में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख चिदानंद सरस्वती ने पीटीआई– भाषा को बताया, मेरे लिए महाकुंभ तब संपन्न होगा जब अंतिम श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा लेगा। आप कह सकते हैं कि बृहस्पतिवार को ब्रह्म मुहूर्त शुरू होने के साथ मेला समाप्त होगा। इस मेले के लिए एक नया जिला–महाकुंभ नगर अधिसूचित किया गया और मेला संचालन के लिए जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस और प्रशासन की नियुक्ति की गई। यह प्रदेश का 76वां अस्थाई जिला है।

महाकुंभ मेले में सभी 13 अखाड़ों ने तीन प्रमुख पर्वों– मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर अमृत स्नान किया। हालांकि, मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ की घटना के बाद अखाड़ों का अमृत स्नान अधर में लटक गया था, लेकिन अंततः अखाड़ों के साधु संतों ने अमृत स्नान किया और बसंत पंचमी स्नान के साथ वे मेला से विदा हो गए। मौनी अमावस्या को हुए हादसे को लेकर नेताओं ने सरकार पर निशाना साधना शुरू किया जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ करार दिया। हालांकि, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका तगड़ा जवाब दिया। वहीं, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर भगदड़ में मृतकों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया। सपा समेत विपक्षी दलों ने श्रद्धालुओं की संख्या पर भी सवाल खड़ा किया, (शेष पृष्ठ 9)

# नीतीश सरकार में भाजपा को बढ़त

### ● चुनाव से सात महीने पहले कैबिनेट का विस्तार, गठबंधन सहयोगी भाजपा के सात विधायक शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली



पटना में विधायक संजय सरावगी, जिबेश कुमार, सुनील कुमार, राजू कुमार सिंह, कृष्णा कुमार मंटू, विजय कुमार मंडल और मोती लाल प्रसाद कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार में चुनावी बिगुल फूंकने के एक दिन बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में भाजपा को बड़ी बढ़त मिली, क्योंकि नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिपरिषद में सात नए चेहरों को शामिल किया, जो संयोग से सभी गठबंधन सहयोगी भाजपा से हैं। यह विस्तार, जो इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले अंतिम हो सकता है, मंत्रियों की कुल संख्या 36 हो जाएगी, जो 243 सदस्यीय विधानसभा वाले राज्य में अधिकतम स्वीकार्य संख्या है। ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के समर्थन आधार की सावधानीपूर्वक गणना की गई है, जो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 'कोर ग्रुप' की बैठक की अध्यक्षता करने के एक दिन बाद हुआ और उससे पहले प्रधानमंत्री ने एक रैली के लिए बिहार का दौरा किया तथा कुछ सुधारों और परियोजनाओं की घोषणा की।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई जो सभी विधानसभा के सदस्य हैं। राज्य में एक विधान परिषद भी है। यह घटनाक्रम उस दिन हुआ जब राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जो पूर्व राजस्व एवं भूमि मंत्री हैं, ने पार्टी की 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति का हवाला देते हुए अपना कैबिनेट पद छोड़ दिया। नए मंत्रियों में जिबेश कुमार भी शामिल हैं, जो अगस्त 2022 तक राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य थे, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा पर उनकी पार्टी जद(यू) को 'तोड़ने' का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए अचानक राजग छोड़ दिया था। बजट सत्र शुरू होने में मात्र दो दिन शेष रह गए हैं और अब राज्य मंत्रिमंडल में वापस आए जिबेश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं अपनी पूरी क्षमता से जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हूं।'

अन्य शामिल लोगों में दरभंगा से पांचवीं बार विधायक बने संजय सरावगी और सीएम के गढ़ नालंदा में बिहारशरीफ का प्रतिनिधित्व करने वाले सुनील कुमार शामिल हैं। वे तीन बार जेडी(यू) के टिकट पर विधायक रह चुके हैं और 2015 में बीजेपी में शामिल हो गए थे। सरावगी ने कहा, 'मैं नई जिम्मेदारी निभाने के लिए उत्सुक हूं। पहले मैं सरकार से सवाल पूछता था। अब मुझसे साथी सदस्यों के सवालों का जवाब देने की उम्मीद की जाएगी।' जदयू के एक अन्य पूर्व चेहरे मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह थे, जिन्होंने 2020 में पूर्व बॉलीवुड सेट डिजाइनर मुकेश सहनी द्वारा गठित विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के टिकट पर यह सीट जीती थी।

वीआईपी ने कुल तीन सीटें जीती थीं, लेकिन दो साल पहले साहनी के भगवा पार्टी से नाता तोड़ लेने के बाद सभी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और बदले में उन्हें कैबिनेट में जगह भी गंवानी पड़ी थी। एक अन्य उल्लेखनीय चेहरा सारण जिले के अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू थे, जो हाल ही में पटना में 'कुर्मी चेतना रैली' आयोजित करने के लिए चर्चा में थे, जिसका उद्देश्य शक्तिशाली ओबीसी समुदाय तक पहुंच बनाना था, जिससे जेडी(यू) सुप्रीमो आते हैं। शेष दो विधायकों में विजय कुमार मंडल, जो अररिया जिले के सिकटी से विधायक हैं, तथा मोती लाल प्रसाद, जो सीतामढ़ी के रीगा से विधायक हैं। इसके अलावा, सुनील कुमार को छोड़कर सभी गंगा के उत्तरी क्षेत्र से आते हैं, जहां एनडीए प्रतिद्वंद्वी राजद, कांग्रेस और वाम गठबंधन से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

# भ्रष्टाचार की प्रतिमूर्ति है तमिलनाडु सरकार: शाह

**कुमार चेलप्पन।** चेन्नई



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में भाजपा कार्यालय के उद्घाटन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए।

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह के अनुसार, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन, जो राज्य के उपमुख्यमंत्री भी हैं, की वजह से डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार राष्ट्र–विरोधी और भ्रष्टाचार की प्रतिमूर्ति बन गई है। गृह मंत्री ने बुधवार को कोयंबटूर में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। शाह शहर के बाहरी इलाके में ईशा योग केंद्र में गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा आयोजित रात्रिकालीन महाशिव रात्रि पूजा में भाग लेने के लिए कोयंबटूर पहुंचे थे। अमित शाह के बयान को स्टालिन द्वारा मंगलवार को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए गए इस बयान के रूप में देखा जा रहा है कि डीएमके केंद्र के खिलाफ भाषाई युद्ध के लिए तैयार है। स्टालिन अक्सर आरोप लगाते रहे हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार नई शिक्षा नीति के बहाने गैर–हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है।

स्टालिन के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए अमित शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने हिंदी को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए काफी काम किया है। 'स्टालिन और उनके बेटे ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है।' गृह मंत्री ने कहा, ''डीएमके की सत्तारूढ़ सरकार में भ्रष्टाचार के आरोप बहुत हैं।'' उन्होंने स्टालिन द्वारा शुरू किए गए हिंदी विरोधी अभियान को स्टालिन और उनके परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोपों को छिपाने का प्रयास बताया। अमित शाह ने स्टालिन के इस निराधार दावे की भी खिल्ली उड़ाई कि केंद्र तमिलनाडु से लोकसभा सीटों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा, 'ऐसी कोई योजना नहीं है और आम आदमी यह अच्छी तरह जानता है कि ऐसा करना आसान नहीं होगा।' शाह ने यह भी घोषणा की कि स्टालिन के नेतृत्व वाली भ्रष्टाचार में लिप्त डीएमके सरकार को 2026 के विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंका जाएगा और एनडीए तमिलनाडु में अगली सरकार बनाएगी जो राज्य को विकास के पथ पर ले जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि गृह मंत्री ने यह घोषणा करने के लिए महाशिव रात्रि और कोयम्बटूर का दिन चुना, जिसे संभवतः शिवरात्रि घोषणा के रूप में याद किया जाएगा।

इस बीच, भाजपा के तमिलनाडु प्रमुख के अन्नामलाई ने स्टालिन को चुनौती दी कि वे नई शिक्षा नीति में राज्य में हिंदी को अनिवार्य बनाने वाला कम से कम एक वाक्य दिखाएं। एक खुफिया अधिकारी ने कहा, मार्च 2018 में, स्टालिन ने एक बैठक को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि एक अलग द्रविड़ देश का अंतिम लक्ष्य डीएमके का सपना है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो डीएमके पृथक द्रविड़ देश के आह्वान का पुरजोर समर्थन करेगी।' स्टालिन के करीबी सहयोगी और डीएमके के विचारक के. थिरुनावक्करासु ने कहा था कि द्रविड़ राष्ट्र की मांग अभी भी जीवित है। (शेष पृष्ठ 9)

# सुरंग हादसे में बचाव कार्य दो दिन में पूरा होने की उम्मीद: मंत्री

**पीटीआई।** नगरकुरनूल

**तेलंगाना के** सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को कहा कि एसएलबीसी सुरंग के शनिवार को आंशिक रूप से ढह जाने के बाद उसमें फंसे आठ लोगों को निकालने का समूचा बचाव अभियान तेज गति से काम करने के साथ ही दो दिनों में पूरा हो जाएगा। मंत्री ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगी कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य के अधिकारियों के साथ चर्चा की एवं स्थिति का आकलन किया। उन्होंने कहा, एनडीआरएफ, सेना, एसडीआरएफ के अधिकारियों, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत सभी अधिकारियों के साथ पूरे अभियान की समीक्षा की गई है...हमने आज ठोस कार्ययोजना बनाई है कि हम (सुरंग में) कीचड़ के अंदर जाएंगे। अब हमें उम्मीद है कि हम दो दिन में समूचे अभियान को पूरा कर लेंगे। हमने कार्ययोजना और समयसीमा तय कर ली है एवं अब हम आगे बढ़ेंगे। मंत्री ने कहा कि बचावकर्मियों की जान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को बचाव अभियान की गति धीमी कर दी गई थी।उन्होंने कहा कि ढह गई सुरंग से पानी निकालने (शेष पृष्ठ 9)

# केजरीवाल के रास में जाने की अटकलें, आप ने खारिज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आम आदमी पार्टी** (आप) ने बुधवार को लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार घोषित किया, जिसके बाद इस बात की अटकलें तेज हो गईं कि यह सीट आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा में प्रवेश के लिए खाली की गई है। नामांकन की घोषणा के कुछ घंटों बाद आप ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि 56 वर्षीय दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा नहीं जाएंगे। आप के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने एक्स पर एक पोस्ट में यह घोषणा की। इस बीच, आप ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राज्यसभा में प्रवेश कर सकते हैं। यदि अरोड़ा उपचुनाव जीतते हैं तो उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देना होगा, जिसकी तारीख अभी घोषित नहीं की गई है।

इस बीच, अरोड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, लुधियाना पश्चिम उपचुनाव लड़ने के लिए मुझ पर विश्वास जताने के लिए आम आदमी पार्टी नेतृत्व के प्रति विनम्र और आभारी हूं। अपने गृहनगर से गहराई से जुड़े होने के नाते, मैं समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर हूं। दिल्ली चुनाव में हार के बाद यह माना जा रहा था कि केजरीवाल अरोड़ा की खाली सीट के जरिए राज्यसभा में प्रवेश करेंगे। पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा के आरोपों के बाद केजरीवाल को लेकर अटकलें शुरू हो गईं। उन्होंने कहा, केजरीवाल पंजाब के माध्यम से सत्ता लाना चाहते हैं और कुछ राज्यसभा सदस्यों को त्याग करना होगा तथा उनके लिए रास्ता बनाना होगा। एक दशक के बाद दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद केजरीवाल के लिए पंजाब सबसे अच्छा विकल्प है। पिछले साल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सरकारी बंगला खाली करने के बाद से वह दिल्ली में पंजाब के एक अन्य सांसद अशोक मित्तल के घर पर रह रहे हैं।

अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में अरोड़ा से मुलाकात की थी और उन्हें लुधियाना पश्चिम उपचुनाव लड़ने के लिए कहा था, साथ ही राज्य सरकार में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका और जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की थी। यदि अरोड़ा उपचुनाव लड़ते हैं और जीत जाते हैं तो उन्हें अपनी राज्यसभा सीट खाली करनी होगी। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि उन्हें भगवंत मान मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शामिल किया जा सकता है। उच्च सदन में इस संभावित रिक्ति से यह अफवाह फैल गई है कि केजरीवाल संभवतः उनकी जगह ले सकते हैं। हालांकि, अंतिम निर्णय अरोड़ा के विधायक चुने जाने के बाद ही होने की संभावना है। केजरीवाल के प्रवेश के लिए आप को अपने एक सांसद का इस्तीफा कराना होगा। हालाँकि, अगर दिल्ली से कोई राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे देता है तो आप राज्यसभा सीट वापस नहीं जीत सकती, क्योंकि पार्टी के पास यहाँ बहुमत नहीं है। पंजाब में पार्टी के पास 93 विधायक और सात सांसद हैं और वह वहां से आसानी से एक सीट जीत सकती है।

आप के पास फिलहाल राज्यसभा की 10 सीटें हैं – दिल्ली से तीन और पंजाब से सात। दिल्ली की राज्यसभा सीटों का कार्यकाल 2030 तक है, जबकि पंजाब की राज्यसभा सीटें 2028 तक वैध हैं, जिससे यह उच्च सदन के लिए सबसे व्यवहार्य मार्ग बन जाता है। वर्तमान में संजय सिंह और नारायण दास गुप्ता दिल्ली से आप के राज्यसभा सदस्य हैं। पिछले कुछ महीनों में केजरीवाल और आप की आलोचक रहीं स्वाति मालीवाल भी राज्यसभा में आप का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। हालांकि यह मालीवाल का पहला कार्यकाल है, लेकिन सिंह और गुप्ता पिछले कार्यकाल में भी पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार रहे हैं। पंजाब से राज्यसभा में आप के सात सदस्य हैं – संजीव अरोड़ा, संदीप पाठक, राघव चड्ढा, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, पर्यावरणविद् बलबीर सिंह सीचेवाल और उद्योगपति विक्रमजीत सिंह। चुनाव आयोग ने अभी तक लुधियाना पश्चिम उपचुनाव (शेष पृष्ठ 9)

# 50 लाख डॉलर दो, अमेरिका की नागरिकता लो

### ● ट्रंप ने बनाई गोल्ड कार्ड देने की योजना, निवेशकों को आकर्षित करना मकसद

**पीटीआई।** वाशिंगटन



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने निवेशकों के लिए 35 साल पुराने वीजा की जगह 50 लाख अमेरिकी डॉलर में गोल्ड कार्ड पेश करने की योजना बनाई है, जिसे लेने वाले अमेरिकी नागरिकता पाने के पात्र हो जाएंगे। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय) में कहा, अमीर और सफल लोग ये वीजा ले सकते हैं। वे काफी पैसा निवेश करेंगे, काफी कर का भुगतान करेंगे, काफी लोगों को नौकरी देंगे और मुझे लगता है कि यह (योजना) बहुत ही सफल होने वाली है। वाणिज्य मंत्री होवार्ड ल्युटनिक ने कहा कि दो सप्ताह में ईबी–5 वीजा की जगह ट्रंप गोल्ड कार्ड ले लेगा। संसद ने 1990 में विदेशी निवेश को ध्यान में रखते हुए ईबी–5 वीजा पेश की थी और यह 10 लाख अमेरिकी डॉलर का निवेश करने वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है।

आव्रजन से संबंधित गृह मंत्रालय के वार्षिक आंकड़ों के अनुसार 30 सितंबर 2022 तक 12 महीने के दौरान लगभग 8,000 लोगों ने निवेशक वीजा लिया था। संसद की शोध सेवा ने 2021 में कहा था कि ईबी–5 वीजा में धोखाधड़ी का खतरा बना रहता है। परामर्श कंपनी हेनली एंड पार्टनर्स के अनुसार दुनियाभर में निवेशक वीजा आम हैं। कंपनी के अनुसार अमेरिका, ब्रिटेन, स्पेन, ग्रीस, माल्टा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और इटली समेत दुनियाभर के 100 से अधिक देश अमीर लोगों को गोल्डन वीजा देते हैं। ट्रंप ने कहा, यह (गोल्ड कार्ड) एक ग्रीन कार्ड की तरह होगा, लेकिन किसी भी तरह के गडबड़झाले से मुक्त होगा। यह लोगों, खासकर अमीर और प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए अमेरिकी नागरिकता लेने का रास्ता बनाएगा। नागरिकता के लिए योग्यता कांग्रेस निर्धारित करती है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि गोल्ड कार्ड के लिए कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक एआई जनित वीडियो साझा किया, जिसमें युद्धग्रस्त गाजा को एक ऐसे शहर में बदलते हुए दिखाया गया है, जहां अमेरिकी नेता इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ छुट्टियां मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पर उनकी कड़ी आलोचना हो रही है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल और इंस्टाग्राम सहित अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वीडियो साझा किया। वीडियो को लाखों ने देखा है।

# दागी नेताओं के मसले पर केंद्र ने रखा पक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र ने** दोषी करार दिए गए राजनीतिक नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका का उच्चतम न्यायालय में विरोध करते हुए कहा है कि इस तरह की अयोग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में केंद्र ने कहा कि याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह विधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह से परे है। हलफनामे में कहा गया है, यह सवाल कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसमें कहा गया है कि दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं।

हलफनामे में कहा गया है, यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधाई नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर दोषी करार दिए गए राजनीतिक नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के अलावा देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निस्तारण का अनुरोध किया है। अपने हलफनामे में, केंद्र ने रेखांकित किया कि शीर्ष अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधाई विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारीख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। हलफनामे में कहा गया है कि उक्त धाराओं के तहत घोषित की जाने वाली (शेष पृष्ठ 9)

# शिवालयों में लगे जयकारे, भक्तों ने किया जलाभिषेक

- बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लगी लंबी-लंबी कतारे
- मंदिरों के आसपास नोएडा और गाजियाबाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

महाशिवरात्रि पर शिवालयों पर भक्तों की सुबह से भारी भीड़ उमड़ी रही। सुबह से ही लोग भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने और जलाभिषेक करने के लिए लंबी-लंबी कतारे लगी रही। सेक्टर और ग्रामीण इलाकों में शिव मंदिरों पर लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। महिलाएंए पुरुषए बच्चे, युवक और बुजुर्ग हर कोई भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने का प्रयास करता दिखा।

इस मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। वहीं भक्त जलए दूधए दही ए घी शहद से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। नोएडा में सेक्टर-2 लाल मंदिर और सर्फाबाद प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों की लंबी कतार लगी रही। तड़के 4.00 बजे से ही शिव भक्तों का ताता मंदिर में लग गया। लोगों ने भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया। इसके अलावा सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना की। यहां भक्त लाइन में आए इसलिए बेरिकेड भी लगा दी गई थी। इसके अलावा मंदिर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। जिनकी मॉनिटरिंग की जा रही थी।

सिद्ध पीठ साई शनि मंदिर के महंत ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव के पूजन का सबसे बड़ा पर्व है। यह फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस मौके पर मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। छालेरा गांव सेक्टर-44 में प्राचीन शिव मंदिर और बाबा बालक नाथ आश्रम है। यहां महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी रही। नोएडा में भूढ़ा महादेव, मोरना और निठारी के शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूसरी ओर व्यवस्था बनाए रखने के लिए नोएडा पुलिस ने भी पुख्ता इंतजाम किए हैं।

शहर के मंदिरों पर फोर्स तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी बुजुर्गों और महिलाओं की मदद कर रहे हैं। इसके अलावा सेक्टर-20 हनुमान मंदिर, सेक्टर-49 शिव पार्वती मंदिर, सलारपुर मंदिर के अलावा अन्य मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। पुलिस ने नोएडा के सभी शिवालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। गेट से लेकर अंदर तक श्रद्धालुओं को कतार में खड़ा किया गया।

इसके बाद बारी बारी से लोगों ने भगवान भोले नाथ की पूजा की। वहीं संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस लगातार मंदिरों के बाहर पेट्रोलिंग की जा रही है।


महाशिवरात्रि के अवसर पर नोएडा के मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें दिखने को मिली। अपनी बारी का इंतजार करते महिलाएं और पुरुष।


मंदिर के बाहर सुरक्षाकर्मी।

## महाशिवरात्रि पर गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में कार्यक्रम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां प्रभात गर्ग व पूनम गर्ग द्वारा कविनगर के आपका भवन बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ले लाल जू का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व से पहले आयोजित कार्यक्रम में भक्तों ने खूब आनंद उठाया। इस उत्सव में शामिल हुए सैकड़ों भक्त जमकर झूमे नाचे।

पाटोत्सव कार्यक्रम जिसमें ठाकुरजी का श्रंगार भोग किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद भजन संकीर्तन मंडली ने ठाकुरजी व प्रियाजू के भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में भजनों ने ऐसा समां बांधा कि मानो भक्तों को यही ब्रज के दर्शन हो गए हो। भजनों की लय सुनकर भक्त खुद को रोक ही नहीं सके और ठाकुरजी और प्रियाजू के सम्मुख नाचने और झूमने लगे। इसके बाद ठाकुरजी और प्रियाजू का राजभोग लगाया गया। कार्यक्रम में फूलों से भव्य रूप से भगवान का दरबार सजाया गया। बधाई गायन के दौरान फूलों और गुलाल से होली भी खेली गई।

## श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों का उमड़ा सैलाब



**गाजियाबाद । ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में भगवान दूधेश्वर के दर्शन-अभिषेक के लिए आज भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व का पुजा.अर्चना व जलाभिषंक का सिलसिला रात्रि 12 बजे से शुरू हुआ। मगर मंदिर में उससे बहुत पहले ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। भगवान के दर्शन के लिए भक्तों को घंटों इंतजार करना पड़ा मगर उनका उत्साह कम नहीं हुआ। भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के लिए सभी राजनैतिक दलों के नेताए विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मंदिर पहुंचे। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग, श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, दूधेश्वर भगवान के सेवक अजय चोपड़ा ने अतिथियों का सत्कार किया। मंदिर के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर दूधेश्वर भगवान की पूजाणअर्चना व जलाभिषेक से हर प्रकार का कष्ट दूर होता है। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंगलवार की रात्रि 9 बजे भगवान शिव की बारात निकाली गई, जिसका जगह.जगह भक्तों ने स्वागत किया। शिव बारात के वापस मंदिर पहुंचने पर भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह हुआ। मन्दिर के मुख्य द्वार पर भगवान शिव का जागरण हुआ।**

## 'स्पोर्ट्स सिटी में बिल्डरों को 8643 करोड़ का अनुचित लाभ'

- 2021 में सीएजी ने रिपोर्ट में आवंटन पर खड़ा किया था सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में घोटाले की नींव आवंटन के समय रख दी गई थी। बिल्डरों को अनुचित लाभ दिया गया। इसका प्रमाण सीएजी की 2021 की रिपोर्ट में देखने को मिल रहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया है कि प्राधिकरण और बिल्डर की साठगांठ के जरिए ही करीब 9 हजार करोड़ की वित्तीय गड़बड़ी की गई। इस मामले में सीईओ नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम ने कहा कि सभी आदेशों का अध्ययन किया जा रहा है।

कोर्ट ने जो आदेश दिया है अक्षर सा अमल में लाया जाएगा। बता दें सत्ता बदलाव के बाद नोएडा प्राधिकरण में सीएजी की जांच शुरू की गई। सीएजी ने 2007 से 2017 तक की फाइलों की जांच की जिसमें करीब 30 हजार करोड़ के वित्तीय गड़बड़ी की बात सामने आई। इसमें अकेले 9 हजार करोड़ रुपए स्पोर्टस सिटी के शामिल किए गए। दरअसल स्पोर्टस सिटी की 2010.11 और 2015.16 के बीच 798 एकड़ में चार स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाएं शुरू की गईं। जिसमें चार बिल्डरों को भूखंड आवंटित किए गए। इसमें 12050 रुपए प्रति वर्गमीटर से लेकर 26650 प्रति वर्गमीटर की दर से भूखंड आवंटित किए गए। जबकि सीएजी ने बाजार के आकलन के अनुसार अपनी रिपोर्ट में बताया कि उस समय बिल्डरों को करीब 17556 से लेकर 1 लाख 26 हजार 280 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से भूखंडों का आवंटन होना चाहिए था। इन दोनों में बड़ा अंतर है। इस हिसाब से प्राधिकरण की ओर से बिल्डरों को करीब 8643 करोड़ का अनुचित लाभ दिया गया। ये रिपोर्ट अब सार्वजनिक है। सवाल ये है कि रिपोर्ट 2021 में जारी होने के बाद भी अब तक प्राधिकरण ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन क्यो नहीं लिया। और न ही भूखंड आवंटन का बकाया वापस लेने की जहमत तक की। प्राधिकरण की ओर से सिर्फ एक नोटिस जारी किया गया। ये इसलिए कहा रहे है क्योंकि अनुचित लाभ देने के साथ बिल्डरों ने ब्रोशर की शर्तों का भी खुला उल्लघंन किया। ब्रोशर की शर्तों के अनुसार आवंटी को लीज डीड होने के तीन सालों में खेलकूद सुविधाए संस्थागत व अन्य सुविधाओं के कुल क्षेत्रफल का करीब 15 प्रतिशत निर्माण पूरा करना था। 5 साल के अंदर संपूर्ण खेल सुविधाओं का पूरा किया जाना था। इसके अलावा आवासीय और व्यवसायिक निर्माण चरण बद्ध तरीके से सात साल में पूरा करना था। लेकिन 2010-11 से लेकर 2015-16 के आवंटन के बाद भी डेवलपर्स ने ब्रोशर शर्तों का पालन नहीं किया। इसके बाद भी प्राधिकरण की ओर से कोई भी आवंटन न तो निरस्त किया गया और न ही कोई सख्त एक्शन लिया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात का जिक्र किया है कि यदि आवंटन निरस्त कर दोबारा से बाजार दर पर आवंटन किया जाता तो वित्तीय हानि से बचा जा सकता था। फिलहाल इस मामले में प्राधिकरण कोर्ट के आदेश के अध्ययन के बाद ही आगे की निर्णय लेगा।

## संक्षिप्त समाचार


एक लाख इनामी बदमाश राहुल पासवान पुलिस की गिरफ्त में।

### चादर गैंग का एक लाख का ईनामी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एक लाख के इनामी राहुल पासवान को गिरफ्तार किया है। वह चादर गैंग का सरगना है। इस गैंग ने करोड़ों की इंटरनेशनल ब्रांड की गाड़ियों और घड़ियों की चोरी की है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसारए गैंग ने 11 अगस्त 2024 को इंदिरापुरम में एक शोरूम से महंगी घडियां चुराई थीं। गैंग की खास पहचान है कि वे चोरी से पहले दुकान को चादर से ढक देते हैं। फिर शटर तोड़कर चोरी करते हैं। पुलिस ने अब तक इस गैंग के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनसे 46 लाख 36 हजार रुपए की घड़ियां बरामद हुई हैं। राहुल से 36 हजार रुपए की एक घड़ी मिली है। राहुल बिहार के घोड़ा सहन का रहने वाला है। इस गैंग ने बिहार से अपना अपराधिक करियर शुरू किया। बाद में महाराष्ट्रए हिमाचल और उत्तर प्रदेश तक अपना नेटवर्क फैलाया। कुल 15 लोगों ने मिलकर यह वारदात की थी।

### शादी में दूल्हा-दुल्हन ने की हर्ष फायरिंग, केस दर्ज

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में एक शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। घटना 19 फरवरी की हैए जब गोविंदपुरी की तन्नु चौधरी और दिल्ली के हर्ष विहार निवासी हिमांशु चौधरी की शादी आरएस फार्म हाउस में हो रही थी। जयमाला के बाद दूल्हा.दुल्हन डीजे फ्लोर पर नृत्य कर रहे थे। इसी दौरान दूल्हे हिमांशु ने रायफल से फायरिंग की। इसके बाद दुल्हन तन्नु को भी एक बंदूक दी गई। दोनों ने डीजे फ्लोर पर हथियार लहराए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। जांच के बाद दूल्हा.दुल्हन दोनों के खिलाफ हर्ष फायरिंग का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब हथियारों के मालिकों का पता लगा रही है।

### किस्त लेने पहुंचे कर्मचारियों के साथ मारपीट

**नोएडा।** नगर के मेवातियांन मोहल्ले में मुथूट फाइनेंस कंपनी का कलेक्शन करने गए दो कर्मचारियों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दो नामजद व अन्य के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है । पुलिस ने बताया कि जनपद बुलंदशहर के महमूदपुर गांव निवासी विशाल व गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी शिवम मुथूट फाइनेंस लिमिटेड में कलेक्शन एग्जीक्यूटिव के पद पर नौकरी करते हैं। वह बैंक से लोन लेने वाले लोगों के पास पहुंच किस्त वसूली करते हैं। नगर के मेवातियान मोहल्ला निवासी राशिद खान ने बैंक से लोन ले रखा है। विशाल ने मेवातियान मोहल्ला निवासी राशिद को किस्त लेने के लिए फोन किया गयातो उसने कहा कि घर पर आकर ले जाना। जब वह किस्त लेने के लिए उनके घर पर पहुंचे तो राशिद ए नईम व अन्य लोगों ने गाली गलौच शुरू कर दी। जब गाली गलौच का विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट करने लगे।

### पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रिंस उर्फ बंटी ने 21 फरवरी को बैंक मैनेजर मनजीत मिश्रा की हत्या की थी। थाना इकोटेक-3 पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सैनी सुनपुरा कट के पास मौजूद है। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। घायल आरोपी से एक तमंचा, कारतूस और मृतक का पर्स बरामद हुआ है। पर्स में मृतक के दस्तावेज और 20,000 रुपये नकद थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी के अनुसार प्रिंस के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच में पता चला कि मनजीत मिश्रा की हत्या उनके साले ने करवाई थी।

## दो पहिया वाहन चलाते नहीं पहना हैलमेट तो कटेगा वेतन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन एनईए ने बड़ा कदम उठाया है।

एनईए नोएडा में कारोबारियों से जुड़ा सबसे बड़ा संगठन है। जिसने संगठन से जुड़े कारोबारियों को पत्र जारी कर कहा कि यदि कोई कर्मचारी या श्रमिक दो पहिया वाहन से हैल्मेट लगाकर नहीं आता है तो से फैक्ट्री में प्रवेश नहीं दिया जाए। उसका एक दिन का वेतन काट लिया जाए। उसे जागरूक किया जाए कि वो हमेशा हैल्मेट पहनकर वाहन चलाए। नोएडा में करीब 5 हजार से 'यादा रजिस्टर्ड एमएसएमई इंडस्ट्री है। इसके अलावा बड़ी संख्या में नामी इंडस्ट्री है। जिनमें करीब 14 लाख से 'यादा श्रमिक, कर्मचारी काम करते है। इनमें से 3600 कंपनियां एनईए की सदस्य है। जाहिर है इन कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों को इन नियमों का पालन करना होगा। ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। बतौर हर फैक्ट्री में गार्ड की ये जिम्मेदारी तय की गई।

## गोदाम पर छापा मारकर लाखों की प्रतिबंधित दवा जब्त

- टीम ने 273 कार्टून में 40,926 प्रतिबंधित खांसी के कफ सिरप बरामद किए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के इलाइचीपुर गांव में दवाई के गोदाम पर पुलिस और औषधि निरीक्षक की टीम ने छापा मारा। गोदाम से टीम को 273 कार्टून में 40926 प्रतिबंधित खांसी के कफ सिरप बरामद हुए। बाजार में इसकी कीमत करीब 87 लाख आंकी जा रही है।

टीम ने मौके से गौतम सिंह को गिरफ्तार किया है। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि इलाइचीपुर गांव में प्रतिबंधित खांसी की दवाई का गोदाम संचालित होने की सूचना मिली थी। पुलिस और औषधि निरीक्षक की टीम ने छापा मारा।

इस दौरान गोदाम पर 273 कार्टून में 40926 कफ सिरप मिले। जब टीम ने गोदाम में मौजूद व्यक्ति से लाइसेंस मांगा तो वह लाइसेंस नहीं दिखा सका। जांच में पता चला कि यह प्रतिबंधित दवा है। इसका प्रयोग नशा करने के लिए करते हैं। पुलिस ने मौके से गौतम सिंह ;44 निवासी ग्राम मुहम्मदनगर डीहा थाना रामगांव जिला बहराइच को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गौतम ने बताया कि वह अपने दो साथियों विमल पांडेय व मनोज कुमार के साथ मिलकर यह गोदाम चलाता है। वह रात में दिल्ली से ट्रक में दवा छिपाकर इलाइचीपुर गांव स्थित गोदाम में लाते थे। गोदाम में दवा को अलग-अलग कार्टून में पैक किया जाता था।

किसी को पता ना लगे इसके लिए वह कार्टून के ऊपर और नीचे कंबल रखते थे। इसे बिहार के साथ ही अन्य राज्यों में भेजा जाता था। इससे पहले तीनों आरोपी दिल्ली में काम करते थे। करीब तीन माह पहले ही उन्होंने यह गोदाम किराए पर लिया था। गौतम 5वीं पास है। औषधि निरीक्षक टीम ने बरामद दवा का सैंपल लिया है।

## सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत, दो घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल प्लॉजा से तीन किलोमीटर दिल्ली की और हैरियर कार ने डाक कावंड ला रहे फरीदाबाबद हरियाणा निवासी बाइक पर सवार तीन कावंड़ियों समेत पांच लोगों को कुचल दिया।

इस हादसे में जहां दो सगे भाईयों हरेंद्र व देवेंद्र पुत्रगण सिंहराज निवासी महमूदपुर तिगांव फरीदाबाद के अलावा खेड़ी भोपाली फरीदाबाद हरियाणा निवासी अजय नामक कावंड़ियों की मौत हो गई। वहीं सुनिल व सुंदर मुखिया निवासीगण महमूदपुर के अलावा कार चालक निकुंज जैन निवासी तिलक रोड बेगम पुल थाना सिविल लाइन भी गंभीर रूप से घायल हो गये।

इस हादसे की सूचना मिलते ही भोजपुर थाने के एसओ अमित शर्मा जहां फील्ड यूनिट के साथ हादसा स्थल पर पहुंच गये वहीं सीनियर अधिकारियों ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इसके बाद पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायलों को निजि अस्पतालों में भर्ती करवा दिया।




इस हादसे के संदर्भ में एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि मृतक व घायल कावंड़ियों के परिजनों को सूचित कर दिया गया था। जिसके बाद उनके परिजन मोर्चरी व अस्पताल पहुंच गये। श्री राय ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस ने डीएमई पर कुछ देर तक बाधित रहे यातायात को फिर से सुचारू कर दिया था।

### इलेक्ट्रिक बस ने सड़क किनारे खड़ी महिला और बच्ची को कुचला, मौत

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के मसूरी अंडरपास पर एक इलेक्ट्रिक बस अनियंत्रित होकर हादसे का कारण बनी। बस ने वहां खड़े लोगों और वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में रेशमा नाम की महिला और आफिया नाम की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में दो पुरुष आरिफ और मुस्तकीम तथा दो बच्चियां आयशा और माहीनूर शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी सदर सिद्धार्थ गौतम के अनुसार पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है। बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं चालक की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है।

## ग्रेनो में धूल उड़ने पर चली थी गोली, पांचवा आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक साधारण विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। सरकपुर गांव में गाड़ी से उड़ी धूल को लेकर हुए विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। घटना 19 फरवरी की है।

सरकपुर गांव का सागर नाम का युवक अपनी दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान लकी नाम का व्यक्ति दूध से भरी गाड़ी लेकर वहां से गुजरा। गाड़ी से उड़ी धूल सागर पर पड़ गई। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। गांव वालों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। लेकिन रात को लकी अपने परिजनों के साथ सागर के घर पहुंच गया। आरोपियों ने घर में घुसकर सागर पर गोली चला दी और डंडों से पीटा। गोली सागर के पेट में लगी।

वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अभी भी जारी है। पीड़ित के पिता नरेश उर्फ लीलू ने पांच नामजद समेत 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने बुधवार को एक और आरोपी विनोद को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

बाकी तीन की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## नोएडा में 15 टन फूलों के वेस्ट से बनेगी धूप अगरबत्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में चार दिवसीय फ्लावर शो में करीब 15 टन फूलों का वेस्ट एकत्रित हुआ है। इस वेस्ट का प्रयोग खाद बनाने और अगरबत्ती बनाने में किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण एक एनजीओ से संपर्क कर रही है। वेस्ट को गढ्?ढे में भरकर साइंटिफिक तरीके से इसको बायो कंपोस्ट खाद में तब्दील किया जाएगा।

इसका प्रयोग प्राधिकरण हार्टिकल्चर विभाग करेगा। इसके अलावा कुछ फूलों का वेस्ट अगरबत्ती और धूप बत्ती बनाने के लिए किया जाएगा। बता दे नोएडा में 20 से 23 फरवरी तक फ्लावर शो का आयोजन किया गया था। इस शो में फूलों से 35 फीट ऊंचा काशी विश्वनाथ मंदिर बनाया गया था। इसे बनाने में ही करीब 45 लाख का खर्चा आया था। इसमें अकेले कई टन फ्लावर का प्रयोग किया गया। इसके अलावा महाकुंभ कलशए आमए हाथीए केतली के अलावा फ्लावर शो का मुख्य गेट भी फूलों से बनाया गया थ। अब इसको हटाया जा रहा है।

इससे निकलने वाले वेस्ट को ही खाद में कंवर्ट कराया जाएगा। नोएडा के त्रिफला पार्क सी ब्लाक सेक्टर-61 में फुटपाथ की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस मलबे से पार्क में टहलने वाले व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। यही कई व्यक्तियों को मलबे से चोट भी लग चुकी है। इस संबंध में कई बार ठेकेदार कंपनी को कहा गया कि मलबा को हटा लिया जाए।

## जनता के सपनों को पूरा करने वाला बजट: कश्यप

- आईटीएस मोहननगर में भाजपा महानगर की संगोष्ठी का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



केन्द्रीय बजट के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में जानकारी देने के लिए किया जा रहा है। जहां आम जन को बजट की खूबियों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

संगोष्ठी से पूर्व प्रदेश के स्वंतत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह भारतीयों के सपनों को पूरा करते हुए विकसित भारत मिशन के लिए लाया गया बजट है। केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट महिलाओंए किसानोंए गरीबों और युवाओं के उ'जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला साबित होगा।

नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर स्लैब लागू नहीं होनाए मध्यम वर्ग को सीधा लाभ देगा। उन्होंने कहा कि हर शहर हर गांव और हर घर में उद्यमी तैयार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। केंद्रीय बजट ने समाज के हर वर्ग को शक्ति प्रदान की है। यह गांव के गरीब किसानों को समृद्धि की राह पर ले जाएगा। गरीबी उन्मूलन और गरीबों के सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं को लेकर रा'यमंत्री ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों के लिए 3 करोड़ घरों और जनजातीय उन्नत ग्राम के साथ 5 करोड़ जनजाति परिवारों की बुनियादी सुविधाओं से जोड़ेगा। ग्राम सड़क योजना में 25 हजार गांवों की पक्की सड़कों से जोड़ेगा जिसका लाभ आम जन को मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू, कार्यक्रम संयोजक सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद उदित मोहन, मंडल अध्यक्ष वरूण नागर आदि मौजूद रहे।

# विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव आज

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार को मोहन सिंह बिष्ट का नाम करेंगी प्रस्तावित

● सत्र के तीसरे दिन नियम 280 के तहत चर्चा और शराब के विनियमन और आपूर्ति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर चर्चा होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन यानी की बृहस्पतिवार को विस उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस पद के भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट के नाम का प्रस्ताव रखेंगी।

आर. के. पुरम से भाजपा विधायक अनिल कुमार शर्मा बिष्ट को सदन के उपाध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश करेंगे। मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा और गजेंद्र सिंह यादव प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। इसके अलावा शराब के नियमन और आपूर्ति पर प्रदर्शन ऑडिट रिपोर्ट पर सीएजी की रिपोर्ट पर भी तीसरे दिन चर्चा जारी रहेगी। इस पद के लिए मैदान में कोई और उम्मीदवार नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई कार्य सूची के अनुसार, उपाध्यक्ष के चुनाव के अलावा, सत्र के तीसरे दिन अंतर्गत 280 के तहत चर्चा भी होगी, जिसके तहत सदस्य अध्यक्ष की अनुमति से मामले उठा सकेंगे। इसके अलावा विधानसभा में दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर चर्चा जारी रहेगी, जिसे मुख्यमंत्री 25 को सदन के समक्ष रखा था।

बिष्ट को इस पद पर निर्वाचित करने के लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। पहला प्रस्ताव मुख्यमंत्री गुप्ता द्वारा पेश किया जाएगा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा इसका समर्थन करेंगे, जबकि दूसरा प्रस्ताव विधायक अनिल कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया जाएगा और गजेंद्र सिंह यादव इसका समर्थन करेंगे। बिष्ट ने पहले कहा था कि अगर उन्हें विधानसभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो वह अपने 25 साल के अनुभव का उपयोग पार्टी की अपेक्षा के अनुसार सदन के संचालन में मदद करने के लिए करेंगे।

दिल्ली की महिलाओं ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई। वह उनका आभार व्यक्त करते हैं। यह राष्ट्रीय राजधानी का सबसे अच्छा विधानसभा सत्र होगा। बिष्ट छह बार के विधायक हैं और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य हैं। इस बार पार्टी ने उन्हें मुस्तफाबाद सीट से चुनाव मैदान में उतारा था और उन्होंने आम आदमी पार्टी के आदिल अहमद खान को 17 हजार से अधिक मतों से से हराया था। इससे पहले, उन्होंने कई बार करावल नगर का प्रतिनिधित्व किया। वह इस सीट से पहली बार वर्ष 1998 में जीते थे और वर्ष 2015 तक इस सीट से विधायक रहे। बिष्ट 2020 में फिर से करावल नगर सीट से जीते।



हर-हर महादेव की उद्घोष के साथ महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रीत विहार स्थित मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो: रंजन डिमरी

# भाजपा की भूमिका की भी जांच हो : देवेंद्र

● कथित आबकारी घोटाले में लोक लेखा समिति बनाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कांग्रेस ने विधानसभा में पेश नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि शराब घोटाले की जांच का दायरा व्यापक किया जाना चाहिए और भाजपा की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने यह सवाल भी किया कि आखिर कैग की सभी 14 रिपोर्ट पेश क्यों नहीं गई और इसमें आबकारी नीति बनने के समय उपराज्यपाल रहे अनिल बैजल की भूमिका को नजरअंदाज क्यों किया गया। देवेंद्र यादव, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित की मौजूदगी में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शराब घोटाले की जांच के लिए लोक लेखा समिति का भी गठन होना चाहिए। कैग की एक रिपोर्ट मंगलवार को विधानसभा में पेश की गई। इसमें अरविंद केजरीवाल सरकार के समय की शराब नीति को लेकर सवाल खड़े किए गए हैं। कांग्रेस को पहले से संदेह था कि इस नीति में बहुत सारी अनियमितताएं हैं, जिससे सरकार के राजस्व पर असर पड़ने वाला है।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच एजेंसियों को शराब नीति से जुड़ी लिखित शिकायत भी दी थी, जिसमें भाजपा के संलिप्त होने के भी सबूत थे। ऐसे में सवाल है कि विधानसभा में शराब नीति से जुड़ी सभी 14 रिपोर्ट पेश क्यों नहीं की गई। यादव का कहना था, वह चाहते हैं कैग रिपोर्ट की लोक लेखा समिति में भी जांच हो।

## आईजीआई का टर्मिनल-2 अप्रैल से रहेगा बंद

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 कोअप्रैल से अस्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा और यह अगले 5 महीने के लिए टर्मिनल 2 सेवा में नहीं रहेगा।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने बताया कि टी2 में अपग्रेड करने की वजह से इसे बंद रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, इस अवधि के दौरान एक रनवे इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) उन्नयन के चलते यह भी ऑपरेशनल नहीं रहेगा। डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि टी1 में चल रहे विस्तार का काम 15 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद आवश्यक मंजूरी मिलने पर इसे संचालन के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

# भाजपा ने आप को भगत सिंह की टूटी मूर्ति दिखाई

● आम आदमी पार्टी शहीदे आजम के नाम पर कर रही राजनीति : उपाध्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शहीद भगत सिंह की खंडित प्रतिमा, मामले की जानकारी लेते मालवीय नगर के विधायक सतीश उपाध्याय।

विधानसभा चुनाव खत्म होने और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद भी राजनीति गरमाई हुई है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में दो मुद्दे हावी हैं। एक नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और दूसरा सीएम और मंत्रियों के कार्यालयों में भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों को लेकर तनातनी है। आलम यह कि विधानसभा में हंगामा करने और कार्यवाही बाधित करने को लेकर आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों को निलंबित कर दिया गया है। इन सबके बीच मालवीय नगर से भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने आम आदमी पार्टी पर भगत सिंह के नाम पर राजनीति करने का आरोप मढ़ा है।

इसी सियासी विवाद के बीच, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक सतीश उपाध्याय ने शहीद भगत सिंह पार्क का दौरा किया और वहां की क्षतिग्रस्त भगत सिंह की प्रतिमा को लेकर आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से इस पार्क में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा खंडित है जबकि यहां से पिछले 10 वर्षों तक आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती थे, लेकिन उन्हें शहीद भगत सिंह की प्रतिमा की कोई चिंता नहीं थी। उपाध्याय ने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल दिखावा करती है और यदि उन्हें शहीद भगत सिंह की इतनी चिंता होती, तो इस पार्क की स्थिति अलग होती। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही इस प्रतिमा को दुरुस्त करें। उपाध्याय ने यह भी कहा कि शहीद भगत सिंह हमारे लिए पूजनीय हैं, और हम राजनीति नहीं, बल्कि काम पर विश्वास रखते हैं। उपाध्याय ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं का दोहरा चरित्र सामने आ गया है। आप नेताओं ने जिस तरह से विधानसभा में भगत सिंह के नाम का दुरुपयोग किया। वह सबके सामने है। आप के नेता अपने भ्रष्टाचार और सीएजी रिपोर्ट से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। यदि आम आदमी पार्टी को देश की आजादी में सबसे ज्यादा योगदान देने वाले नेताओं की कितनी ही चिंता है यह मालवीय नगर के पार्क में खड़ी भगत सिंह की इस क्षतिग्रस्त प्रतिमा को देखकर समझा जा सकता है। भाजपा नेता ने बताया कि स्थानीय लोगों का कहना है कि इसकी सुध लेना यहां के आप के पूर्व विधायक ने कभी भी जरूरी नहीं समझा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में नेता प्रतिपक्ष समेत 21 आप विधायकों को तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिया था।

## भाजपा हमारी आवाज नहीं दबा सकती : कुलदीप



**नई दिल्ली।** विधानसभा के अंदर जय भीम के नारे लगाने पर आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों को तीन दिन के लिए सदन से निष्कासित करने को लेकर आप ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता व विधायक संजीव झा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के अपमान के खिलाफ आवाज उठाने पर भाजपा ने पार्टी के विधायकों को सदन से बाहर करा दिया। भाजपा के राज में जय भीम बोलना गुनाह हो गया है। भाजपा ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से डॉ. आंबेडकर की तस्वीर हटाकर उनकी जगह पीएम मोदी की फोटो लगा दी है। इससे बाबा साहब के अनुयायी आहत हैं। देश का जनतंत्र बाबा साहब के संविधान से चलता है, बाबा साहब से बड़ा कोई नहीं है, लेकिन भाजपा प्रधानमंत्री मोदी को उनसे बड़ा मानती है। संजीव झा और कुलदीप कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विधानसभा सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री कक्ष से बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर हटाकर वहां प्रधानमंत्री मोदी की फोटो लगाई गई। यह देखकर सभी को पीड़ा हुई। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने इस मुद्दे को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की।

## संक्षिप्त समाचार

### सत्यवती ने राजधानी कॉलेज को हराया



**नई दिल्ली।** सत्यवती कॉलेज ने राजधानी कॉलेज को 23-25, 25-13 और 15-9 के स्कोर से हरा कर गार्गी कॉलेज में आयोजित दिल्ली विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की। मौजूदा चैंपियन गार्गी कॉलेज पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, जिसमें डॉ. राकेश कुमार के संयोजकत्व में 42 कॉलेज भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रोफेसर आलोक शर्मा (अध्यक्ष, गवर्निंग बॉडी), प्रोफेसर संगीता भाटिया (प्रिंसिपल, गार्गी कॉलेज) और प्रोफेसर रेनू अग्रवाल (आईक्यूएसी संयोजक) ने किया।

### खेल प्रतिस्पर्धा नहीं, सौहार्द का माध्यम: सुदीक्षा



**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक शांति और खेल भावना के दिव्य संगम को साकार करते हुए 25वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजत जयंती) का भव्य शुभारंभ संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में हुआ। इस शुभ अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। विभिन्न राज्यों से 24 सर्वश्रेष्ठ टीमें प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुई जिनमें पंजाब, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात इत्यादि राज्य प्रमुख है। इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों का अद्वितीय समर्पण, अथक परिश्रम और अटूट उत्साह देखने योग्य है, जो श्रद्धालुओं को रोमांच से भर देगा।

### हाउस टैक्स माफी चुनावी नौटंकी: थान यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने आम आदमी पार्टी के मेयर द्वारा नगर निगम सदन में हाउस टैक्स माफी का प्रस्ताव पास कराने को चुनावी नाटक करार दिया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का कहना है कि आप सरकार ने दिल्ली के गांवों और ग्रामीणों के साथ धोखा किया है क्योंकि यह घोषणा पहले भी दो बार की जा चुकी है। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि हम लगातार गांवों के हाउस टैक्स, पार्किंग चार्ज, कन्वर्जन चार्ज को पूरी तरह माफ करने, गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखने और व्यावसायिक श्रेणी में अधिसूचित करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन इस बार भी निगम सदन के प्रस्ताव में गांवों को पूर्ण रूप से हाउस टैक्स मुक्त नहीं किया गया और न ही ग्रामीणों का जिक्र किया गया।

### निर्मल यमुना नदी का लिया संकल्प



**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि पर्व पर सोनिया विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब ने यमुना नदी के तट पर 'हमारा राग, हमारा अनुराग...यमुना मैया के साथ खेले फाग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यमुना संसद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में यमुना नदी को अविरल और निर्मल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक राज कुमार भाटिया, मोहन सिंह बिष्ट, अनिल गोयल, पूनम शर्मा समेत बड़ी संख्या में यमुना प्रेमी मौजूद रहे। यमुना संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी ने कहा कि हमारा मकसद यमुना के शुद्धिकरण में समाज की सहभागिता सुनिश्चित करनी है।

# धोखाधड़ी मामले में ठग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

फर्जी निवेश योजना में एक व्यक्ति से एक करोड़ रुपए की ठगी करने के छह साल पुराने मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लाहौरी गेट थाने में दर्ज निवेश धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित अपराधी तरुण कुमार को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा के करनाल के रहने वाले कुमार के खिलाफ साल 2019 में मामला दर्ज किया गया था और वह इसके बाद से फरार था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मोहम्मद अशरफ नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता सुनील जुनेजा को कथित तौर पर एक करोड़ रुपए निवेश करने के लिए कहा था और इसके बदले में पीड़ित को 1.25 करोड़ रुपए मिलने का वादा किया था। जुनेजा ने 15 जनवरी 2019 को कुमार और उसके सहयोगी अजीत को निवेश के लिए रकम दी थी और इसके तुरंत बाद कुमार और अशरफ सहित अन्य आरोपी फरार हो गए थे। अशरफ को गिरफ्तार किए जाने के बावजूद कुमार और अन्य आरोपी गिरफ्तारी से बचते रहे। पुलिस को तकनीकी निगरानी के जरिए पता चला कि कुमार हरियाणा के करनाल में है, जिसके बाद 20 फरवरी को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कुमार ने बीबीए की डिग्री हासिल की है और वह बीमा क्षेत्र में काम कर रहा था।

# सेलेक्ट सिटी मॉल के सिनेमाघर में लगी आग

● कोई हताहत नहीं, लोगों को बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल के एक सिनेमा घर में बुधवार को एक फिल्म के प्रदर्शन के दौरान आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मॉल में पीवीआर सिनेमा के एक कोने में शाम करीब 4:15 बजे आग लगने से दर्शकों में दहशत फैल गई।

उस समय सिनेमाघर में छावा फिल्म दिखाई जा रही थी। एक अन्य दर्शक ने बताया कि हॉल में फायर अलार्म बजते ही सभी लोग बाहर भागने लगे। उन्होंने कहा कि बाद में सिनेमा हॉल को खाली करा लिया गया दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें शाम 5.42 बजे आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की छह गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने कहा कि यह छोटी आग थी और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आग पर शाम 5.55 बजे तक काबू पा लिया गया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसे शाम 5.57 बजे साकेत सिटीवॉक मॉल में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस ने एक बयान में कहा, हमें आग के बारे में कॉल मिला और जानकारी देने वाले ने बताया कि कुछ लोग अंदर फंसे हुए हैं। टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया।

आग के कारण कोई घायल नहीं हुआ। आग लगने के समय फिल्म देख रहे वीर सिंह नामक एक दर्शक ने बताया कि शुरू में ऐसा लगा कि यह फिल्म का ही कोई सीन है। उन्होंने कहा, जब लोगों को पता चला कि हॉल के अंदर आग लग गई है और धुआं उठ रहा है, तो लोग चीखने लगे। यह छोटी सी आग थी। जैसे ही फायर अलार्म बजा, सिनेमा हॉल के कर्मचारी अंदर आ गए और सभी दर्शकों को जल्दी से बाहर निकलने के लिए कहा।

## चिड़ियाघर में मादा तेंदुए की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली चिड़ियाघर) में बबली नामक 15 वर्षीय मादा तेंदुए की उम्र संबंधी जटिलताओं और कम खाना खाने के कारण इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई।

एनजेडपी के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नंदनवन से 2018 में चिड़ियाघर में लाई गई मादा तेंदुआ बबली की औसत उम्र पूरी हो गई है, जो आमतौर पर 10-12 साल के बीच होती है। वहीं, कैद में रहने वाले तेंदुए 15-18 साल तक जीवित रह सकते हैं। मादा तेंदुए का पोस्टमार्टम करने के दौरान नमूने एकत्र किए गए और मौत का सही कारण जानने के लिए नमूनों को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में भेजा जाएगा।

# नगर निगम के पार्कों में कचरा फेंकने पर होगी सख्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी ने सभी 12 जोन के पार्कों से ठोस कचरा हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। इस का मकसद लोगों के लिए सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और सौंदर्य बनाए रखना है।

इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए, सभी 12 जोन के उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से कार्रवाई करें और पार्कों से कचरे की पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करें। कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा निर्धारित जुर्माना भी शामिल है। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे 'एमसीडी 311 ऐप' पर अवैध कचरा फेंकने की घटनाओं की शिकायत करें, जिससे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिले।पर्यावरण प्रबंधन सेवा (डैम्स) विभाग और उद्यान विभाग समन्वय स्थापित कर ,पार्कों से कचरा हटाने की प्रगति की नियमित निगरानी करेंगे। समन्वित कार्रवाई व निरंतर निगरानी द्वारा कचरे को व्यवस्थित रूप से हटाया जाएगा और हरे-भरे स्थानों को संवारने का कार्य किया जाएगा। एमसीडी नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली नगर निगम ने आवारा कुत्तों का किया टीकाकरण

● नि:शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



एमसीडी के पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने केशवपुरम जोन के अशोक विहार में नि:शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

यह पहल फ्रेंडिकोस एसईसीए, एबीसी सेंटर बेला रोड, और एबीसी सेंटर तिमारपुर के सहयोग से की गई, जिसका उद्देश्य रेबीज की रोकथाम और जिम्मेदार पशु देखभाल को बढ़ावा देना था। इस कैम्प के दौरान कुल 119 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया गया, जिससे रेबीज नियंत्रण और जनसुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायता मिली। इस शिविर के लिए दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग ने नि:शुल्क एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई।

एमसीडी पशु कल्याण और जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है। रेबीज जागरूकता और टीकाकरण को बढ़ाने के लिए ऐसे अभियान विभिन्न ज़ोन में जारी रहेंगे।

# इंटरनेट की लत छुड़ाने को एम्स में केंद्र स्थापित

● बच्चों और युवाओं के लिए यह बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनकर उभरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मोबाइल और इंटरनेट की लत तेजी से बढ़ रही है। खासकर बच्चों और युवाओं के लिए यह बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनकर उभर रही है।

इसे देखते हुए इंटरनेट की लत और इसकी रोकथाम के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान में अत्याधुनिक सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च ऑन एडिक्टिव बिहेवियर की स्थापना की गई है। यह इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।

यह देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है, जिसे विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के बीच प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्याग्रस्त उपयोग को देखते हुए साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप विकसित करने का काम सौंपा गया है। साथ ही, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के कर्मियों के लिए इन समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन के लिए उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए संसाधन विकसित किए जाएंगे।

डॉ. बल्हारा ने कहा कि उक्त केंद्र इंटरनेट और प्रौद्योगिकी के उपयोग से जुड़े तनाव, अवसाद, चिंता और लत को कम करने में भी मदद करेगा। इस परियोजना पर 14 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित सीएआर-एबी, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों एवं अन्य मेडिकल कॉलेजों के संकाय के साथ साझेदारी करेगा, ताकि इंटरनेट और प्रौद्योगिकी की लत से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय नेटवर्क बनाया जा सके।

# जीवन सुगम बनाने के लिए भाजपा प्रतिबद्धः बराला

## पार्टी ने जारी किया गुरुग्राम के विकास का संकल्प पत्र, कहा- शहर को साफ-सुथरा बनाना हमारा मकसद

- बेसहारा पशुओं से मुक्त होगा नगर, 24 घंटे होगी बिजली-पानी आपूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


नगर निगम के लिए संकल्प पत्र जारी करने के बाद पत्रकारों से बात करते भाजपा के गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला।

गुरुग्राम नगर निगम के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने यहां चौपाल होटल में पत्रकार वार्ता में नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया।

बराला ने दावा किया कि यह गुरुग्राम के विकास और गुरुग्राम के बेहतर भविष्य का संकल्प पत्र है। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र के लोगों का जीवन सरल और सुगम बनाने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध हैं। जनता की सेवा करना भाजपा की प्राथमिकता है। सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार हम सभी मिलकर गुरुग्राम व प्रदेश को विकसित बनाने में पूरी ताकत लगाएंगे।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि संकल्प पत्र को लेकर हमारे मंत्री, विधायक, नेता व हमारी पूरी टीम जनता के बीच जाएगी और लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील करेगी। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को जनता का पूरा आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है, मुझे पूरा विश्वास है कि गुरुग्राम की तरक्की के लिए गुरुग्राम के मतदाता कमल के फूल खिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएंगे।

गुरुग्राम निगम क्षेत्र के लिए बनाए गए संकल्प पत्र के बारे में बोलते हुए सुभाष बराला ने कहा कि 2025 के मानसून सीजन से पहले सड़क मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाएगा। लोगों को तत्काल राहत मिले इसके लिए एआईटी चौक और दक्षिणी रेफेन रोड (एसपीआर) जैसी मुख्य सड़कों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। गुरुग्राम की यातायात समस्याओं को दूर करने के लिए स्मार्ट सिग्नल और एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) को लागू किया जाएगा। बराला ने कहा कि जो व्यक्ति 20 वर्षों से किसी जमीन पर काबिज है उसे मालिकाना हक दिया जाएगा। जो मकान महिलाओं के नाम पर हैं उन्हें 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट दी जाएगी।

बराला ने कहा कि निगम क्षेत्र में 80 नए कचरा संग्रहण वाहन, दैनिक कचरा उठाने के लिए अधिक कर्मचारी और भीड़भाड़ वाले ग्राउंड को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल कचरा प्रसंस्करण सुविधाओं से बदलकर अपशिष्ट प्रबंधन को दुरुस्त करेंगे। संकल्प पत्र जारी करने के दौरान मंच पर जिला अध्यक्ष कमल यादव, मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा, विधायक मुकेश शर्मा, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, हरविन्द कोहली, बोधराज सीकरी, मनीष गाड़ौली आदि नेताओं के अलावा शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।


मानेसर नगर निगम क्षेत्र की कासाबेला सोसाइटी के क्लब हाउस में संकल्प पत्र जारी करते प्रदेश मोहन लाल बड़ौली, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता व प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव।

# 'सुंदर लाल को मेयर चुनें, सभी वादे होंगे पूरे'

- मानेसर के लिए संकल्प पत्र जारी करते हुए बोले मोहन लाल बड़ौली

**पायनियर समाचार सेवा।** मानेसर

### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगाः यादव

**मानेसर से मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव ने संकल्प पत्र जारी करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि वे मानेसर की जनता से यह वायदा करते हैं कि मेयर बनने के बाद क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एक कार्यकर्ता के रूप में भी उन्होंने मानेसर की जनता की हर संभव सेवा करने का प्रयास किया है। अब जनता उन्हें ताकत देगी तो वे सेवा में कोई कमी नहीं आने देंगे।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सुंदर लाल यादव को मानेसर का मेयर बनाएं। संकल्प पत्र का हर वादा पूरा करेंगे। यह बात उन्होंने बुधवार को मानेसर नगर निगम क्षेत्र की कासाबेला सोसायटी के क्लब हाउस में संकल्प पत्र जारी करते हुए कही। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता, मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव, मनोज शर्मा, कासाबेला सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर यादव समेत भाजपा के कई नेता, कार्यकर्ता व सोसायटी के लोग मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र मानेसर निगम क्षेत्र की जनता के सुझावों और आकांक्षाओं का सजीव प्रतीक है। उन्होंने मानेसर की जनता से आग्रह करते हुए कहा कि मानेसर में ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त कर दीजिए। निगम क्षेत्र के लोगों का जीवन सरल बनाना भाजपा सरकार की गारंटी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2025 के मानसून से पहले जलभराव को रोकना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि एनएच-8 पर स्थानीय क्रॉसिंग के लिए अंडरपास विकसित करेंगे। संकल्प पत्र में दिए गए बिंदुओं पर बोलते हुए बड़ौली ने कहा कि मिशन सुधार शुरू करेंगे जिसके तहत गढ़ी, सिकंदरपुर, नाहरपुर, खो एवं मानेसर में सड़क मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देंगे।

बड़ौली ने कहा कि स्वच्छ हरियाली योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत क्षेत्र में सड़क सफाई मशीनें और हर नगर वार्ड में जल छिड़काव की व्यवस्था होगी। हर वार्ड में ऑक्सीजन पार्क, ग्रीन पार्क और जॉगिंग ट्रैक जैसे हरित क्षेत्र विकसित करेंगें। कालोनियों को नियमित करने का काम भी सरकार के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर गांव में कम्युनिटी हॉल और खेल स्टेडियम, शहर में आधुनिक श्मशान घाट का निर्माण, मानेसर की बल्क वेस्ट जनरेटर सोसायटियों पर लगने वाला गार्बेज टैक्स समाप्त करेंगे।

# विकास शब्द अपने शब्दकोष से हटाए भाजपाः उदयभान

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चकरपुर में चुनावी सभा में ही यह बात
- वार्ड-23 में किया चुनाव प्रचार, मेयर प्रत्याशी सीमा पाहुजा भी रहीं मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मंचासीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व अन्य नेता।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा गुरुग्राम, मानेसर के विकास के लिए संकल्प पत्र जारी कर रही है। बड़े-बड़े वादे कर रही है। जनता से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास करने की बात कह रही है। वे भाजपा से पूछना चाहते हैं कि 10 साल तक उनकी ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही थी। उस समय क्या विकास किए। भाजपा को विकास शब्द अपने शब्दकोष से हटा देना चाहिए। क्योंकि इससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। यह बात उन्होंने यहां वार्ड-23 चकरपुर में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी जिले सिंह नंबरदार के समर्थन में चुनावी सभा में बोल रहे थे। इस दौरान कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी सीमा पाहुजा ने अपने लिए और सभी पार्षदों को विजयी बनाने के लिए वोटों की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखबीर कटारिया, मोहित मदन लाल ग्रोवर, वरिष्ठ नेता पंकज डावर समेत चकरपुर की सरदारी व आमजन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल में गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा का बुरा हाल किया है। अपने संकल्प पत्र पर भाजपा को ध्यान देना चाहिए। जब बजट आता है तो भाजपा गौवंश के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती हैं। गौवंश को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में पहुंचाने की बात करती है। स्थिति उसके उलट रहती है। उदयभान ने कहा कि सड़कों की स्थिति सुधारने की बात भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कही है। वे पूछना चाहते हैं कि पिछले 10 साल से उनकी ट्रिपल इंजन की सरकार ने क्या किया है। गुड़गांव का पटौदी रोड, गुड़गांव का झज्जर रोड और गुड़गांव के भीतर के रोड की हालत सबने देखी है। पैचवर्क करके भाजपा चुनाव में अपनी विफलता को ढंकना चाहती है। उस तस्वीर को भाजपा कैसे ढंकेगी जो गुड़गांव की जनता के दिलों में है। वर्षों से लोग यहां पर गड्ढों में अपनी गाड़ियां तुड़वा रहे हैं। जलभराव में गाड़ियां डूबने से खराब हुई हैं। जनता ने जो समस्याएं, परेशानियां झेली हैं, उनका 2 मार्च को चुनाव के दिन मतदाता गिन-गिन कर बदला लेंगे। गुड़गांव की जनता शहर के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस को चुनने जा रही है।

## ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने के मामले में एक आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** खेत में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी के एक आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आरोपी के कब्जा से चोरी का एक पाईपरिंज व दो हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 21 फरवरी 2025 को एक व्यक्ति ने थाना पटौदी में एक शिकायत देकर कहा कि 20 फरवरी को गांव दरापुर, गुरुग्राम में उसके खेत में स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर से किसी अज्ञात द्वारा तेल चोरी कर लिया गया। इस शिकायत पर थाना पटौदी में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा फर्रुखनगर की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए इस केस में एक आरोपी को 25 फरवरी 2025 को भिवाड़ी से काबू किया। आरोपी की पहचान करीम निवासी अलापुर जाट जिला अलवर (राजस्थान) के रूप में हुई।

## पत्नी पर जानलेवा हमला करने का आरोपी पति गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

पत्नी को कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों का घरेलू हिंसा मामले में केस चल रहा है।

पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को सेक्टर-37 पुलिस थाना में एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। घर से निकल जाने की धमकी देता था। महिला ने अपने पति व उसके परिजनों के विरुद्ध घरेलू हिंसा की शिकायत दे रखी थी। उसका पति व ससुराल वालों ने केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि 20 फरवरी 2025 को वह कोर्ट में पेशी के बाद नरसिंहपुर में टाटा पास्को कंपनी के पास से पैदल अपने घर जा रही थी। इसी बीच उसके पति ने अपनी गाड़ी से उसको टक्कर मारकर जानलेवा हमला किया। उसको काफी चोंटे आई। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-37 में केस किया गया। पुलिस थाना सेक्टर-37 पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बुधवार को आरोपी सागर (30) निवासी मोहम्मदपुर झाड़सा को मोहम्मदपुर झाड़सा से गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गुरुग्राम।** निकाय चुनाव के दौरान मतदान केन्द्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार ने निकाय चुनाव क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का मतदान दिवस के दिन टर्न आउट हो। उनके निरीक्षण दौरे में एडीसी हितेश कुमार मीणा, सहायक निर्वाचन अधिकारी अंकित चोकसे व भारत भूषण गोगिया भी उनके साथ रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों के तहत जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर क्या क्या व्यवस्था की गई है इसकी जानकारी मतदाताओं तक पहुँचनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। डीसी ने कहा कि मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने, चिकित्सा किट की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा होने से मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाता बेहतर महसूस कर सकेंगे।

### जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को बकाया टैक्स पर छूट

**गुरुग्राम।** राज्य सरकार ने जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को बकाया टैक्स पर 31 मार्च तक छूट देने का प्रावधान किया है। देय ब्याज और जुर्माने में राहत पाने के लिए करदाताओं को लंबित टैक्स (देय कर) की संपूर्ण राशि का भुगतान 31मार्च तक करना होगा। संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त गुरुग्राम (रेंज) गीतांजली मोर ने गुरुवार को बताया कि हरियाणा सरकार ने अधिसूचना जारी कर जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए बकाया कर पर देय ब्याज एवं जुर्माने में राहत देने की घोषणा की है। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19एवं 2019-20 के लिए जीएसटी अधिनियम,2017 की धारा 73 के तहत बकाया कर की देनदारी वाले कर दाता लाभ ले सकेंगे। ब्याज और जुर्माने में राहत पाने के लिए करदाताओं को देय कर की संपूर्ण राशि का भुगतान दिनांक 31 मार्च तक करना होगा। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि पात्र लाभार्थी तय समय में देयकर का भुगतान कर योजना का लाभ लें। यह योजना व्यापारियों के हित को ध्यान में रखकर लाई गई है।

# हथीन में भारत की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

- पंचायती चेयरपर्सन प्रत्याशी आभा रबिन कुमार दे रही बीजेपी उम्मीदवार को टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** हथीन



जैसे-जैसे निकाय चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, हथीन नगर पालिका चेयरपर्सन का चुनाव दिलचस्प मोड़ में आता जा रहा है। यूं तो हथीन से कई प्रत्याशी मैदान में हैं लेकिन चुनावी फिजा के बीच जहां भाजपा के तमाम बड़े-छोटे नेताओं ने चुनाव में पूरी ताकत लगा रखी है और अपने तमाम नेताओं को चुनावी रण में उतारा हुआ है वहीं पंचायती प्रत्याशी आभा रबीन कुमार भाजपा की तमाम कोशिशों के बाद उनपर हावी नजर आ रही हैं। जिससे भाजपा नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। आभा रबीन कुमार द्वारा भाजपा प्रत्याशी के प्रतिनिधि पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर भाजपा के तमाम बड़े नेताओं चुप्पी साध रखी है। दरअसल भाजपा प्रत्याशी के पति निवर्तमान चेयरमैन हैं निर्दलीय प्रत्याशी का कहना है कि जब भाजपा प्रत्याशी के पति सात वर्ष तक हथीन शहर के चेयरमैन रहे तब उन्होंने हथीन में मौजूद समस्याओं की सुध नहीं ली केवल भय और भ्रष्टाचार की राजनीति की अब चुनावों में उन्हें विकास और समस्याओं के समाधान की याद आ रही है।


गुरुग्राम में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में शिव लिंग पर अभिषेक करते श्रद्धालु।

# मेयर बना तो, मेरी कलम से होंगे जनहित के कामः विजय

- मेयर के निर्दलीय प्रत्याशी ने जनता से की जिताने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


चुनाव प्रचार करते मेयर के निर्दलीय प्रत्याशी विजय सिंह नंबरदार।

आप मुझे मेयर बना दो मैं आपको विकास की सौगात दूंगा। मेरा लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सुविधाएं देना है। इसके लिए आपके वोट की ताकत से मेयर पद मिलना जरूरी है। मैं मानेसर की देवतुल्य जनता को विश्वास दिलाता हूं कि मेरी कलम से जनता के हित के काम होंगे। यह बात मानेसर नगर निगम के चुनाव में मेयर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी शिक्षाविद् डा. विजय सिंह नंबरदार ने चुनाव प्रचार के दौरान कही।

डा. विजय सिंह नंबरदार ने कहा कि उनका राजनीति में आने का कभी कोई इरादा नहीं था, लेकिन जनता की तकलीफों को देखा तो उन्हें आगे आना पड़ा। जनता की समस्याओं को दूर करना ही उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सब अपनी नेक कमाई में से सरकार को टैक्स देते हैं। बदले में सब कुछ सुविधाएं हमें समय पर और सुचारू रूप से मिलनी चाहिए। मगर दुख की बात है कि ऐसा हो नहीं पाता। इसके बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन कोई भी काम ऐसा नहीं है जो नामुमकिन हो। उन्होंने कहा कि मानेसर व इसके आसपास के अनेक गांव अब नगर निगम में आ चुके हैं। तमाम तरह के नियम, कायदे ग्रामीणों को मानने पड़ते हैं। डा. विजय सिंह नंबरदार ने कहा कि यह चुनाव भले ही किसी के लिए मान-सम्मान का हो, लेकिन हमारे लिए जनता के हित का चुनाव है। हमें जनता को साथ लेकर अब भी चल रहे हैं।

# फोटो को अश्लील बनाकर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

- लोन भरने के बाद भी ज्यादा रुपये मांगे थे नहीं देने पर फोटो मार्फ करके करते थे ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

चाइनीज ऐप के माध्यम से लोन को भरने के बाद भी ज्यादा रुपये भरने का दबाव बनाते हुए फोटो मार्फ करके ठगी करने के दो साइबर ठगों को पुलिस ने काबू किया है। आरोपियों के कब्जा से ठगी की वारदातों को अंजाम देने में प्रयोग किए गए पांच मोबाइल फोन व तीन लैपटॉप बरामद किए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके एक अन्य साथी के माध्यम से चाइनीज ऐप्स के माध्यम से लिए हुए लोन की रिकवरी के लिए डाटा तथा लोन लेने वाले व्यक्तियों की फोटो मिलती थी। इसके बाद वे उन फोटो को मॉर्फ करके अश्लील रूप देकर लोगों से लोन भरने के बाद भी ज्यादा रुपये वसूलकर ठगी करने की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग राज्यों में 6 शिकायतें और भी दर्ज हैं।

# फरीदाबाद की सभी 47 सीटों पर खिलाएंगे कमलः मनीष ग्रोवर

- पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया 'बूथ जीता, चुनाव जीता' का मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फ़रीदाबाद


चुनाव संचालन समिति एवं बूथ प्रबंधन की बैठक लेते पूर्व कैबिनेट मंत्री मनीष ग्रोवर।

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि हरियाणा और केंद्र में मिलकर डबल इंजन की सरकार चल रही है और योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के विकास के साथ जनता को भी सशक्त किया जा रहा हैं। भाजपा के लिए जनता में उत्साह और जोश है। लोकसभा और विधानसभा की तरह जनता निकाय चुनाव में भी भाजपा के साथ है। हम एकजुटता के साथ निगम चुनाव लड़ेंगे और इतिहास बनाएंगे। कांग्रेस का आज तक का सबसे खराब प्रदर्शन निगम चुनाव में होने वाला है। दिल्ली की तरह कांग्रेस की जीरो, फरीदाबाद में भी जीरो सीटें होंगी और भाजपा के 47 के 47 कमल खिलेंगे व फरीदाबाद मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी बड़े बहुमत से विजयी होंगी और भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनेगी।

भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर मनीष ग्रोवर में फ़रीदाबाद नगर निगम चुनाव में चुनाव प्रबंधन को लेकर चुनाव संचालन समिति एवं बूथ प्रबंधन की बैठक ली, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक दीपक मंगला, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, ओमप्रकाश रक्षवाल जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, बिजेंद्र नेहरा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, अश्वनी गुलाटी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

# खोखरा जोहड़ के प्राचीन हनुमान मंदिर में महारुद्र यज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


खोखरा जोहड़ के प्राचीन हनुमान मंदिर में किया जा रहा महारुद्र यज्ञ।

महाशिवरात्रि पर वजीराबाद स्थित खोखरा जोहड़ के प्राचीन हनुमान मंदिर में महारुद्र यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ में पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सेंकड़ों ग्रामीणों व सोसाइटी निवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी मयंक शर्मा ने महारुद्र यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली और भोले नाथ का रुद्राभिषेक किया।

शर्मा ने कहा कि भगवान महादेव अपने भक्तों पर विशेष कृपा रखते हैं। केवल जल मात्र के अभिषेक से भी प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि वजीरावाद के खोखरा जोहड़ प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह से ही लोगों का तांता लगा हुआ है। लोगों की मान्यता है कि शिव के दर्शन मात्र से ही इसदिन सारे पाप और दुख संकट समाप्त हो जाते है। वही इस दिन को शिव पूजा का सबसे बड़ा दिन माना जाता है और यही कारण है कि भगवान की शिव की अराधना मात्र से सभी मनोकमाना पूर्ण हो जाती है।

# हरियाणा को पांच दशक बाद मिलेगा राज्य गीत

## स्पीकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिया अंतिम रूप, विधानसभा में कमेटी पेश करेगी अपनी रिपोर्ट

- गीत में दिखेगी प्रदेश के इतिहास,संस्कृति और विकास यात्रा की तस्वीर

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा को गठन के 58 साल बाद पहली बार प्रदेश वासियों को राज्य गीत मिलने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की अध्यक्षता की मौजूदगी में विधायक लक्ष्मण यादव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिसे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में रखा जाएगा।

हरियाणा राज्य गीत चयन समिति की मंगलवार की शाम आयोजित 10वीं बैठक में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी शामिल हुए। बैठक में समिति के सभापति लक्ष्मण सिंह यादव, सदस्य गीता भुक्कल, विनोद भ्याणा, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान उन्होंने कमेटी सदस्यों और अधिकारियों के साथ प्रस्तावित राज्य गीत सुना। प्रस्तावित गीत सुनने के बाद कल्याण ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह गीत प्रदेश का समग्र रूप से परिचय करवाएगा। गीत के बोल और संगीत काफी प्रभावी हैं। समिति इस बारे में जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा आगामी बजट सत्र में राज्य गीत के घोषणा होने की संभावना है। विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि गीत के भाव और भाषा सौंदर्य काफी अच्छा है। गीत की विषय वस्तु में हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, भौगोलिक संरचना और प्रदेश की विकास यात्रा को चित्रित किया गया है। राज्यगीत में प्रदेश की उत्सवधर्मी संस्कृति और हरियाणा वासियों की सादगी जैसी मूल विशेषताओं को इंगित करने का प्रयास किया है। इसमें प्रदेशवासियों के आपसी भाईचारे, शिक्षा और व्यापार का भी विशेष वर्णन है। गीत में जहां हरियाणवी लोक जीवन को काव्यबद्ध किया गया, वहीं इसमें प्रदेश का गौरव बढ़ाते किसानों, वीर-सैनिकों और खिलाड़ियों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।



# राज्य में 27 एचसीएस अधिकारी बनेंगे आईएएस

- प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव को दी मंजूरी
- अब यूपीएससी को भेजा जाएगा सभी अधिकारियों का केस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में आईएएस अधिकारियों की वृद्धि होने जा रही है। प्रदेश के 27 एचसीएस अधिकारियों को जल्द ही आईएएस के पद पर प्रमोट किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने वर्ष 2002 से लेकर 2004 बैच के एचसीएस अधिकारियों को प्रमोट करने के संबंध में अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब सरकार द्वारा यह केस यूपीएससी के पास भेजा जाएगा।

हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2002 बैच के एचसीएस अधिकारियों की प्रमोशन को लेकर प्रस्ताव पहले भी भेजा गया था। जिस समय सरकार ने प्रस्ताव भेजा उस समय एंटी करप्शन ब्यूरो ने एचसीएस भर्तियों में एचपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष, सदस्यों व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। एसीबी ने उस समय चयनित उम्मीदवारों को भी पार्टी बना लिया। जिसके चलते यूपीएससी ने इस संबंध में कोई फैसला नहीं लिया। यूपीएससी ने इस बारे में सरकार से टिप्पणी मांग ली। जिसके आधार पर कानूनी राय ली गई और सरकार की तरफ से 2002 बैच के एचसीएस अधिकारियों को आईएएस प्रमोट करने में अपनी सहमति दी है।

2002 बैच के एचसीएस अधिकारियों को आईएएस प्रमोट नहीं करने के कारण वर्ष 2003 व 2004 बैच के अधिकारियों का केस भी अटका हुआ था। अब सरकार ने सभी की प्रक्रिया को एक साथ शुरू कर दिया है। नियमानुसार एचसीएस से आईएएस प्रमोट करने के लिए वर्ष 2020 के लिए तीन, 2021 के लिए चार, 2022 के लिए आठ, 2023 के लिए 10 तथा 2024 के लिए दो पद तय किए गए हैं।

जिन अधिकारियों को एचसीएस से आईएएस प्रमोट किया जाएगा उनमें वीना हुड्डा, सुरेंद्र सिंह, जगदीप ढांडा, डॉ.सरिता मलिक, कमलेश कुमार भादू, मुनीष नागपाल, कुलधीर सिंह, वत्सल वशिष्ठ, जगनिवास, महाबीर प्रसाद, महेंद्र पाल, सतपाल शर्मा, सुशील कुमार, वर्षा खंगवाल, वीरेंद्र सहरावत, सतेंद्र दुहन, मनिता मलिक, सतबीर सिंह, अमृता सिवाच, योगेश कुमार, डॉ.वंदना दिसोदिया, डॉ.सुभिता ढाका, जयदीप कुमार, संवर्तक खंगवाल, अनुराग ढालिया, योगेश कुमार मेहता व नवीन कुमार आहूजा के नाम शामिल हैं।

# हरियाणा में बनेंगे नए औद्योगिक सेक्टरः सीएस

- अनुराग रस्तोगी ने कार्यभार संभालने के बाद बताया रोड मैप
- एयरोस्पेस व डिफेंस उपकरण उद्योगों को को लाने पर बनेगी नीति

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा है कि हरियाणा में आर्थिक औद्योगीकरण के माध्यम से विकास को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में नए औद्योगिक सेक्टरों को विकसित किया जाएगा। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव ने हरियाणा का रोडमैप पेश करते हुए कहा कि हरियाणा के लिए टेक्सटाइल व ऑटोमोबाइल सेक्टर सबसे अहम हैं।

आने वाले दिनों में इन दोनों क्षेत्रों में नए उद्योगों की स्थापना के लिए नीति तैयार की जाएगी। इसके लिए स्थानों को चिन्हित किया जा चुका है। रस्तोगी ने कहा कि टेक्सटाइल व ऑटोमोबाइल हरियाणा के सबसे पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में से एक हैं। इनकी स्थापना करने वालों को कुछ विशेष सुविधाएं प्रदान करने पर भी सरकार के माध्यम से निर्णय किया जाएगा।

अनुराग रस्तोगी ने कहा कि हरियाणा में एयरो स्पेस व डिफैंस के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं लेकिन यहां इस क्षेत्र के उद्योगों की कमी है। हिसार के आसपास के क्षेत्रों में एयरो स्पेस व डिफैंस औद्योगिक सेक्टर बनाए जाएंगे। नारनौल जिले के नांगल चौधरी में बनाए जा रहे मल्टीलेवल लॉजिस्टिक हब प्रोजैक्ट के बारे में उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार जमीन मालिकों को मुआवजा दिया जाएगा। जिसके बाद हरियाणा के अंतिम छोर पर भी नए उद्योगों की स्थापना होगी।

हिसार हवाई अड्डा संचालन के बारे में मुख्य सचिव ने कहा कि लाइसेंस के लिए आवेदन किया जा चुका है। इसके बाद केंद्रीय टीमों द्वारा गत दिवस फिजीबिल्टी चैक के लिए दौरा किया जा चुका है। दो माह के भीतर लाइसेंस व कमर्शियल आपरेशन शुरू करने की उम्मीद है।

हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले पहले बजट के बारे में मुख्य सचिव ने बताया कि ऑनलाइन तथा ऑफलाइन तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई बैठकों में मिले सभी सुझावों को विभागीय टीमों द्वारा कंपाइल किया जा रहा है।

यह कार्य इसी सप्ताह में पूरा हो जाएगा। इसके बाद तीन व चार मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा विधायकों व मंत्रियों के साथ प्री बजट बैठक की जाएगी। सात मार्च को विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले जनता व जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि 11 या 12 मार्च को हरियाणा विधानसभा का बजट आ सकता है।

# मंदिरों में महाशिवरात्रि पर पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने लोगों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के मंदिरों में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

महाशिवरात्रि के मौके पर लोग सुबह-सुबह ही दूध और फल चढ़ाने के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। कई शिव मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आईं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोगों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन के शिव मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मैंने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा भगवान शिव से प्रदेशवासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री मान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान शिव आप सभी को सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करें। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी लोगों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कटारिया ने इस मौके पर दिए संदेश में कहा, मैं भगवान शिव के सभी भक्तों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उनकी दिव्य कृपा सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए।

हरियाणा के राज्यपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरियाणा एवं समस्त देशवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। दत्तात्रेय ने कहा, महाशिवरात्रि एक पवित्र अवसर है जो भक्ति, आत्म-अनुशासन और सत्य की खोज को प्रेरित करता है। यह सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए भगवान शिव का आशीर्वाद मांगने का समय है।



अमृतसर में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में प्रार्थना करने के लिए कतार में लगे हुए।

# मेयर प्रत्याशी सुंदर लाल के साथ आए डॉक्टर्स व नौरंगपुर के सरपंच

- मानेसर से महापौर प्रत्याशी ने शुरू किया धुआंधार प्रचार
- गांवों व सोसाइटियों में जाकर बड़े-बुजुर्गों का ले रहे आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मानेसर से भाजपा के मेयर प्रत्याशी को समर्थन देने वालों में होड़ मची है। बुधवार को मानेसर नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले, काम करने वाले डॉक्टर्स ने उन्हें समर्थन देकर विरोधियों में खलबली पैदा कर दी। साथ ही नौरंगपुर गांव के सरपंच प्रदीप यादव ने भी सुंदर लाल को समर्थन दे दिया है।

मानेसर क्षेत्र के डॉक्टर्स ने भी भाजपा मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल को समर्थन दिया। डॉक्टर्स ने कहा कि सरपंच सुंदर लाल को मानेसर क्षेत्र में हमेशा जनहित, जनसेवा के काम करते हुए उन्होंने देखा है। चाहे कोई सोसायटी हो, डिस्पेंसरी हो, स्कूल हो, हर जगह पर उन्होंने प्रयास करके सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया है। उनकी जीत क्षेत्र के विकास के लिए अहम और बहुत जरूरी है। डॉक्टर्स ने कहा कि हम सब उनकी जीत का हिस्सा होंगे।

बुधवार को मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल के समर्थन में नौरंगपुर गांव के सरपंच प्रदीप यादव भी आ गए। उन्होंने सुंदर लाल को खुला समर्थन देते हुए उनकी जीत में अधिक से अधिक वोट दिलवाने का आश्वासन दिया। सरपंच सुंदर लाल के सेक्टर-82 स्थित कार्यालय पर पहुंचे प्रदीप यादव का सुंदर लाल ने समर्थन के लिए आभार जताया। विश्वास दिलाया कि मेयर बनकर वे अपने क्षेत्र के हर पंचायत प्रतिनिधि रहे सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे। क्षेत्र का समान विकास करेंगे। मानेसर नगर निगम से भाजपा के मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल ने अपने प्रचार में तेजी करते हुए धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया है। एक के बाद एक कार्यक्रमों के माध्यम से वे क्षेत्र के मतदाताओं से, बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद ले रहे हैं। मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि कहा कि मानेसर नगर निगम का गठन होने के बाद यह हमारा पहला चुनाव है। इस चुनाव में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास के कार्यों को और तेजी से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र में उन्होंने धरातल पर काम किया है। उन्हें क्षेत्र की हर समस्या का पता है। यहां के हर गांव, हर गली के बारे में उन्हें जानकारी है कि कहां पर क्या समस्याएं हैं। उनका तय समय में समाधान भी वही करवाएंगे।



मानेसर से भाजपा के मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव को समर्थन देने पहुंचे डॉक्टर्स।



# फरीदाबाद में खुला बर्जर कम्पनी का डोको स्टोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद के सेक्टर तीन में बर्जर पेंट का ए आर इंडस्ट्रियल ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से शोरूम खोला गया है। जिसका उदघाटन शाखा प्रबंधक मनीष विजय ने किया। इस मौके पर गौरव चौहान, निशांत, करण व सुमित व रितिक भी मौजूद रहे।

शोरूम संचालक अरविंद नेगी ने कम्पनी अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे ग्राहकों के हित में कंपनी के प्रत्येक प्रोडक्ट को अपने शोरूम पर उपलब्ध करवाएंगे इस शोरूम के खुलने से ग्राहकों को दूर दराज के शो रूम में नहीं जाना पड़ेगा। अब ग्राहक को उनके समीप में ही बर्जर कम्पनी के मनपसंद व ओरिजिनल उत्पाद मिल सकेंगे। शोरूम की खासियत यह भी होगी कि ग्राहकों को एक्सप्रेस पेंटिंग सर्विसेज के अलावा सभी तरह के पेंट,, पॉलिश, वाटर प्रूफिंग समेत अन्य प्रोडक्ट मिल सकेंगे। शोरूम पर ग्राहक बर्जर माई कलर ऐप से मनपसंद कलर का चुनाव कर सकेंगे। पेंट के बाद आपका घर कैसा होगा। यह भी आप देख सकेंगे। शाखा प्रबंधक मनीष विजय ने कहा कि बर्जर कम्पनी हिंदुस्तान की सेकंड लार्जेस्ट पेंट कंपनी है। जो ग्राहकों के अनुरूप मनपसंद प्रोडक्ट का उत्पादन करती है, ताकी उनकी कंपनी के प्रति विश्वस्नीयता निरंतर बढ़ती रहे।

# हॉलैंड से आए श्रद्धालुओं ने श्री रामेश्वर मंदिर में किया अभिषेक

कुरुक्षेत्र। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर महादेव मन्दिर में स्थित विश्व के दुर्लभ स्फटिक मणि शिवलिंग को सजाया गया। श्रद्धालुओं एवं यजमान परिवारों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजन व अभिषेक गया। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ का अदभुत सुंदर श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। श्री जयराम विद्यापीठ में महाशिवरात्रि पर अभिषेक एवं पूजन के लिए विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला एवं प्रबंधक रोहित कौशिक ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हॉलैंड से आए श्रद्धालुओं ने विदेश में रहकर भी भारतीय सनातन परम्परा के अनुसार श्री जयराम विद्यापीठ के श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में हर हर महादेव के उदघोष के साथ रुद्राभिषेक किया।

# जनता ने हर वार्ड में कमल खिलाने का बनाया मनः जोशी

- प्रवीण बत्रा जोशी को बड़खल में मिला भरपूर जन समर्थन
- कहा- ट्रिपल सरकार को तेज गति से चलाकर विकास को आगे बढ़ाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी बुधवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम किए और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों की जीत के लिए नगर निगम के मतदाओं से अपील की। कार्यक्रमों में लोगों ने हाथ उठाकर अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को दिया। इस मौके पर मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने वार्ड 23 के लेकव्यू सिटी में पार्षद प्रत्याशी गजेन्द्र भड़ाना, अनंगपुर गाँव में वार्ड-21 से पार्षद प्रत्याशी वीरेंद्र भड़ाना (बिंदे) के लिए रोड शो किया। मेयर प्रत्याशी ने बड़खल में वार्ड-18 से पार्षद प्रत्याशी कर्मबीर बैसला, एनआईटी गुरुद्वारे में वार्ड-15 से पार्षद प्रत्याशी जसवंत सिंह और वार्ड-12 से पार्षद प्रत्याशी सुमन बाला, वार्ड-13 से हरिकृष्ण गिरोती, वार्ड-16 से मनोज नासवाव, वार्ड-17 से शोभा, वार्ड-19 से जगत सिंह, वार्ड-20 से संदीप चपराना, वार्ड-22 से हरेंद्र कुमार भड़ाना के लिए जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट अपील की। उन्होंने लोगों से वोट अपील करते हुए कहा कि मेयर के साथ पार्षद प्रत्याशियों को भी बड़े बहुमत से विजयी बनाना है।



# श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

कुरुक्षेत्र। मारकंडा नदी के तट पर महाशिवरात्रि का पर्व श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर पूजन कर जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, पंचामृत से अभिषेक किया। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी की प्रेरणा से पूरा दिन मंदिर में शिव भक्त पहुंचे। विद्वान ब्राह्मणों ने अलग अलग पहर का अभिषेक व पूजन कराया। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि शिवरात्रि आदि देव भगवान शिव और महा शक्ति के मिलन का महापर्व है।

# शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई मूर्ति स्थापना

- भजन कीर्तन के बीच शिव परिवार, मां दुर्गा व हनुमान जी की रखी गई मूर्ति
- खेल मंत्री गौरव गौतम, उपायुक्त ने कार्यक्रम में की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पलवल के गांव बघौला के प्राचीन शिव मंदिर में मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कर शिव परिवार, मां दुर्गा व श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई। इससे पूर्व में भजन कीर्तन कर पूरे गांव की परिक्रमा कर शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा माहौल राम मय बना रहा।

प्रदेश के खेलमंत्री गौरव गौतम ने बतौर मुख्यातिथि व पलवल डीसी हरीश कुमार वशिष्ठ ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत कर मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद रूपी आशीर्वाद लिया।



# नाबालिग को बंधक बनाकर कराया जा रहा था काम, पुलिस ने बचाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को एक घर से रेस्क्यू किया है। आरोपी है कि नाबालिग को बंधक बनाकर उससे घरेलू कार्य करवाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 13 फरवरी को थाना पालम विहार में महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड भवन दिल्ली से एक शिकायत मिली। शिकायत में कहा गया कि झारखंड की एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को गुरुग्राम के विभिन्न स्थानों पर बंधक बनाकर घरेलू कार्य कराया जा रहा है। उसे घर नहीं जाने दिया जा रहा। गुरुग्राम पुलिस नाबालिग लड़की को रेस्क्यू करने के लिए दिए गए पते पर पहुंची, लेकिन नाबालिग लड़की वहां पर नहीं मिली।

फिर 24 फरवरी को पुलिस द्वारा एक रेस्क्यू टीम बनाकर नाबालिग लड़की की तलाश की गई। सेक्टर-23 में एक मकान से नाबालिग लड़की को बरामद किया गया।

PUBLIC NOTICE

Our Client Smt. Alka Luthra intends to get her Husband's (lt. Sh. Sunil Luthra) self-acquired property Flat 03-09-08 (T-3) at Golden leaf crescent, valley view estate, Gurugram, registered in her name. Any claim/interest contrary to that may be submitted along with documents within 15 days of this publication.

Kunal Kahol, (Advocate)
E-171, Gf, GK-III, New Delhi-110048

PUBLIC NOTICE

I, Ashwani Sharma, son of Late Sh. Dinesh Kumar, resident of 578, Sector-15, Part-1, Gurugram do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That I am contesting the election of Member from Ward No. 13 of the Municipal Corporation Gurugram as a candidate set up as Independent.

2. That I hereby declare that, at the time of filing of the nomination form, a criminal case bearing FIR. No. 0288/2017, registered at Police Station Civil Lines, Sector-15, Part-2, Opp. Galaxy, Gurguram under Section 279, 336, 337 & 338 of the Indian Penal Code 1860 is under trial adjudication against me before the Hon'ble Court of Ms. Anshuman, Judicial Megistrate, 1 Class, Gurugram, vide case No. HRGR 030261232017 (Ch11895).

PUBLIC NOTICE

Notice hereby given to Public at Large stating that Current owner- Mr. Avnesh Kumar S/o Mr. Mohan Lal & Mr. Manvir Kumar S/o Mr. Mohan Lal. He is the Owner of Residential House built on Plot of Land area measuring 27 sq. yds., i.e 25.57 sq. mtrs., comprised of Khasra No. 635, situated at New Harbans Nagar, Village Ghukna, Pargana, Pargana-Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, (U.P.), duly registered as Doc. No. 14076, Book No. 1, Vol. No. 42820, Pages 217-240, registered on dated 28.12.2023.It is notified that the Plot Number is missing in the sale deed which was Bounded as EAST:- Plot of Sunairi WEST:- Plot of Jaiprakash, NORTH:- Plot of Others, SOUTH:- Passage 11 Ft. wide. and as per site, EAST:- House of Kashmir, WEST:- House of Pappu, NORTH:- Plot of Others, SOUTH:- Gai 11 Ft. Wide.He is now mortgaging the said Plot in Niwas Housing Finance (Formerly known as Indostar Home Finance Pvt Ltd)- Sanjay Nagar Branch, Ghaziabad- 201204. Anyone having an objection can raise their claim within 7 days from the date of Publication to.

NCR LAW ASSOCIATE (Advocate)- NCR Law Associate- A-98, Sector-9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, U.P.

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Dheeraj Kumar Verma S/O Late Radhy Shyam Verma R/O A/427 Awas Vikas Road Rajendar Nagar Bareilly U.P.- 243122 have changed the name of my minor son YuganSh, aged 13 years and he shall hereafter beknown as Rudraksh Soni.

PD(1589)C

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Pawan Garg is owner of Entire Ground Floor without roof rights of Property bearing No.110, ad-measuring 60 sq. mtrs., in Pocket-5, situated at Sector-22, in the layout plan of Rohini Residential Scheme, Rohini, Delhi; hereinafter referred to as "the said property", by virtue of Relinquishment Deed dated 26.05.2020 (bearing Doc. No.1177) executed by Mr. Ishwar Singh Garg, Mr. Jagdish Garg, Mr. Satish Kumar Garg, Mr. Bal Kishan Garg and Mrs. Komal Aggarwal. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to take loan facility against the said Ground floor, from our client i.e. ICICI Bank Ltd. If anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Pawan Garg in respect of the said floor, its title/ its sale/ and/or mortgage, and any other kind of objection/litigation etc., kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Rekha Chandra & Mr. Ritesh Chandra are the jointly claiming owners of Residential Flat Bearing No. 703, on Seventh Floor, Super area measuring 1895 sq. ft., in Building/ Tower Yantra of "Paramount Symphony", situated in the Plot no.6, in the Township known as Crossings Republick, Dundahera, Ghaziabad, U.P.; "the said property" after demise of Late Ms. Rohini Chandra & Mr. Ramesh Chandra who was owner of above said property by virtue of Sale Deed dated 29.03.2012, Doc no. 2833, executed by M/s Paramount Residency Private Limited. All persons are hereby informed that Mrs. Rekha Chandra & Mr. Ritesh Chandra want to sell the said property to Mr. Gagan Kandhari or his nominee who is taking Home Loan facility for purchase of the said property from our client, i.e. IndusInd Bank Ltd. if anybody has any objection/s upon the claiming ownership of Mrs. Rekha Chandra & Mr. Ritesh Chandra over the said property, its sale, mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client Balraj Singh Negi is the owner and is in process to avail the LAP against his property Space bearing no. 103, on first floor without roof rights, having its super area 60.87 sq. mtrs., plinth/covered area 46 sq. mtrs., (said space), out of Plot no. 1-A, measuring area 325 sq. yds., part of Plot no. 1, measuring 500 sq. yds., out of Khasra no. 456, in the area of Village Mandawali Fazalpur, in the abadi of Aruna Park, in Block-C, now known as Property no. C-1/A, building known as "Sikka Ms Chamber", Aruna Park, Laxmi Nagar, Vikas Marg, Delhi-110092; (availing loan from AU Small Finance Bank), having acquired the same vide Sale Deed dated 2/7/2019 Doc no.4371 executed by Kavita Khullar. He confirmed that below mentioned Document pertaining to the Property in Question is not available with him and for the same, he already lodged the FIR dated 17/6/2023.

Original Sale Deed dated 23.08.1996 executed by M/s Sikka Promoters Private Limited in favour of Mrs. Savita Arora and Mrs. Suman Arora (Doc. No. 4476)

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 07 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

## स्वतंत्रता महत्वपूर्ण

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**सुप्रीम कोर्ट** ने स्वागत योग्य निर्देश दे कर पुनः स्पष्ट किया है कि जमानत और स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने एक हालिया फैसले में बहुत व्यावहारिक राय सामने रखी है जिसका लोकतंत्र के कामकाज पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कैलाश कुमार बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य में उच्च न्यायालय का एक आदेश खारिज कर दिया जिसमें आरोपी को जमानत से इनकार किया गया था। इस प्रकार उसने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को महत्व दिया है। यह फैसला व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति न्यायपालिका की प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए यह सुनिश्चित करता है कि अदालतें व्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं करेंगी। स्वतंत्रता भारतीय संविधान का महत्वपूर्ण सिद्धान्त है जिसे अनुच्छेद 21 में स्थान दिया गया है। इसके अनुसार किसी व्यक्ति को विधिक प्रक्रिया को छोड़ कर उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता है। इस संदर्भ में जमानत मनमानी हिरासत से सुरक्षा देते हुए यह सुनिश्चित करती है कि दोषी सिद्ध होने तक आरोपी स्वतंत्र रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने लगातार कहा है कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। ऐसा खासकर उस स्थिति में है जब आरोपी विधिक प्रक्रिया के लिए खतरा नहीं पैदा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय का निर्णय उलटते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस व्यापक न्यायिक सिद्धान्त के अनुरूप है



कि जमानत एक अधिकार है और इसे अदालतों के विवेकाधिकार पर विशेषाधिकार की तरह नहीं समझा जाना चाहिए। माना जाता है कि सुनवाई-पूर्व हिरासत दंडात्मक न हो कर सुनवाई में आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करने का माध्यम होना चाहिए। अनेक फैसलों में अदालत ने स्पष्ट किया है कि जब तक दुर्व्यवहार के स्पष्ट प्रमाण न हों तब तक जमानत से इनकार करना व्यक्ति के मूलाधिकारों का उल्लंघन होगा। लेकिन अदालतों को आरोपी के अधिकारों तथा न्याय व समाज की सुरक्षा के बीच संतुलन अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस बात की पुनः पुष्टि निचली अदालतों को याद दिलाने के लिए है कि जमानत एक मूलाधिकार है जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतीक है। न्यायपालिका को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि जमानत के निर्णय आरोपी की संलिप्तता की विषयनिष्ठ व्याख्या के बजाय विधिक सिद्धान्तों से निर्देशित हों। इस विचार का दूरगामी प्रभाव होने की उम्मीद है जिससे अनेक विचारधीन कैदियों, खासकर राजनीतिक एक्टिविस्टों की किस्मत तय हो सकती है जो जेलों में बंद हैं। उदाहरण के लिए, फरवरी, 2025 में कुछ लोगों को 2020 में दिल्ली दंगों के संबंध में आरोपी बनाया गया था और वे जमानत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इनमें उमर खालिद, शर्जील इमाम तथा ताहिर हुसेन शामिल हैं। लगातार जमानत की प्रार्थनाओं के बावजूद अदालतो ने उनको राहत देने से इनकार किया है। न्यायपालिका को देश-दुनिया में बढ़ते अपराधों, अपराधियों की मानसिकता तथा समाज की व्यवस्था बाधित करने में उनके द्वारा संभावित गतिविधियों को भी ध्यान में रखना होता है। विडंबना है कि अनेक अपराधी अपने आपराधिक कृत्यों को किसी खास विचारधारा या कट्टरपंथी धार्मिक विचारों के आधार पर सही ठहराते हैं। ऐसे अपराधियों को सुनवाई के समय जेल में बंद रखना जरूरी हो सकता है क्योंकि जमानत पर उनकी रिहाई से समाज में गलत संदेश जाता है जिससे दूसरे नौजवानों में आपराधिक प्रवृत्ति पैदा हो सकती है। अतीत में न्यायपालिका ने अनेक निरोधक नजरबंदी कानूनों को समाप्त किया, पर प्रशासन को समय की आवश्यकता को देखते हुए ऐसे या इससे भी कठोर कानून पुनः बनाने पड़े। अतः सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश को कार्यपालिका की सीमाओं तथा समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकताओं के साथ रख कर देखना उचित होगा।

# उच्च शिक्षा में महिलाओं का योगदान

**महिला अकादमीशियन व उद्यमी न केवल संस्थाओं को स्वरूप दे रही हैं, बल्कि अपनी प्रतिबद्धता और दृढ़ता से भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को गति दे रही हैं।**



**सुजाता क्षीरसागर**
(लेखिका, एक संस्थान की प्रमुख हैं)



महिलायें आज अकादमिया या शिक्षा, मीडिया, स्वास्थ्यरक्षा, सशस्त्र बलों व अन्य अनेक क्षेत्रों में सामने आ कर नेतृत्व कर रही हैं। पहले महिला नेतृत्व को स्वीकार करने की तुलना में आज देश में व्यापक परिवर्तन आया है। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य भी मजबूत महिला-नीत बल के कारण बदल रहा है। उन्होंने देश की प्रगति की नीव डाली है, सामाजिक-आर्थिक प्रगति के अवसर खोले हैं, तथा आत्मनिर्भरता व जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि की है। कहने की आवश्यकता नहीं कि 'विकसित भारत' की यात्रा में महिला सशक्तीकरण हेतु शिक्षा आवश्यक है। शिक्षित महिलायें परिवर्तन लाती हैं, परिवारों को ऊपर उठाती हैं, समुदायों को मजबूत करती हैं तथा राष्ट्रीय प्रगति सुनिश्चित कर भावी पीढ़ियों पर स्थाई प्रभाव छोड़ती हैं।

जहां तक नेतृत्व का सवाल है, आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय उच्च शिक्षा में पुरुष प्रभुत्व बना हुआ है, हालांकि महिलायें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। 2021 में भारतीय उच्च शिक्षा में महिला नेतृत्व केवल 9.55 प्रतिशत था, जबकि पुरुष 89.57 प्रतिशत नेतृत्व दे रहे थे। इससे अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं का नेतृत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि हम भारत की तुलना अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य से करें तो व्यापक कमी सामने आती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक सर्वोच्च 200 विश्वविद्यालयों में से 25 प्रतिशत का नेतृत्व महिलायें कर रही हैं। अच्छी खबर है कि यह तस्वीर तेजी से बदल रही है और खासकर पिछले कुछ साल में बदली है।

अतीत में भी देश ने अनेक दूरदर्शी महिला नेताओं को देखा है जिनमें सावित्रीबाई फुले जैसी समाजसुधारक हैं जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिल कर भारत में 1948 में लड़कियों का पहला स्कूल स्थापित किया था और इस प्रकार महिला शिक्षा तथा सामाजिक न्याय की पैरोकारी की थी। उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने वाली अन्य उल्लेखनीय व व्यावहारिक महिला नेताओं में 'लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी' की प्रो-चांसलर सुश्री रश्मि मित्तल तथा 'नोयडा इंटरनेशनल युनिवर्सिटी' की उप-कुलपति डा. उमा भारद्वाज, 'चित्कारा युनिवर्सिटी' की प्रो-चांसलर डा. मधु चित्कारा शामिल हैं। 42 साल के व्यापक अनुभव वाली उच्च शिक्षा उद्यमी डा. चित्कारा ने एक सफल विश्वविद्यालय बनाया है।

दिल्ली-एनसीआर में 'शिव नाडार युनिवर्सिटी' की उप-कुलपति डा. अनन्या मुखर्जी के संस्थान को 'इंस्टीट्यूशन आफ इमीनेंस' माना गया है। इसके साथ ही बिजनेस और उद्यमिता के क्षेत्र में महिला नेताओं ने उभरते भारतीय युवाओं को प्रेरणा दी है। इनमें किरन मजूमदार शा तथा इंदिरा नूई खासतौर से उल्लेखनीय महिला नेता हैं जिन्होंने खोज एवं समावेशी परिवेशों से भारतीय उच्च शिक्षा में बदलाव किए हैं। नेतृत्वकारी स्थितियों में ज्यादा महिलाओं से विविधता प्रोत्साहित होगी तथा अकादमिक क्षेत्र को नए आयाम मिलेंगे। अपने प्रयासों से वे भारत में भावी पीढ़ियों को ज्यादा प्रगतिशील और समतापूर्ण शिक्षा परिदृश्य विकसित करने की प्रेरणा दे रही हैं।

हालांकि, महिलाओं को अकादमिक क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिनमें एक ओर सामाजिक पूर्वाग्रह तथा दूसरी ओर संस्थानों में पैदा बाधायें शामिल हैं। अनेक महिलायें अब भी अपने खिलाफ अनेक पूर्वाग्रहों का सामना कर रही हैं जिनका संबंध खासकर परंपरागत क्षेत्रों में नेतृत्व की उनकी क्षमता से है। महिलाओं को 'मेंटर' प्राप्त करने तथा अपनी पेशेवर प्रगति के लिए नेटवर्क बनाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। दुनिया भर में महिला नेताओं के लिए मुख्य मुद्दों में 'वर्क-लाइफ बैलेंस' तथा वरिष्ठ नेतृत्वकारी स्थितियों में कम उपस्थिति है। भारत ने देश भर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी के माध्यम से महिला फैकल्टी के उन्मुखीकरण व प्रशिक्षण के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करना तथा उनको उचित कौशलों और ज्ञान से लैस करना है।

अन्य देशों में ऐसे कार्यक्रम बनाए गए हैं जिनमें अकादमिक क्षेत्र में महिलाओं द्वारा बाधायें तोड़ने के लिए नेतृत्वकारी प्रशिक्षण व समावेशन पर ध्यान दिया गया है। कुछ देशों ने अकादमिक क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या में शानदार वृद्धि दर्ज की है, लेकिन इसके बावजूद भारत समेत बाकी दुनिया को इस संबंध में लंबा रास्ता तय करना है। शिक्षा में सशक्तीकरण का अर्थ केवल पहुंच का सवाल न होकर इसमें महिलाओं को शिक्षकों, नेताओं व माडलों की भूमिका देना भी शामिल है। स्कूलों और कालेजों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि लड़कियों के लिए एक प्रेरणादायक बल का काम करती है जिससे वे अकादमिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ती हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों के नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका के बारे में विविधतापूर्ण विचार एक समावेशी व खोजी परिदृश्य तैयार करते हैं। महिला प्रोफेसरों ने प्रगतिशील शिक्षा नीति तथा शोध की गुणवत्ता में रीढ़ की हड्डी जैसा काम किया है। अब महिलायें अनेक महत्वपूर्ण विभागों तथा शोध संस्थानों का संचालन कर रही हैं जो विश्वविद्यालयों के जीवन में उनके बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है।

लड़कियों व महिलाओं के लिए खासकर 'स्टेम' क्षेत्रों में कार्यक्रमों व फेलोशिप ने रचनात्मकता और उत्कृष्टता का संसार बनाने में सहायता की है। वर्तमान समय में भारत के कुछ सर्वाधिक हाई-प्रोफाइल विश्वविद्यालयों व संस्थानों में महिलायें शिखर पर हैं। वे शिक्षा तक ज्यादा पहुंच पैदा करने के साथ ही उसे समतापूर्ण बना रही हैं। महिला नेता अकादमिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग संस्थानों समेत महिला-नीत संस्थान हजारों छात्रों को दिशा दे कर उनकी महत्वाकांक्षाओं को स्वरूप दे रहे हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि महिला नेता शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन कर रही हैं तथा वे अच्छी प्रबंधक हैं।

महिलायें शिक्षक तथा परिवर्तन की वाहक हैं। वे समावेशन को बढ़ावा देने तथा समुदायों को सशक्त बनाने के माध्यम से खाली स्थान भर कर अच्छे नेता की भूमिका अदा कर रही हैं। शक्तिशाली, समाधान-केन्द्रित व प्रतिक्रियात्मक कार्यबल के रूप में महिलायें खासकर अपरिहार्य हैं क्योंकि वे न केवल आर्थिक प्रगति, बल्कि सामाजिक न्याय भी सुनिश्चित करती हैं। शिक्षा में महिलाओं की सर्वाधिक प्रभावशाली भूमिका प्रौढ़ साक्षरता तथा कौशल विकास में दिखाई देती है। महिला शिक्षकों ने ग्रामीण व हाशियाकृत समुदायों में साक्षरता दर बढ़ाने के साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियां बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महिला उद्यमी भी पूरे भारत में सीखने की दिशा में विभिन्न खोजी समाधानों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं। महिला वित्तपोषकों के 'एडटेक' प्लेटफार्म ने परिवर्तनशील माडलों, डिजिटल क्लासरूम प्रयोगों तथा एआई-आधारित विश्लेषकों को प्रोत्साहित किया है। इससे उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है तथा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक उनकी पहुंच बढ़ी है। सामाजिक विकास तथा तकनीकी शिक्षा एक दूसरे की सहायता कर रहे हैं। उच्च शिक्षा में महिला नेताओं की संख्या बढ़ाना न केवल उच्च शिक्षा, बल्कि जेंडर समानता के लिए भी जरूरी है जो भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020-एनईपी में अकादमिक क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता का महत्व समझ कर अनेक सुधारों का प्रस्ताव किया गया है।

उच्च शिक्षा में नेतृत्व प्रशिक्षण तथा मेंटरशिप सुविधाओं के माध्यम से भारत अकादमिक नेताओं के रूप में महिलाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। 'विकसित भारत' तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण तथा भारत के 'जनसंख्या लाभांश' का लाभ उठाने के लिए महिलाओं की उच्च शिक्षा में सहभागिता बढ़ाना जरूरी है। इससे भारत को 'विश्व गुरु' बनाने में भी उल्लेखनीय योगदान मिलेगा।

# शिव और शक्ति की रात्रि है शिवरात्रि

> शिव एक अनुभव है। यह अनुभव गुरु के चरणों में शुरू होता है और साधक की क्षमता के अनुसार प्रकट होता है।

**अश्विनी गुरुजी**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



शिवरात्रि शिव और शक्ति की रात्रि है, विलय की रात्रि है, पूर्णता की रात्रि है - इसे समझना एक साधना है...जो कई जन्मों तक चल सकती है या एक क्षण में पूरी हो सकती है, एक सुंदर यात्रा जो मार्ग में असंख्य सिद्धियां प्रदान करती है...शिव एक अनुभव है। यह अनुभव गुरु के चरणों में शुरू होता है और साधक की क्षमता के अनुसार प्रकट होता है। रावण ने इसका वर्णन करने के लिए शिव तांडव स्तोत्र की रचना की। आदि शंकराचार्य ने कहा न पापं, न पुण्यं, न सौखं, न दुखं... यह वर्णन करने के लिए कि यह क्या नहीं है। ये श्रेष्ठतम कोटि के शिव साधक थे, एक दुर्लभ घटना। उन्होंने जो वर्णन किया वह शिव का उनका अनुभव था; शिव हालांकि वर्णन से परे हैं, क्योंकि जो असीम है उसे शब्दों और अर्थों में नहीं बांधा जा सकता। इसलिए कोई भी पढ़ाई-लिखाई आपको अनुभव प्रदान नहीं कर सकती, उस अनुभव को प्राप्त करने के लिए आपको गुरु के अधीन साधना के मार्ग पर चलना होगा।

शिव का पहला अनुभव गुरु की शक्ति यह स्वास्थ्य, संबंध, नौकरी आदि हो सकता है। यह शिव तत्व का आपका अनुभव बन जाता है - जिसने अप्रकट को प्रकट किया है। वर्तमान समय में ध्यान आश्रम में ऐसे प्रकटीकरणों के उतने ही उदाहरण हैं जितने अतीत में ऐसे साधकों के आख्यान हैं जो अपनी इच्छानुसार वरदान पाने में सक्षम थे।

हालांकि, वह वरदान या प्रकट इच्छा, शिव का केवल एक पहलू है। 90 प्रतिशत लोग अनुभव से संतुष्ट थे और उनका ध्यान शिव से हटकर उस वस्तु पर चला गया जिसे वे चाहते थे। इसलिए उनके लिए शिव का अनुभव उसी तक सीमित हो जाता है। शिव के हज़ारों नाम



यहीं से निकले हैं। जो लोग अपना ध्यान भटकने नहीं देते, वे शिव के आयाम में आगे बढ़ते हैं। इसके बाद, योग की सूक्ष्म सिद्धियां प्रकट होने लगती हैं - दिव्यदृष्टि, दिव्यश्रवण, पूर्वाभास, अतीन्द्रिय बोध आदि। कई लोग इसे परम मान लेते हैं और यहीं अपना अनुभव समाप्त कर देते हैं। वे इस तरह प्राप्त सिद्धियों और शक्तियों में खुद को डुबो देते हैं और भूल जाते हैं कि यह भी केवल एक पहलू है। श्रेष्ठ साधक आगे बढ़ते हैं, जहां वे सृष्टि को चलाने वाली ऊर्जाओं के साथ अंत:क्रिया करना शुरू करते हैं, और सृष्टि की प्रक्रिया में उनकी सहायता करते हैं। ऊपर उल्लिखित कुछ सिद्धियाँ मात्र हैं, हालाँकि शिव का क्षेत्र अंतहीन है। इसे प्राप्त करने की कुंजी वैराग्य है। जिस क्षण कोई शिव के किसी पहलू या उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सिद्धि से जुड़ जाता है, ऊपर की ओर प्रगति रुक जाती है।

वैराग्य तभी संभव है जब किसी के पास वास्तविकता का ज्ञान हो और ज्ञान तभी संभव है जब कोई ध्यान में बैठ सके। ध्यान तभी होता है जब किसी ने अच्छे कर्मों का संचय किया हो, जो सेवा से प्राप्त होते हैं। सेवा पहला कदम है। सेवा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने पात्र का आकार या शिव के अनुभव को बढ़ाता है जिसे वह धारण कर सकता है। इस शिवरात्रि शिव के धाम में भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष, किन्नर, नाग, देव, दानव और मनुष्य सभी स्वीकृत हैं।

शिव के विभिन्न आयामों का अनुभव करने के लिए आपको किसी विशेष जाति का होना जरूरी नहीं है। शिवरात्रि शिव और शक्ति की रात्रि है, विलय की रात्रि है, पूर्णता की रात्रि है। गुरु शिवरात्रि की रात्रि में बिना किसी अपवाद के बताए मार्ग पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति में शिव और शक्ति की शक्ति को जागृत करते हैं।

अपने 25 वर्षों के सफर में मुझे अभी तक ऐसा कोई साधक नहीं मिला जिसने गुरु सानिध्य में शिव का अनुभव न किया हो। इस रात्रि में की गई सेवा और साधना से एक ही रात्रि में कई जन्मों के अनुभव और सिद्धियां प्राप्त होती हैं। यह शत-प्रतिशत विज्ञान है, धर्म नहीं। इसे स्वयं आजमाकर देखें।

## आप की बात

### महाकुंभ की महिमा

**प्रयागराज** के कुम्भ पर्व का महाशिवरात्रि के स्नान के साथ ही सम्पन्न हो गया । सरकारी आंकड़ों के अनुसार 45 दिन के इस पौराणिक महापर्व में लगभग 65 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया । अमृत प्राप्ति के प्रयोजन से पौराणिक समुद्र मंथन की कथा समस्त भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक घटना है जिसके परिणामस्वरूप अमृत कुम्भ से छलक कर अमृत की कुछ बूंदों के प्रयागराज के संगम, हरिद्वार की गंगा, उज्जयिनी की क्षिप्रा व नासिक की गोदावरी में पड़ने से इन नदियों में विशेष अवसरों पर स्नान कुम्भ स्नान कहलाया और यह कब प्रारम्भ हुआ इसका सटीक कालनिर्धारण अत्यन्त कठिन है । बिना किसी औपचारिक अथवा अनौपचारिक निमंत्रण के इन विशेष अवसरों पर हिन्दू समाज का एकत्रीकरण और स्नान अदभुत ही है । जिस हिन्दू समाज के विषय में औपचारिक शिक्षा में जाति भेद और वैमनस्य का विमर्श स्थापित करने का प्रयास गत 100 वर्षों से किया गया है, वह कितना मिथ्या और निराधार है ये कुम्भ के अवसर पर सनातन में आस्थावानों का सामूहिक स्नान से स्वतः ही सिद्ध होता रहा है। इस कुम्भ का विशेष रूप से उत्तम प्रबन्धन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है । हिन्दू समाज की यह सांस्कृतिक एकात्मकता और सुदृढ़ हो, यही कामना।

- **डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

### मुफ्त की रेवड़ियां

**दिल्ली** में चुनाव प्रक्रिया के दौरान, सुप्रीम कोर्ट में मुफ्त की रेवड़ियो को लेकर दायर याचिका पर जस्टिस वी आर गवई ने कहा कि मुफ्त की रेवड़िया लोगों को पंगु बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि मुफ्त नगद राशि के साथ-साथ मोटा अनाज आदि मिलने से लोग मेहनत और परिश्रम करने से कतराने लगे हैं और कई राज्यों में मजदूर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसी बीच, आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा शुरू की गई रेवड़ी संस्कृति के चलते उन्होंने 10 साल तक दिल्ली पर राज्य किया। लेकिन इस बार बीजेपी ने उन्हें उनकी योजना के अनुसार ही मुफ्त की रेवड़ियों में मात दी है और दिल्ली की सत्ता प्राप्त की है। रेवड़ी राजनीति के अंत की शुरुआत' के निष्कर्ष को यह कह कर खारिज किया जा सकता है कि असल में दिल्ली में भाजपा की जीत रेवड़ी राजनीति की ही जीत है। क्योंकि भाजपा ने न सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार की रेवड़ियों को जारी रखने का वादा किया, बल्कि उसके ऊपर भी बहुत कुछ देने की घोषणा की है। अब यह सिलसिला थमता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है, जो कि सभी जानते हैं कि लगातार मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराना सरकारों के लिए बहुत मुश्किल है। तो उधर वोटर भी मुक्त योजनाओं का हिसाब किताब लगाकर वोट देने लगे हैं। यह वोट के लिए रिश्वत जैसा मामला है, जिसे सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग मिलकर ही सख्ती पूर्वक रोक सकते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### प्रतिभा का मूल्यांकन

**कल्पना** कीजिए, अगर बोर्ड परीक्षा में सिर्फ एक मौके की बाध्यता न हो, अगर गलती सुधारने का अवसर मिले, और अगर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ही आपका अंतिम परिणाम बने तो क्या परीक्षा का डर वैसा ही रहेगा? नहीं! जल्द ही यह कल्पना हकीकत बनने वाली है। सीबीएसई 2026 से कक्षा 10 के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जो छात्रों के तनाव को कम करेगा और उन्हें आत्ममूल्यांकन व सुधार का अवसर प्रदान करेगा। अब एक असफल प्रयास का मतलब हार नहीं होगा, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का दूसरा अवसर मिलेगा। सबसे खास बात यह है कि छात्रों के दो प्रयासों में से जिस परीक्षा में उच्चतम अंक आएंगे, वही परिणाम मान्य होगा। यह बदलाव केवल परीक्षा प्रणाली को लचीला बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक नई सोच की शुरुआत है जहां शिक्षा को रट्टा प्रणाली से मुक्त कर वास्तविक ज्ञान और कौशल विकास की ओर मोड़ा जाएगा। कंपार्टमेंट परीक्षा की बाध्यता समाप्त होने से छात्रों पर अनावश्यक दबाव नहीं रहेगा और वे बेझिझक अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की ओर बढ़ सकेंगे। सीबीएसई की यह पहल शिक्षा जगत में एक नई सुबह की दस्तक है। यह सिर्फ सुधार नहीं, बल्कि छात्रों की क्षमताओं को संवारने और उन्हें एक भयमुक्त, आत्मविश्वासी भविष्य देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

- **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### ब्रह्मांड में जीवन की खोज

**विज्ञान** दिवस (28 फरवरी) पर मैं कहना चाहूंगा कि अन्य ग्रहों पर ऑक्सीजन और पानी की उपस्थिति और एक निर्धारित सीमा में तापमान होने या न होने के आधार पर जीवन की संभावना होने या न होने का अंदाज वैज्ञानिक लगाते हैं, यह तरीका अवैज्ञानिक है। पृथ्वी पर ही ऐसे बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं जो लंबे समय तक ऑक्सीजन के बिना और बहुत अधिक या बहुत कम तापमान पर जीवित रह लेते हैं तो अन्य ग्रहों पर भी हो सकते हैं। इसके अलावा पृथ्वी पर ही 2 प्रकार की जीवन प्रणालियां (जंतु और वनस्पति) हैं तो वैज्ञानिकों को यह संभावना भी बनाए रखना चाहिए कि अन्य ग्रहों पर पृथ्वी से बिल्कुल अलग अन्य प्रकार की जीवन प्रणालियां भी हो सकती हैं जो ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, कार्बन, एमिनो एसिड आदि पर आधारित न हो। तथा वे पृथ्वी की तुलना में अकल्पनीय रूप से अत्यधिक या निम्नतम तापमान पर भी जीवित रह सकती हो। अतः अन्य ग्रहों पर जीवन की संभावना तलाशते समय हमें पृथ्वी की परिस्थितियों से अलग कल्पना को भी ध्यान में रखना चाहिए।

- **ललित दुबे**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# महाशिवरात्रि पर गोरखपुर से सीएम ने की महाकुंभ के अंतिम स्नान की मॉनीटरिंग

● तड़के 4 बजे से ही कंट्रोल रूम में डटे रहे, टीवी पर लाइव देखीं व्यवस्थाएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भी सुबह से ही एक्टिव नजर आए। बीते सभी अमृत स्नान और स्नान पर्व की तरह मुख्यमंत्री योगी सुबह तड़के 4 बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए कंट्रोल रूम पहुंच गए। गोरखपुर प्रवास के चलते उनके लिए गोरखनाथ मंदिर में ही कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां वह स्नान पर्व पर पल-पल की मॉनीटरिंग करते नजर आए। टीवी पर उन्होंने श्रद्धालुओं के स्नान की एक-एक फीड को लाइव देखा और कंट्रोल रूम से ही आला अधिकारियों को निर्देशित किया।

सीएम योगी के निर्देश पर समस्त आला अधिकारी भी मुस्तैद नजर आए और सुबह से ही उन्होंने भी मोर्चा संभाल लिया। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी और माघ पूर्णिमा अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग करते रहे थे। महाशिवरात्रि अमृत स्नान के साथ ही बुधवार को महाकुम्भ 2025 का समापन होना है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। गोरखपुर में वह सुबह से ही गोरखनाथ मंदिर स्थित कंट्रोल रूम में पहुंच गए और टीवी पर स्नान पर्व की लाइव फीड पर मॉनीटरिंग करते रहे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। वह टीवी पर महाकुम्भ नगर समेत समस्त प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की लाइव फीड देखते रहे। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समस्त घाटों पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें।

# बदमाशों को सिखाएं कानूनी सबकः मुख्यमंत्री

● जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व (महाशिव रात्रि) पर आज तड़के से ही ऑनलाइन निगरानी करते रहे। साथ ही देवाधिदेव महादेव की आराधना के इस विशेष पर्व पर आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने बुधवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। आमजन को सताने, धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले बदमाशों को कानूनी सबक सिखाया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

# महाकुंभ सकुशल संपन्न होने पर डीजीपी ने थपथपाई पुलिस कर्मियों की पीठ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने कहा कि महाकुंभ बिना किसी बड़ी त्रासदी के संपन्न हुआ। हमने रेलवे के साथ तालमेल बनाकर काम किया। 'स्नान' के दिनों में 5 लाख से अधिक लोगों ने रेल सेवाओं का उपयोग किया, जबकि अन्य दिनों में यह संख्या 3-4 लाख रही। हमें पूरी आस्था थी, और जैसा कि मैंने पहले कहा था, यह हमारे लिए एक चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर था। हमने भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए विश्वस्तरीय तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया। सभी एजेंसियों के सहयोग से हम अभूतपूर्व प्रदर्शन करने में सफल रहे। अयोध्या, वाराणसी और विंध्यवासिनी देवी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जो प्रयागराज में स्नान करने के बाद दर्शन के लिए गए।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिव मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। आज महाकुंभ का अंतिम दिन है, और 45 दिनों में प्रयागराज में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, हमने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और तकनीकी दृष्टि से एक अभूतपूर्व मॉडल प्रस्तुत किया है। हमने भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए विश्वस्तरीय तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया। सभी एजेंसियों के सहयोग से हम अभूतपूर्व प्रदर्शन करने में सफल रहे। अयोध्या, वाराणसी और विंध्यवासिनी देवी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जो प्रयागराज में स्नान करने के बाद दर्शन के लिए गए।

हमारे सुरक्षाकर्मी 45 दिनों तक मैदान में सक्रिय रहे और इससे पहले दो महीने की गहन ट्रेनिंग प्राप्त की। हमने कई ऐसे उदाहरण स्थापित किए जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। हमारी सुरक्षा व्यवस्थाएँ कुछ और दिनों तक बनी रहेंगी, जब तक कि हम अपने सभी इंतजामों को व्यवस्थित रूप से समेट नहीं लेते। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से, यह मेरे लिए गर्व और अविस्मरणीय अनुभव है। हमारे साथियों ने बिना किसी शस्त्र के, अपने व्यवहार से सबका मन जीता है। पुलिस की पूरी क्षमता को यहां परखा गया। सभी लोग इस पर खरे उतरे हैं और बिना किसी बड़ी घटना के महाकुंभ संपन्न कराने में सफलता पाई है।

# महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की लोकमंगल की प्रार्थना

● गोरक्षपीठ के शक्ति मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक हवन के साथ पूर्ण हुआ शिवोपासना का अनुष्ठान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**गोरक्ष**पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोक मंगल और राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। रुद्राभिषेक गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर आवास में स्थित शक्ति मंदिर में हुआ। रुद्राभिषेक के उपरांत मुख्यमंत्री ने हवन कर गोरक्षपीठ में शिवोपासना का अनुष्ठान पूर्ण किया।

महाशिवरात्रि पर विशेष उपासना के क्रम में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री ने शक्ति मंदिर में भगवान भोले शंकर का गोदुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद सीएम योगी ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण के लिए आदियोगी महादेव से प्रार्थना की। अनुष्ठान का यह कार्य दो घंटे से अधिक समय तक चला। इसके पूर्व मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया। उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि नाथपंथ की परंपरा में गुरु गोरखनाथ सबका कल्याण करने वाले भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं। गोरखनाथ मंदिर के मूल में भी लोक कल्याण एवं लोक मंगल की ही भावना है। ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है।

# महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेशः सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है। महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं। हर जगह भारी भीड़ है और श्रद्धालुजन अपार श्रद्धा भाव के साथ दर्शन-पूजन कर रहे हैं। यह आस्था भारत की एकात्मकता का प्रतीक है। मैं इस आस्था को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अपार भीड़ है। 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ महाकुंभ आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुजन मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दे रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ श्रद्धालु सभी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित होने की नई प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। उधर काशी विश्वनाथ धाम में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लगातार वहां पर 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन कर रहे हैं और आज तो महाशिवरात्रि भी है। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के दर्शन कर रहे हैं।

## एसटीएफ ने मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश जीतू को मार गिराया



**लखनऊ।** प्रदेश के मेरठ स्थित मुंडाली थाना क्षेत्र में एसटीएफ की नोएडा यूनिट के साथ हुई मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक लाख का इनामी बदमाश जीतू उर्फ जितेंद्र मारा गया। घायल होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जीतू, थाना आसौंदा (जिला झज्जर) हरियाणा का रहने वाला था। उस पर विभिन्न धाराओं में आठ मुकदमे दर्ज थे। जीतू ने 2016 में झज्जर में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था, जिसमें उसे आजीवन कारावास हो गया था। मारे गए बदमाश के कब्जे से एक कारबाइन 9 एमएम मय मैगजीन, एक अदद पिस्टल .32 बोर, कारतूस और बिना नम्बर की एक डिस्कवर मोटरसाइकिल व काले रंग का बैग बरामद हुआ। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर 2023 को जीतू उर्फ जितेन्द्र द्वारा पैसे लेकर अपने साथियों के साथ जनपद गाजियाबाद के थाना टीला मोड क्षेत्र के निवासी प्रमोद कसाना उर्फ लालू नामक व्यक्ति की 6 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य घटना के सम्बन्ध में थाना टीला मोड, जनपद गाजियाबाद पर हत्या का मुकदमा दर्ज था।

# इलाज में नहीं होगी बाधा, दिव्यांगजनों के लिए 10 करोड़ की अनुदान योजना लागू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 2025-26 के बजट में दिव्यांगजन कल्याण के लिए 1424 करोड़ रुपये की बड़ी राशि प्रस्तावित की है। यह प्रावधान न केवल उनकी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं, लेकिन आर्थिक समस्याओं के कारण दिव्यांगजन अक्सर उचित इलाज से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए योगी सरकार ने 10 करोड़ रुपये की राशि असहाय दिव्यांग व्यक्तियों के इलाज हेतु अनुदान योजना के लिए तय की है। इस अनुदान से दिव्यांगजन को समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनका जीवन सुगम होगा। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों की देखभाल और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने प्रदेश के 18 मंडलों में बचपन डे केयर सेंटर स्थापित किए हैं। इन केंद्रों में 3 से 7 वर्ष के श्रवणबाधित, मानसिक मंदित और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए विशेष शिक्षा और देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से दिव्यांग बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे। दिव्यांगजन अक्सर आर्थिक अस्थिरता के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करते हैं। उनकी इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपने जीवनयापन के लिए किसी पर निर्भर न रहें।

दिव्यांगजन की जीवनशैली को सरल और सुगम बनाने के लिए सरकार ने 35 करोड़ रुपये का बजट कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल और अन्य सहायक उपकरणों के लिए प्रस्तावित किया है। यह पहल उन्हें शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी। तकनीक की सहायता से दिव्यांगजन अब नए अवसरों की ओर बढ़ सकेंगे।

# परिवहन निगम को रोड सेफ्टी अवार्ड के लिए मंत्री ने दी शुभकामना

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को रोड सेफ्टी अवार्ड में प्रथम एवं फ्यूल एफिशिएंसी अवार्ड में रनर-अप रहने पर बधाई देते हुए कहा कि परिवहन निगम लगातार बेहतर कार्य कर रहा है और आगे भी माननीय मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं और संकल्पनाओं पर खरा उतरने का प्रयास करता रहेगा। उन्होंने परिवहन निगम में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके लिए धन्यवाद भी दिया है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) द्वारा यह अवार्ड दिया जा रहा है। गत वर्ष भी परिवहन निगम को उक्त तीन श्रेणियां में अवार्ड मिल चुका है। परिवहन मंत्री ने बताया कि 6 कैटेगरी में परिवहन निगम द्वारा नॉमिनेशन भेजा गया था जिसमें से दो कैटेगरी में परिवहन निगम को अवार्ड की घोषणा हुआ है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान भी परिवहन निगम ने अपनी बेहतर सेवाएं यात्रियों को मुहैया कराई हैं। मेला क्षेत्र में लोगों को मुख्य स्नान पर्वों के दिन एवं उसके एक दिन पूर्व बाद में निशुल्क यात्रा हो या अस्थाई बस स्टेशनों से प्रदेश के प्रत्येक कोने तक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाना सभी दायित्वों का निर्वहन परिवहन निगम ने बेहतर ढंग से किया है। उन्होंने परिवहन निगम को लगभग 550 करोड़ का बजट में प्रावधान किए जाने पर माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। कहा कि बजट का पूरा उपयोग परिवहन निगम द्वारा बस स्टेशनो को अत्याधुनिक बनाने और बस बेड़ों की संख्या में वृद्धि में किया जाएगा। साथ ही उत्तम तकनीकी के इस्तेमाल पर भी जोर दिया जाएगा।

# नेतृत्व क्षमता विकास के लिए कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग /संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रम्य विकास संस्थान,द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहयोग से एफ एस डी ए विभाग के 2019 एवं 2022 में नियुक्त, लिपिकीय संवर्ग के कार्मिकों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान पर 11 से 25 फरवरी की अवधि में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों यथा-शासकीय कर्मचारी आचरण नियमावली, अनुशासनिक कार्यवाही, अनुशासन एवं अपील, वित्तीय नियमों से सम्बन्धित समस्त प्रासंगिक विषय तथा अभिप्रेरणा के परिप्रेक्ष्य में व्यक्तित्व का विकास, नेतृत्व क्षमता विकास, दृष्टिकोण परिवर्तन, संवाद के माध्यम से व्यवहारिक परिवर्तन इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य विषय-विशेषज्ञो तथा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा क्षमता संवर्धन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिवस के समापन समारोह के अवसर पर संस्थान के प्र अपर निदेशक बी डी चौधरी तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के उपायुक्त हरिशंकर सिंह द्वारा विशेष रूप से, सभी प्रतिभागी कार्मिकों को, महत्वपूर्ण, उपयोगी एवं प्रासंगिक मार्गनिर्देशन प्रदान किया गया।

# किसानों की आर्थिक समृद्धि को लेकर बनी रणनीति

● यूपी गो सेवा आयोग में उच्च स्तरीय कोर बैठक आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**किसानों** और पशुपालकों की समृद्धि को ध्यान में रखते हुए, यूको बैंक ने अमृतधारा स्कीम की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। यह योजना भारत सरकार की स्कीम की तर्ज पर तैयार की गई है, जिसे सभी बैंकों द्वारा अपनाया गया है। यह जानकारी यूपी गो सेवा आयोग के श्याम बिहारी गुप्त ने दी।

बुधवार को उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग में अमृतधारा स्कीम पर सम्पन्न हुई कोर बैठक के बाद आयोग ने किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने हेतु इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की प्रतिबद्धता जताई।

अमृतधारा स्कीम के प्रमुख बिंदुओं में 2 से 10 गाय पालने हेतु 10 लाख तक का ऋण। 3 लाख तक का ऋण बिना किसी गारंटी के उपलब्ध। दुग्ध उत्पादन और जैविक खेती को बढ़ावा। किसानों के बैंक खातों से सीधे भुगतान की सुविधा। 2 लाख तक का बीमा कवर शामिल है।

अध्यक्ष, गो सेवा आयोग, श्याम बिहारी गुप्त ने इस योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से लागू करने पर बल दिया और कहा कि इससे किसानों को आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता मिलेगी। उन्होंने कृषि और पशुपालन के एकीकरणको बढ़ावा देने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने अमृतधारा स्कीम को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि यह योजना किसानों के आर्थिक उत्थान का आधार बनेगी। गोवंश संरक्षण और जैविक कृषि को जोड़कर एक चक्रीय अर्थव्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे किसान स्वावलंबी बनें और रासायनिक खादों पर निर्भरता कम हो। उन्होंने बैंक और किसानों के बीच सीधा संबंध स्थापित करनेपर बल दिया, ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके। इस योजना के तहत किसानों को कैटल शेड और बायोगैस प्लांट की स्थापना के लिए प्रेरित करनेका सुझाव दिया, जिससे गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सके। महिला स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ को अमृतधारा स्कीम से जोड़ने की आवश्यकता बताई, जिससे महिलाएँ ऑर्गेनिक दूध, दही, घी, सब्जियाँ और अन्य जैविक उत्पादों का व्यापार कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को ऑर्गेनिक चारे से तैयार दुग्ध उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें बाजार में अच्छा मूल्य प्राप्त हो। पद्मश्री डॉ. भारत भूषण त्यागी ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि सहअस्तित्व और चक्रीय अर्थव्यवस्था इस योजना की सफलता के दो प्रमुख स्तंभ होंगे। उन्होंने सहअस्तित्वता पर जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों, कृषि, पशुपालन और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। पर्यावरण, भूमि, जल और स्वास्थ्य के साथ सामंजस्य स्थापित किए बिना कोई भी नीति स्थायी नहीं हो सकती। बीजनेस फॉर प्रॉफ़िट नहीं, बिजनेस फॉर प्रॉस्पेरिटीष्का सिद्धांत प्रस्तुत किया, जिसका अर्थ है कि किसानों को केवल लाभ की बजाय समृद्धि को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसान समृद्ध होंगे, तो उनकी भूमि उपजाऊ बनी रहेगी, पशुपालन सही तरीके से होगा, और स्वास्थ्य पर खर्च कम होगा, जिससे समाज का समग्र विकास संभव होगा।

# अहंकार में भाजपा राजनीतिक शिष्टाचार विहीन हो गयी हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में भावनात्मक संवेदना नही है। वे अमर्यादित और अलोकतांत्रिक भाषा का प्रयोग करते है। पीड़ित, दुखी और परेशान लोगों को अपमानित करना मुख्यमंत्री का स्वभाव है। सत्ता के अहंकार में भाजपा राजनीतिक शिष्टाचार विहीन हो गयी है। इस सरकार ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों विपक्षी दलों के नेताओं तथा हर किसी को अपमानित और बदनाम करने का अभियान चलाया। छवि खराब करने का प्रयास किया। अब तो हद हो गयी है मुख्यमंत्री महाकुम्भ भगदड़ में मरने वाले लोगों के परिवारों को भी नहीं छोड़ रहे है। पीड़ित और दुखी परिवारों की मदद करने के बजाय मुख्यमंत्री जी अपमानित करके उनका दर्द और बढ़ा रहे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन होती है। जनता सरकार चुनती है। लोकतंत्र की सरकार तानाशाह नहीं हो सकती है। लेकिन भाजपा सरकार का व्यवहार तानाशाही का है। यह राजनीतिक विरोधियों को प्रताड़ित और परेशान कर रही है। भाजपा राज में लोगों को स्वतंत्र रूप से बोलने और लिखने का अधिकार नही रह गया है। समाजवादी पार्टी के कई लोगों के साथ द्वेषभाव से कार्यवाही की गयी। भाजपा सरकार का आचरण बेहद निन्दनीय है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। आने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा की रिकार्ड हार होगी। समय के साथ इनका पता नहीं चलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि दोषपूर्ण जीएसटी ने व्यापार और व्यापारियों को तबाह कर दिया है। भाजपा सरकार छापे डलवाकर व्यापारियों के साथ अत्याचार कर रही है। भाजपा सरकार की कार्य प्रणाली से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। इस सरकार की जीरो पावर्टी योजना धोखा है। सरकार किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, गरीबों हर वर्ग को झूठे सपने दिखाकर ठगने के लिए नई-नई तरकीवे खोजा करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि धर्म कारोबार नहीं होता है। धर्म से आस्था जुड़ी होती है। समाजवादी सरकार ने 2013 में भव्य और शानदार कुम्भ का आयोजन किया था। हावर्ड विश्वविद्यालय की टीम ने उसका अध्ययन किया था, उस पर शोध किया। उस कुम्भ के प्रबन्धन और व्यवस्थाओं की सराहना की। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सब चौपट कर दिया है। निर्माण और उत्पादन पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। भाजपा सरकार बुनियादी ढांचे की उपेक्षा कर रही है। हर योजना में भ्रष्टाचार है। समाजवादी सरकार ने लखनऊ में कैंसर संस्थान का निर्माण कराया लेकिन भाजपा सरकार ने उस कैंसर रिसर्च इन्स्टीट्यूट को बर्बाद कर दिया। सरकार उसे बजट नहीं दे रही है। प्रदेश के अन्य मेडिकल संस्थाओं का बुरा हाल है। बिजली की व्यवस्था खराब है। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में एक भी बिजली का नया प्लान्ट नहीं लगाया। इस अवसर पर राजेंद्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री सहित दुर्गा प्रसाद यादव, कमाल अख्तर, सचिन यादव, आशु मलिक, आरके वर्मा, संदीप पटेल, तस्लीम अहमद सभी विधायकगण एवं मनीष जगन अग्रवाल तथा प्रदीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2025



# बम भोले के जयकारों से गूंजा सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर

## ● कांवरियों के जत्थों ने चढ़ाया गंगाजल, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**फतेहपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं का तांता देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर लग गया था। सिद्धपीठ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस ने पुख्ता इंतेजाम किये थे। महिला पुलिस के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान सिद्धपीठ परिसर के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम में विराजमान भगवान शिव के दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कांवरियों का जत्था भी बराबर आता रहा और उन्हें शिव दर्शन कराने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस महकमे के जवान लगे रहे। दूध, गंगाजल, मेवा, मिष्ठान के साथ फूलों के श्रृंगार से भगवान शिव का पूजा-अर्चना का सिलसिला बराबर जारी रहा। मंदिर परिसर पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को मनाने का पूरा प्रयास किया। अपनी-अपनी मन्नत पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने परिक्रमा भी लगाई।

मंदिर के समीप लगे मेले का श्रद्धालुओं ने लुत्फ उठाया। हर वर्ष की भांति फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चर्तुदशी तिथि को मनाए जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व का नजारा बहुत ही अजीबो गरीब रहा। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम समेत अन्य स्थानों में विराजमान शिवलिंगों की पूजा की गई। सिद्धपीठ तांबेश्वर में कुंभ जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ अनन्त रही। जिसकी गणना नहीं की जा सकती थी। भगवान शिव के दर्शन के लिए कांवरिया, श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की भीड़ देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर जमा होने लगी। महाशिवरात्रि के महापर्व के पूर्व ही पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयारियां कर ली थीं। प्रशासनिक तैयारियों के मुताबिक बनाए गए प्वाइंटों में महिला पुलिस कर्मियों के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर भगवान शिव के शिवलिंग और मंदिर परिसर से आधा किलोमीटर के दोनों छोरों पर पुलिस की चौक-चौबंद व्यवस्था नजर आई। मंदिर के अंदर दाखिल होने वाले श्रद्धालुओं पर पुलिस की बराबर निगाहें बनी रहीं। श्रद्धालुओं को भी पुलिस के अफसरों ने ज्यादा वक्त नहीं दिया।

दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को बाहर करने का सिलसिला जारी रहा। रात तीन बजे से सिद्धपीठ का मुख्य द्वार खुला और देर रात बारह बजे तक श्रद्धालु भगवान शिव को मनाने के लिए गंगाजल के साथ दूध, मेवा, मिष्ठान, दही, बेलपत्र और दही का भोग लगाकर अपनी मनोकामनाएं रखी। वहीं महिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जय बम भोले की गूंज से सिद्धपीठ का परिसर पूरी तरह से गुंजाएमान रहा। जनपद ही नहीं बल्कि गैर जनपदों से भी श्रद्धालुओं के आने जाने का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि के पर्व पर जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए। मंदिर के पीछे मेले का आयोजन किया गया, जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों व महिलाओं सहित युवक युवतियों ने जमकर आनंद लिया। मेले में आए श्रद्धालुओं ने जहां बच्चों के लिए खेल खिलौने खरीदे तो महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीददारी की।

# दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की विभिन्न रेंजों में नर मांदा दो बाघों की मौत

## ● देररात्रि में बाघ ने मचाया उत्पात पहले थाना पलिया में घुसा बाद में ग्राम फुलवरिया एक महिला को घायल किया जिसकी मौत बाद में परिजनों ने बाघ की हत्या ● बाघ की हत्या के बाद वनविभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मृत बाघ के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा



**गोलागोकर्णनाथ (खीरी)।** दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की वनरेंज पलिया के ग्राम फुलवरिया में रतनलाल के मकान में घुसकर उसकी पत्नी को शिकार बनाया जिससे गुस्सा कर रतन व उसके परिवारीजनों ने मिलकर बाघ की हत्या कर दी जिसकी खबर पाकर वनविभाग की टीम ने आकर मौका मुआइन किया और मृत बाघ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।दूसरी तरफसेंचुरी वनरेंज के क्षेत्र में बाघ का शव रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात में एक बाघ ने पहले थाना पलिया में घुसकर पुलिस को खौफजदा किया बाद में पडोसमेंस्थितग्राम फुलवरिया निवासी रतनलाल के मकान में घुसकर जमकर उत्पात मचाया ग्रह स्वामी रतनलाल की पत्नी को शिकार बनाया जिससे गुस्सा कर परिवारीजनों ने बाघ पर देशी तमंचा से गोली व धारदार हथियार व लाठी डंडा से हमला किया जिसमें बाघ की मौत हो गई।

दूसरी घटना मैलानी . भीरा मार्ग पर बाघ का शव रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है जिसे वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारी छिपाते नजर आए है। एक ही रात्रि में दो जगहों पर मिले बाघों के शवों में एक नर दूसरा मांदा बताया जा रहा है। दुधवा नेशनल टाइगर पार्क में बाघों का संरक्षण पर लाखों रुपए व्यय किया जाता है इसके बाद भी बाघ जंगल से बाहर निकल कर जब भूख से व्याकुल होते हैं तब वह मानव की बस्ती की तरफरुख करते हैं और वहां पर उसकी हत्या कर दी जाती है। जिसके बाद वनविभाग की छापामारी अभियान चलता है और मानव की प्रताड़ना चालू हो जाती है इसी क्रम में ग्राम फुलवरिया में बाघ की हत्या के बाद अब हत्यारों की भी तलाश चालू होने वाली है। दूसरी घटना में सेंचुरी क्षेत्र के मैलानी . भीरा मार्ग पर वनविभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की रणनीति तय की है।

खबर पाकर दुधवा नेशनल टाइगर पार्क के अधिकारियों व बफरजोन के अधिकारियों के बाद लखनऊ से जिम्मेदार अधिकारियों का सैलाब उमड़ने लगा। दुधवा नेशनल टाइगर पार्क के साथ ही कतर्निया पार्क व दक्षिण खीरी व उत्तर खीरी के भी जिम्मेदार अधिकारियों ने पहुंच कर मौका के हालातों का जायजा लिया। चर्चा है कि वन राज्य मंत्री व प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्तर प्रदेश भी मौका.ए.वारदात पर आकर मुआइन कर सकते हैं। फिलहाल हलचल तेज है।

# कैदी की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**हमीरपुर।** हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध चल रहे सजायाफ्ता कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवारवाले हत्या का आरोप लगाया है। थाना कुरारा के कुसमरा गांव निवासी 32 वर्षीय राकेश पुत्र बब्बू पाल को वर्ष 2024 में अपने ही चचेरे मामा की हत्या के मामले में उम्रकैद सुनाई गई थी। तब से राकेश जेल में निरुद्ध चल रहा है। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के पिता बब्बू पाल ने बताया कि मंगलवार की रात जेल से काल आया कि उनके बेटे की तबीयत खराब है। लेकिन जब वह अस्पताल पहुंचे तो बेटे की मौत की जानकारी मिली। जिस पर वह शवदाह गृह आए और रातभर इंतजार के बाद बुधवार की सुबह 11 बजे शव देखने को मिल सका। जब शव देखा तो मृतक के शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान मिले।

जिस पर जेल के अंदर हुई मारपीट से मौत होने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पिता का कहना है कि उनके बेटे को किसी भी तरह की कोई ऐसी बीमारी नहीं थी कि अचानक मौत हो जाए। सुबह उन्होंने बेटे से बात की थी और रात में मौत हो गई। पिता ने मामले को संदिग्ध बताते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की जांच करने की मांग भी की है। इस संबंध में जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा का कहना है कि मंगलवार की रात पौने आठ बजे अचानक राकेश के सीने में दर्द व उल्टी की समस्या हुई। जिस पर उसे जेल अस्पताल में भर्ती किया गया और हालत सुधरने के बाद उसे बैरक ले जाया गया। लेकिन रात करीब सवा नौ बजे फिर हालत बिगड़ी जिस पर जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। राकेश दो नंबर बैरक में निरुद्ध चल रहा था। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी के शव का पोस्टमार्टम पैनल से कराया जा रहा है।

# धूमधाम से मनायी महाशिवरात्रि पर्व, चेयरमैन आशारानी कबीर ने किया रथ का उद्घाटन

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनों ने नगर शिव बारात निकाली। जिसमे नगर की महिलाएं शामिल रही। नगर भ्रमण के दौरान चेयरमैन आशारानी कबीर भी मौजूद रही। नगर भ्रमण के बाद बाजार में समापन हो गया। विकास खंड क्षेत्र के बेरी गांव स्थित प्राचीन कोटेश्वर शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात धूमधाम से निकली इस दौरान भूत पिशाच वेश धारी बाराती नाचते गाते हुए चल रहे थे। वही क्षेत्र के शंकर पुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोगो ने पूजा अर्चना की।तथा कांवर भी चढ़ाई गई। तथा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तो की भारी भीड़ मौजूद रही। क्षेत्र के बेरी गांव में बेतवा नदी के किनारे प्राचीन शिवमन्दिर स्थित है। इस मंदिर में लोगो की अपार आस्था है। प्रतिवर्ष महा शिवरात्रि के अवसर पर



हरी झंडी दिखाती चेयरमैन

ग्रामीणों के सहयोग से शिवबारात का आयोजन किया जाता है। बारात शिवमन्दिर से उठकर गांव के अंदर से होकर किले के दरवाजे से होकर बाजार से होकर गाजेबाजे के साथ भ्रमण करते हुए पुलिस चौकी के समीप सेहोकर वापस शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। शिव बारात में बैल पर सवार शंकर भगवान व उनके गण चल रहे थे। तथा रास्ते में शिवजी का पूजन महिलाओ ने टीका लगाकर किया। घोड़े व बहु रुपिया नाच गान करते चल रहे थे। शिव बारात में आसपास के गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे समाजसेवी रमेश चंद्र शिवहरे ने अपने दरवाजे पर भगवान भोले नाथ का तिलक कर पूजन किया।

इसी प्रकार राठ कस्वे में शिवरात्रि महापर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए हजारों की भीड़ चौपरेश्वर धाम पहुंची। जहां मंदिरों में बम बम बोले के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। भगवान शिव के दर्शन के बाद मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी की। महा शिवरात्रि पर्व पर कस्बे के शिव मंदिरों को फूलों से सजाया गया। शिवरात्रि पर चौपरेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर को लाइटों और झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया। बुधवार को ऐतिहासिक चौपरेश्वर धाम में ब्रह्म मुहूर्त से ही भगवान शंकर के भक्तों ने जलए बेलपत्र आदि चढ़ाकर मन्नत मांगी।

# पत्नी से विवाद के चलते पति ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** पत्नी से कहासुनी हो जाने पर शराबी पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी सुनील श्रीवास्तव(25) पुत्र मुन्ना श्रीवास्तव का विवाद पत्नी से हो गया सुनील शराब पीने का आदी था पत्नी से कहासुनी हो जाने पर युवक ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र मजदूरी करता था। मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। मृतक अपने पीछे छह माह की बच्ची छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी शैलू मां संतोषी का रो रोकर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के अम्बियापुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से अधेड की मौत हो गयी, सूचना पर पहुँचे सिठमरा चौकी ईर्चाज अभिनेष चौधरी ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। न्यूठा शिवली निवासी 40 वर्षीय धर्मेन्द्र अपनी ससुराल ग्राम अलावलपुर आया था, ससुराल से वह वुधवार की शाम को अपने घर वापस जा रहा था, अम्बियापुर रेलवे स्टेशन के पास डीएफसी लाइन पर खम्भा नम्बर 540/14 व 540/13 के बीच वह मालगाडी की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, स्टेशन मास्टर के मेमों पर पहुँचे सिठमरा चौकी ईर्चाज अभिनेष चौधरी ने पुलिस बल के साथ शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा तथा मृतक के ससुरालीजनों व परिजनों को मामले की सूचना भेजी है।

### एसपी के नेतृत्व में पुलिस बल ने चलाया वृहद चेकिंग अभियान

**कानपुर देहात।** एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉग स्क्वायड व एंटी सेबोटाज चैक टीम द्वारा थाना पुलिस के साथ मिलकर आज दिनांक 26ण्02ण्2025 को थाना अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत झाड़ी बाले बाबा शिव मंदिरए थाना रनियाँ क्षेत्रान्तर्गत पातालेश्वर शिव मंदिर व थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत श्री जागेश्वर धाम शिव मंदिर पर सघनता पूर्वक चैकिंग की गयी व जनपद के प्रमुख कस्बों में भीड़ भाड वाले स्थानोंए बाजारों में संदिग्ध व्यक्तिध्वस्तुध्स्थान की सघन चेकिंग की गयी और लोगों से लावारिस वस्तुओं से दूर रहने तथा पुलिस को तत्काल सूचित करने की अपील की गयी ।'

### बहन भाई की शादी के पहले प्रेमिका के साथ फुर्र

**राठ।** भाई की शादी से पहले बहन अपने प्रेमी के साथ जेवरात सहित नकदी लेकर फरार हो गई। भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अतरौलिया मोहल्ला युवक ने पुलिस को बताया कि उसके भाई राजकुमार की छह मार्च को शादी है। भाई की शादी के पहले मंगलवार को नानू अहिरवार निवासी बसेला उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसला कर उसके घर से भगा ले गया। घर से उसकी बहन जेवरात व दो लाख रुपए ले गई है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है।

### कार की टक्कर से किशोर की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के राम सिंह इंटर कालेज के पास मंगलवार की शाम लाई की ठेलिया लेकर जा रहे 16 वर्षीय किशोर को तेज रफ्तार अल्टो कार ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी जंगलिया का पुत्र सत्यम मंगलवार की शाम लाई की ठेलिया लेकर जागेश्वर बाबा मंदिर जा रहा था। जैसे ही वह रामसिंह इण्टर कालेज के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अल्टो नं0 यूपी-71एडी/1061 ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोडकर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस न शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### संदिग्ध अवस्था में पूर्व प्रधान की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाखा में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 50 वर्षीय पूर्व प्रधान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाखा गांव निवासी अरगढ़ पासवान का पुत्र राजेन्द्र पासवान पूर्व प्रधान था। बताते है कि गांव में ही उसने तालाब में मछलियां पाल रखी थी। शाम को घर वापस आया अचानक गिर गया। जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। पूर्व प्रधान की अचानक मौत को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

### सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेला में सीढियों से गिरकर लगभग 65 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के छिवलाहा गांव निवासी स्व0 रामप्यारे यादव का पुत्र गुलाब सिंह यादव जो काफी समय से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेला गांव में रहता था। कल शाम वह सीढियों से गिर कर जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म व पास्को का मुकदमा दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका एक करीबी रिश्तेदार उसके घर आया हुआ था। मंगलवार की शाम छः बजे वह और उसका पति घर से बाहर गए हुए थे तो उसके रिश्तेदार द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री को बहलाफुसलाकर खेतो पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया पुत्री के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है दुष्कर्म व पास्को का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

# महिला की संदिग्ध मौत हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घटका खेडा में संदिग्ध परिस्थितियों में 32 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद सभी ससुरालीजन मौके से फरार है। हमीरपुर के रहने वाले कृष्णा कुमार ने अपनी पुत्री दीपमाला की शादी 2019 में घटका गांव निवासी जालिम सिंह पुत्र रामप्रताप के साथ किया था। हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। मंगलवार की शाम संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया। मृतका का भाई लालजी ने बताया कि शादी के बाद कुछ महीना तक तो सही रहा, बाद में ससुराली जन दहेज में 10 लाख रूपये की मांग को लेकर आये दिन उसकी बहन को प्रताडित करते थे। चार लाख रूपये दे दिये गये थे। उसके बावजूद भी बहन को मारते पीटते थे, मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या कर पति राम प्रताप, सास मीरा देवी, व ससुर जालिम सिंह मौके से फरार हो गये।

# मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया महा शिवरात्रि का पर्व

## ● प्रसाद वितरण के साथ हुये भजन कीर्तन के आयोजन

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर नगर व क्षेत्र के देवालयों, मंदिरों एवं घरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक कर प्रसाद वितरित किया। इसके पश्चात शिवभक्तों नें शिव पार्वती विवाह के भक्ति गीतों को गाकर संपूर्ण वातावरण को शिव मय कर दिया।

बुधवार की सुबह से ही नगर के सर्विस रोड स्थित प्राचीन सती माता मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, जीटी रोड स्थित मनकामेश्वर मंदिर, प्राचीन श्री राम मंदिर, प्राचीन संतोषी माता मंदिर, मोहल्ला अफसरी स्थित काली देवी मंदिर, चकोर रोड



पूजा अर्चना करते भक्त व बुलाबा कार्यक्रम में मौजूद महिलायें।

स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, रामगंज स्थित शिव मंदिर, मनसा देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों एवं घरों में विधि विधान से पूजा वंदना कर प्रसाद ग्रहण किया। वही नगर के मंदिरों में महिलाओं नें बुलाबा कार्यक्रम का आयोजन कर भक्ति गीतों को गाकर वातावरण को मंगलमय कर दिया। उधर कई स्थानों पर शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करनें के बाद भगवान भोलेनाथ एवं पार्वती विवाह के मंगल गीत गाए।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव के समीप मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानुपर के लिए रेफर कर दिया गया। उन्नाव जनपद के थाना सोहरामऊ गांव रूद्रबार निवासी रामविलाश पुत्र बीपेश अपने साथी रवि निवासी अर्जुनामऊ जनपद उन्नाव के साथ रायबरेली किसी काम से जा रहा था। जैसे ही यह लोग असनी गांव के पा पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बिपेश की मौके पर ही मौत हो गयी। साथी रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर दिया।

# बैदिक मंत्रोच्चार प्राण प्रतिष्ठा के बाद की गई प्रतिमाओं की स्थापना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वारोड मे श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण विधि द्वारा भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के परिवार सहित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के परिवार सहित प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकडों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बुधवार को नगर के सर्विस रोड में सर्व समाज के सहयोग से भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के परिवार सहित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन किया गया। साथ ही सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि नगर के विभिन्न देवालयों व मंदिरों में देवदर्शन किया। इस दौरान नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा नेता जीतू तिवारी, युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, बृजेश गुप्ता रामू, सबलू गुप्ता, अभय चतुर्वेदी, पंकज गुप्ता, सोनू श्रीवास्तव, मानस मंजरी रत्नेश द्विवेदी, सीमा, अनीता सहित तमाम महिला व पुरूष भक्तगण मौजूद रहे।



मूर्ति स्थापना से पूर्व पूजा अर्चना करते महंत अयोध्यावासी।

## ● नगर में निकाली गई विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा, हुई पुष्पवर्षा

# कांवड़ियों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, तीन घायल

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के समीप कावड़ लेकर जा रहे कांवड़ियों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे तीन कांवड़िया घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मिलकिन खेडा गांव निवासी गोविंद का 15 वर्षीय पुत्र मोनू गांव निवासी मोहन लाल का 17 वर्षीय पुत्र वीरू व 20 वर्षीय लवकुश तीनो कावड़ लेकर कोतवाली क्षेत्र में स्थित थवईश्वर धाम जा रहे थे। जब कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के समीप पहुंचे तभी ट्रैक्टर ने तीनों को टक्कर मार कर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर वीरू की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में जगह-जगह हुए भंडारे

## ● शिवालयों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**फतेहपुर।** शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। तांबेश्वर रोड पर योगेंद्र सिंह एवं सरिता सिंह की ओर से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शर्बत वितरण किया गया। मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने स्टॉल में पहुंचकर शर्बत प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। चंद्रशेखर मौर्य, अमन, इमरान मिर्जा, रामकुमार, राजेश आदि मौजूद रहे। एक हॉस्पिटल के सौजन्य से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा इलाहाबाद बाईपास रोड पर स्थित डिग्री कॉलेज के गेट पर कराया गया। डॉ. पवन बाजपेई, संचालक नितिन मिश्रा ऋषि मिश्रा ने महाकुंभ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया।



महाकुंभ के आखिरी स्नान पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में पूरी सब्जी का प्रसाद सुबह 11 बजे से देर शाम तक वितरण किया। सौरभ सिंह, गौरव सिंह, ओजस्वी मिश्रा, जुनैद, भारत मिश्रा, बाबा शोभित सैनी, नितेश तिवारी, बबलू तिवारी, आकाश त्रिपाठी, राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे। देवीगंज पुल के नीचे सुशील सिंह के नेतृत्व में महाशिवरात्रि पर 6वें वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हलवा, पूरी और ठंडाई का प्रसाद वितरण किया गया। सोनू गुप्ता, बड़कू गुप्ता, राम शंकर, कंचन सिंह, राजू अवस्थी, सचिन तिवारी, शिवचरण गुप्ता, अमित आदि लोग उपस्थित रहे। राधानगर रोड स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विधिवत पूजन अर्चन और भंडारे के रूप में प्रसाद वितरण किया गया। सभासद अनिल बाबा, अरुणेश कुमार, ऋषभ सिंह, राहुल गुप्ता, नरेश गुप्ता, राजू यादव, विनीत सिंह आदि लोगों ने रोड से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को पूरी सब्जी प्रसाद के रूप में वितरित किया।

# ई रिक्शा व बाइक की टक्कर से पांच घायल

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में ई रिक्शा व बाइक मेंआमने.सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरो ने सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया क्षेत्र के कपसा गांव के निकट नहर की पुलिया में ई.रिक्शा व बाइक में टक्कर हो गई जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उरदना गांव निवासी रुपेश कुमार गांव के ही ई.रिक्शा चालक पप्पू उरदना निवासी के ई रिक्शा में बैठकर घरेलू गैस गुसियारी गांव में गैस भरने जा रहे थे तभी एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर तेज गति से बांदा की ओर से तेज गति से आ रहे थे तभी ई रिक्शा और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांचो लोग सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए अंकित व वीरेंद्र कुमार निवासी खमरिया एवं गोरेलाल मरौली बाँदा निवासी एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर तेज गति से बांदा की ओर से आ रहे थे।

# शिव मन्दिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**कानपुर देहात।** शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब देखने को मिला। विधि.विधान से भक्तों ने जहां पूजन अर्चन किया तो वहीं भंडारे भी आयोजित किए गए। रसूलाबाद क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम.बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं। श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइनों में लगी रही।

श्रद्धालु भांग, धतूरा, बेल पत्र, फल और पूजा सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे। जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। महाशिवरात्रि के मौके पर श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर कमेटी ने व्यवस्थाओं को चाक.चौबंद किया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से उपजिलाधिकारी सर्वेश सिंह, सीओ राजीव सिरोही, कोतवाल अनिल कुमार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं एनसीसी कैडेट्स के विद्यार्थियों द्वारा भी बेहतर सुरक्षा के प्रबंध किए गए। रसूलाबाद क्षेत्र के कहिंजरी में स्थित महाकालेश्वर मंदिर, खेड़ा कुर्सी में स्थित कपिलेश्वर मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा देखने को मिला। कई जगहों पर भजन कीर्तन भी हुए।

# संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया हैः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**छतरपुर ( मप्र )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत में संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है और देश आज महिला विकास से महिला-नीत विकास की ओर बढ़ रहा है। मप्र के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव के बागेश्वर धाम में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, समकालीन संत आत्मनिर्भर, सामंजस्यपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस सामूहिक विवाह समरोह में 251 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। संत समुदाय ने समाज से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाकर उन्हें दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है।



मुर्मू ने कहा, आज, जब हमारा देश महिला विकास से महिला-नीत वाले विकास की ओर बढ़ रहा है, तो हमें अपनी बेटियों और बहनों को मजबूत और सक्षम बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने लोगों से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे छोटे-छोटे प्रयास बहन बेटियों को सशक्त बनाएंगे। महिलाओं को उनकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। मुर्मू ने कहा कि भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों से अपने कर्म और वाणी से जनमानस को राह दिखाई है और उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वासों के बारे में लोगों को जागरूक किया है, छुआ-छूत और उंच्र-नीच के भेद-भाव को दूर करने की सीख दी है। गुरु नानक, संत रविदास, संत कबीर दास, मीरा बाई या संत तुकाराम सभी ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से लोगों को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया है।

सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए बागेश्वर धाम की प्रशंसा करते हुए मुर्मू ने कहा कि इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन और अन्य जरूरी सामान दिए जा रहे हैं। मैं सभी महिलाओं से अपील करती हूं कि वे खुद को शिक्षित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रयास करें। जब आप सफल होंगी, तो हमारा समाज और हमारा देश सफल होगा। हमने 2047 में अपनी आजादी की शताब्दी मनाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। मप्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी करने वाले जोड़ों को राज्य सरकार की योजनाओं के तहत 51 हजार रुपए की वित्तीय मदद दी जाएगी।

## पंजाब सीमा के पास पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया गया

**अमृतसर, जम्मू।** पंजाब के पठानकोट में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने बुधवार की सुबह एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमावर्ती चौकी के ताशपतन क्षेत्र में कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी। बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को चेतावनी दी, बावजूद इसके वह सीमा पार कर भारत में घुसने का प्रयास करता रहा। बाद में बीएसएफ की गोलीबारी में घुसपैठिए को मार गिराया गया और उसकी पहचान का पता लगाया जा रहा है। बीएसएफ, जम्मू फ्रंटियर के एक प्रवक्ता ने कहा कि घटना के संबंध में पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। बीएसएफ भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है जिसमें पंजाब में 553 किलोमीटर लंबा सीमा क्षेत्र भी शामिल है।

# अरुणाचल में 50,000 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन की क्षमताः जगदीप धनखड़

**ईटानगर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश में 50,000 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य में राज्य प्रमुख भूमिका निभा सकता है। राज्य के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे धनखड़ कामले जिले के बोआसिमला में रहने वाले न्यिशी जनजाति के न्योकुम युलो समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वहां एक समारोह को संबोधित करते हुए आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में त्योहारों के महत्व का जिक्र किया।

धनखड़ ने आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण में उल्लेखनीय विकास का हवाला देते हुए भारत को दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश करार दिया। धनखड़ ने कहा, दशकों पहले भारत सरकार ने लुक ईस्ट नीति शुरू की थी। प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी ने इसे एक्ट ईस्ट नीति में बदल दिया और इस बात पर जोर दिया कि केवल अवलोकन करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि निर्णायक कार्वाई की जरुरत है। जब कार्वाई की जाती है तो हमें उल्लेखनीय विकास देखने को मिलता है। चाहे वह हवाई यात्रा हो, हवाई अड्डे हों, रेल संपर्क हो, सड़क नेटवर्क हो या फिर 4जी नेटवर्क हो। ए सभी चीजें अरुणाचल प्रदेश की प्रगति को दर्शाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ए सभी उपलब्धियां भारत की अद्वितीय शक्ति को जाहिर करती हैं तथा उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रवाद की भावना को कायम रखने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के साथ बोआसिमला में एक बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने विश्व की सबसे उंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली न्यिशी जनजाति की पहली महिला कबाक यानो को भी सम्मानित किया।

# गुजरात में कंपनी के परिसर से 17.5 लाख रुपए का मिलावटी घी बरामद

**भाषा।** पालनपुर

**गुजरात** के बनासकांठा जिले के डीसा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में डेयरी उत्पाद बेचने वाली एक कंपनी के परिसर से 17.5 लाख रुपए मूल्य का 4,000 किलोग्राम मिलावटी घी बरामद किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मिलावटी घी को त्योहारों के दौरान बिक्री के लिए राजस्थान भेजा जाना था। गुजरात खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्राधिकार (एफडीसीए) के अनुसार, श्री नवकार डेयरी प्रोडक्ट्स नामक कंपनी खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंस एवं पंजीकरण) विनियमन, 2011 के प्रावधानों के तहत पहले जारी किए गए नोटिस का अनुपालन करने में विफल रही थी और पिछले वर्ष चार सितंबर को उसका लाइसेंस रद्द कर दिया गया था।

एफडीसीए ने एक बयान में कहा कि जब प्रशासन ने डीसा कस्बे स्थित उक्त कंपनी के परिसर का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया, तो पाया कि लाइसेंस रद्द होने के बावजूद यहां घी का उत्पादन हो रहा है।

एफडीसीए ने एक बयान में कहा कि जांच और प्रभारी व्यक्ति से पूछताछ करने के बाद संदेह हुआ कि कंपनी द्वारा उत्पादित घी में सोयाबीन और वनस्पति वसा की मिलावट की गई थी। इसमें कहा गया, अधिकारियों ने कानून के तहत कार्वाई करते हुए कंपनी से विभिन्न ब्रांड के घी के कुल 11 नमूने एकत्र किए और उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया। यह घी रात में बनाया जाता था और इसे त्योहारों के दौरान राजस्थान में बेचा जाना था। एफडीसीए ने बताया कि जब्त किए गए मिलावटी घी का अनुमानित मूल्य 17.50 लाख रुपए है और इसका वजन लगभग 4,000 किलोग्राम है।

# भूस्वामियों को अनिश्चितकाल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकताः न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने हाल में कहा है कि किसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के एक आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा, भूस्वामी को कई वर्षों तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। किसी भूस्वामी पर किसी खास तरीके से भूमि का उपयोग न करने का प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उस प्रतिबंध को अनिश्चित काल तक बरकरार नहीं रखा जा सकता।

पीठ ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 127 का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 33 वर्षों से



विकास योजना में भूखंड को आरक्षित रखना कोई समझदारी नहीं है। अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने न केवल मूल मालिकों को भूमि का उपयोग करने से रोका, बल्कि खरीदारों को भी अब भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दे रहा है।

पीठ ने कहा, महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 126 के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए कानून में दस वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है। महाराष्ट्र अधिनियम 42, 2015 द्वारा संशोधन से पहले भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस देने के लिए भूमि मालिक को एक अतिरिक्त वर्ष दिया जाता है। ऐसी समयसीमा उचित है और राज्य या राज्य के अधीन अधिकारियों द्वारा इसका पालन किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत एक मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें एक खाली भूखंड के मालिकों ने 2.47 हेक्टेयर के विकास के लिए भूमि विकास योजना प्रस्तुत की थी। योजना को मंजूरी दे दी गई थी और शेष क्षेत्र को अधिनियम के तहत 1993 में संशोधित विकास योजना में एक निजी स्कूल के लिए आरक्षित दिखाया गया था। हालांकि, 1993 से 2006 तक महाराष्ट्र के अधिकारियों द्वारा निजी स्कूल के लिए संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवमय हुई कान्हा की नगरी

**मथुरा ( उप्र )।** महाशिवरात्रि पर्व पर कान्हा की नगरी मथुरा-वृन्दावन पूरी तरह से शिवमय हो गई। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिवभक्त कांवड़िए जल चढ़ाने के लिए सुबह से ही शिवालयों पर पहुंचने लगे थे। राजस्थान के भरतपुर और आसपास के जिलों के भी कांवड़िए बड़ी तादाद में मथुरा होकर ही गंगाजल लेकर गए। जिले से होकर गुजरने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई। निकटवर्ती राजस्थान के भरतपुर एवं डीग के भी कांवड़िए बुलंदशहर के नरौरा एवं कासगंज के सोरौं स्थित गंगा घाटों से गंगाजल लेकर यहां से गुजरे, जिनके लिए विशेष इंतजाम किए थे। जिन मार्गों पर यातायात संबंधी दिक्कतें पेश आ रही थीं, उन पर यातायात को दूसरी तरफ मोड़ा गया। मथुरा के चार प्रसिद्ध शिवालयों भूतेश्वर महादेव, रंगेश्वर महादेव, गल्तेश्वर महादेव एवं गोकर्णेश्वर महादेव, वृन्दावन के गोपेश्वर महादेव एवं महावन के चिंताहरण महादेव के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## क्विक न्यूज

### सीबीएसई ने विद्यालयों को एक ही नाम और संबद्धता संख्या से शाखाएं खोलने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबद्धता मानदंडों में ढील दी है, जिससे अब ए विद्यालय समान नाम और एक ही संबद्धता संख्या के तहत स्कूल की अन्य शाखा स्थापित कर सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों विद्यालयों को शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के संदर्भ में अलग-अलग संसाधनों की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई छात्र शाखा विद्यालय से मुख्य विद्यालय में दाखिला लेना चाहे तो यह प्रकिया निर्बाध होगी और नियमों के अनुसार इसे नया प्रवेश नहीं माना जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य स्कूल में छठी कक्षा से 12वीं तक की कक्षाओं के संचालन की अनुमति दी गई है जबकि शाखा स्कूल में प्री-प्राइमरी से पांचवी तक की कक्षाएं होंगी। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया, दोनों विद्यालयों का प्रबंधन और स्वामित्व एक ही होगा और प्रशासनिक तथा शैक्षणिक प्रक्रिया भी एक ही होंगी। दोनों शाखाओं के लिए एक सामान्य वेबसाइट होगी और इस वेबसाइट में शाखा स्कूल के लिए एक अलग से एक भाग होगा। उन्होंने बताया, मुख्य विद्यालय दोनों शाखाओं के लिए प्रवेश का प्रबंधन करेगा और इसके खातों का भी रखरखाव करेगा। छात्रों के शाखा विद्यालय से मुख्य विद्यालय में जाने की प्रक्रिया निर्बाध होगी और इसे छात्रों का नया प्रवेश नहीं माना जाएगा बल्कि उन्हें एक स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत छठी कक्षा में पदोन्नत माना जाएगा। गुप्ता ने बताया कि दोनों विद्यालयों को अलग-अलग शिक्षण और गैर-शिक्षण से संबंधित कर्मचारियों की नियुक्तियां करनी होंगी तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान की जिम्मेदारी भी मुख्य स्कूल पर होगी। वर्तमान में सीबीएसई, शाखा स्कूल स्थापित करने की अनुमति नहीं देता है और एक ही समूह के प्रत्एक विद्यालय को अलग-अलग संबद्धता संख्या की जरुरत होती है। हालांकि नए नियम आने से इन मानदंडों में बदलाव हो गया है। गुप्ता ने कहा, बोर्ड सभी मुद्दों पर मुख्य स्कूल के प्रधानचार्य से ही बातचीत करेगा...।

### अभिनेता ने भाषा विवाद पर भाजपा-द्रमुक तकरार का मजाक उड़ाया

**चेन्नई।** अभिनेता एवं तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक विजय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर हैशटैग तकरार शुरू करने के लिए भाजपा और द्रमुक का उपहास किया तथा कहा कि दोनों पार्टियां भाषा विवाद जैसे गंभीर मुद्दे को महत्वहीन बना रही हैं। चेन्नई के निकट मामल्लपुरम में टीवीके की पहली वर्षगांठ समारोह में विजय ने कहा कि भाजपा ने त्रिभाषा नीति पर द्रमुक के गेट आउट मोदी का जवाब गेट आउट स्टालिन से दिया, ठीक उसी तरह, जैसे एलकेजी और यूकेजी के बच्चे लड़ते हैं। उन्होंने कहा, धन मुहैया कराना केंद्र का कर्तव्य है और धन प्राप्त करना राज्य का अधिकार है। लेकिन फासीवाद और पायसम (टीवीके इस शब्द का प्रयोग द्रमुक के फासीवाद विरोधी बयानबाजी का उपहास करने के लिए करता है), हमारे राजनीतिक और वैचारिक दुश्मन दोनों ही सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ खेल रहे हैं। यहां क्या हो रहा है? दोनों लड़ने का दिखावा कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि हम यकीन कर लें? विजय ने कहा कि टीवीके सभी भाषाओं का सम्मान करता है, लेकिन किसी अन्य भाषा के लिए अपना आत्मसम्मान नहीं छोड़ेगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी व्यक्ति कोई भी भाषा सीख सकता है, लेकिन सहकारी संघवाद और राज्य की स्वायत्तता का उल्लंघन करना तथा किसी अन्य भाषा को थोपकर और उसे राजनीतिक रूप से लागू करके राज्य की भाषा पर प्रश्नचिह्न लगाना अस्वीकार्य है।

### मुंबई की सद्भावना और प्रशिक्षण यात्रा पर ईरान के दो युद्धपोत

**मुंबई।** नौसेना ने बुधवार को कहा कि समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और आपसी मित्रता को मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम के तहत दो ईरानी युद्धपोत फिलहाल मुंबई की सद्भावना और प्रशिक्षण यात्रा पर हैं। मिशन कमांडर और दोनों जहाजों -आईआरआईएस बौशहर और आईआरआईएस लावन- के कमांडिंग अधिकारियों ने पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय में चीफ स्टाफ ऑफिसर (ऑपरेशंस) रियर एडमिरल विद्याधर हरके से मुलाकात की।

## मकान में घुसी अनियंत्रित कार चार श्रद्धालुओं की मौत, पांच जख्मी

**भाषा।** प्रतापगढ़ (उप्र)

**प्रतापगढ़** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार तड़के एक कार के अनियंत्रित होकर एक घर में घुस जाने से अयोध्या जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर क्षेत्र) शिव नारायण वैश ने बुधवार को बताया कि थाना देहात कोतवाली क्षेत्र में अयोध्याप्रयागराज राजमार्ग पर स्थित राजगढ़ गांव में बबुरहा मोड़ के पास आज तड़के लगभग ढाई बजे एक कार अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार सात लोगों के साथसाथ घर में सो रही रेनू ओझा और उसके पति मनोज समेत नौ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। वैश ने बताया कि सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने राजू सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, कार चालक अभिषेक ओझा और सौरभ नामक एक अन्य व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। बाकी पांच घायलों का उपचार किया जा रहा है। कार सवार सभी सात लोग प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करने के बाद अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। पुलिस नें चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्कूल की छुट्टियों में बदलाव करने वाले अधिकारी को नोटिस जारी किया

**कोलकाता।** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारियों ने बुधवार को अपने शिक्षा विभाग के एक अधिकारी को हिंदी माध्यम स्कूलों में विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द करने और इस वर्ष ईद-उल-फितर की छुट्टी एक दिन से बढ़ाकर दो दिन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। केएमसी के नगर आयुक्त द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के बाद निगम के शिक्षा विभाग के मुख्य प्रबंधक ने एक भूल-सुधार पत्र जारी कर छुट्टियों से जुड़े पुराने आदेश को रद्द कर दिया। पत्र में कहा गया कि है आदेश में अनजाने में मुद्रण संबंधी गलतियां हुई थीं।

पच्चीस फरवरी की तारीख वाले इस नोटिस पर केएमसी के शिक्षा विभाग के मुख्य प्रबंधक के हस्ताक्षर हैं। मीडिया को जारी बयान में नगर निगम आयुक्त ने कहा कि हिंदी माध्यम केएमसीपी स्कूलों के लिए अवकाश सूची के बारे में आदेश केएमसी के सक्षम प्राधिकारी से कोई सहमति प्राप्त किए बिना जारी किया गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बयान में कहा गया है कि इस चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्वाई की जा रही है।

चूंकि यह आदेश निगम के सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना जारी किया गया था, इसलिए इसे रद्द किया जाता है। इसमें कहा गया है, राज्य सरकार की छुट्टियों की सूची को मौजूदा मानदंडों के अनुसार बनाए रखते हुए एक संशोधित आदेश जारी किया जाएगा। इस बीच, भाजपा ने दावा किया कि जब उसने यह मुद्दा उठाया, तभी केएमसी ने स्कूलों की छुट्टी से संबंधित 25 फरवरी के आदेश को रद्द किया। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के महासचिव जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह विश्वास करने लायक नहीं है कि विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी रद्द करने और ईद-उल-फितर की छुट्टी बढ़ाने के ऐसे फैसले के बारे में नगर निगम अधिकारियों को जानकारी नहीं थी।

# झारखंड के हजारीबाग में झंडा लगाने को लेकर दो समूहों में झड़प, कई घायल

**भाषा।** हजारीबाग

**झारखंड** के हजारीबाग जिले में बुधवार को महाशिवरात्रि के दौरान झंडे और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समूहों के बीच झड़प में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह सब तब शुरू हुआ जब एक समूह ने दूसरे समूह के सदस्यों द्वारा इचाक थाना क्षेत्र के डुमरांव गांव में एक स्कूल के सामने धार्मिक झंडे और लाउडस्पीकर लगाने पर आपत्ति जताई। पुलिस ने बताया कि पहले दोनों समूह में बहस हुई जो हिंसा में बदल गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। कई दोपहिया वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और समूहों को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया गया। पुलिस ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हम लोगों से महाशिवरात्रि को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हैं। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने हिंसा के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को जिम्मेदार ठहराया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्हें बाहर निकालने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया, "चाहे होली हो, सरस्वती पूजा हो, रामनवमी हो या महाशिवरात्रि हो ऐसी घटनाएं केवल झारखंड में ही क्यों होती हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि बांग्लादेश से घुसपैठिए यहां सांप्रदायिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था को नष्ट करने पर तुले हुए हैं और राज्य की जनसांख्यिकी को बदल रहे हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा-राजग शासित राज्यों में ऐसी घटनाएं बहुत कम होती हैं, चाहे वह दिल्ली हो, असम हो, मध्य प्रदेश हो, महाराष्ट्र हो या उत्तर प्रदेश हो, क्योंकि वहां घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकाल दिया जाता है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सेठ ने कहा, मैंने मुख्यमंत्री से यहां कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया है। राज्य सरकार को बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें बाहर निकालना चाहिए।

## पेज 1 का शेष

### नीतीश...

लेकिन सरकार ने 1,800 एआई कैमरों समेत 3,000 से अधिक कैमरों, ड्रोन और 60,000 कर्मचारियों के हवाले से श्रद्धालुओं की सही संख्या बताने की बात कही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, श्रद्धालुओं की संख्या का मिलान करने के लिए एआई कैमरों के साथ ही हम रोडवेज, रेलवे और हवाईअड्डे के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहे। महाकुंभ मेले में अग्निशमन विभाग ने आग की घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका निभाई और आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल कार्वाई किए जाने से जनहानि की एक भी सूचना नहीं आई। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 37,000 पुलिसकर्मी, 14,000 होमगार्ड के जवान तैनात रहे। इसके अलावा, तीन जल पुलिस थाने, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम और 50 वाच टावर स्थापित किए गए थे। महाकुंभ में आने वाले अति विशिष्ट लोगों में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी, एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरैन पॉवेल, ब्रिटेन के रॉक बैंड कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन प्रमुख रूप से शामिल थे। इनके अलावा, सोशल मीडिया के चर्चित चेहरों में हर्षा रिछारिया, माला बेचने वाली युवती मोनालिसा भोसले और आईआईटी बाबा के नाम से प्रसिद्ध अभय सिंह ने भी इस मेले में सुर्खियां बटोरी।

### भ्रष्टाचार...

थिरुनावक्करासर ने कहा था, यह डीएमके के संविधान में है, हालांकि फिलहाल इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल आर एन रवि इस मुद्दे पर डीएमके के रुख से पूरी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने खुलासा किया, एक पेशेवर खुफिया विशेषज्ञ के रूप में, पूर्व आईपीएस अधिकारी रवि का राज्य भर में संपर्कों का एक विशाल नेटवर्क हैं।

### सुरंग...

का काम जारी रहेगा और अंदर लगी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) को गैस कटर की मदद से टुकड़ों में काटकर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद सेना, नौसेना, रैट माइनर्स एवं एनडीआरएफ की टीम लापता आठ लोगों को बचाने के लिए एक और गंभीर प्रयास करेंगी लेकिन बचावकर्मियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें अब भी आस है कि अंदर फंसे लोग जीवित हैं, तो उन्होंने कहा, हमने आस पूरी तरह नहीं छोड़ी है। हम उन्हें बचाने और बाहर निकालने के इरादे से अपने काम पर आगे बढ़ रहे हैं। श्रीशैलम वाम तट नहर (एसएलबीसी) सुरंग परियोजना पर काम कर रहे आठ कर्मचारी 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद अंदर फंस गए थे।

### केजरीवाल...

की तारीखों की घोषणा नहीं की है। यह चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव के साथ नवंबर में होने की उम्मीद है। आप की घोषणा के तुरंत बाद, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी पर टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या इस कदम का उद्देश्य 'अरविंद केजरीवाल के लिए पंजाब से राज्यसभा में नामांकन का रास्ता साफ करना है, जो हाल ही में नई दिल्ली में अपनी सीट हार गए हैं। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल के बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे?' मालवीय ने आगे पूछा कि क्या आप ने अरोड़ा को उपचुनाव जीतने और अपनी सीट खाली करने के बाद मंत्री पद देने का वादा किया था। उन्होंने कहा, इस तरह की लेन-देन की राजनीति की निंदा की जानी चाहिए। लुधियाना के लोगों को संजीव अरोड़ा को हराना होगा ताकि वह अपनी सीट गंवाए बिना अरविंद केजरीवाल को अपनी सीट न दे सकें। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने केजरीवाल के संसद में प्रवेश की संभावना की चर्चा को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'अरविंद केजरीवाल राज्यसभा नहीं जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि जहां तक आप सुप्रीमो का सवाल है, पहले उनके पंजाब के सीएम बनने की खबरें थीं, अब उनके राज्यसभा से चुनाव लड़ने की खबरें हैं। कक्कड़ ने कहा, 'ये दोनों बातें बिल्कुल गलत हैं। अरविंद केजरीवाल आप के राष्ट्रीय संयोजक हैं। मैं मानता हूं कि उनकी मांग बहुत ज्यादा है, लेकिन वह किसी एक सीट तक सीमित नहीं हैं।' भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने भी लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए अरोड़ा को मैदान में उतारने के आप के कदम पर सवाल उठाया। उन्होंने तीन प्रश्न पूछे कि यह निर्णय क्यों लिया गया। केजरीवाल राज्यसभा में जाना चाहते हैं? केजरीवाल दिल्ली में सरकारी आवास चाहते हैं? चुनाव हारने के बाद केजरीवाल को सत्ता का लोभ हो रहा है? शेरगिल ने पूछा कि क्या आप ने अरोड़ा से सीट खाली करने को इसलिए कहा था ताकि सत्ता, भत्ते और विशेषाधिकार के लालची केजरीवाल को खुश किया जा सके? अरोड़ा, जो 2022 में पंजाब से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं, उनका छह साल का कार्यकाल 2028 में समाप्त होगा, उन्हें राज्य का चुनाव लड़ने के लिए संसद से इस्तीफा देना होगा। यदि वह पद छोड़ देते हैं तो उनकी रिक्त राज्यसभा सीट संभवतः केजरीवाल को आवंटित की जा सकती है। लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की 10 जनवरी को रहस्यमयी मौत के बाद खाली हो गई थी। नियमों के अनुसार, खाली सीट से नए विधायक का चुनाव करने के लिए छह महीने के भीतर उपचुनाव कराना होता है।

### दागी...

अयोग्यताएं संसदीय नीति का विषय हैं और आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त नहीं होगा। केंद्र ने कहा कि न्यायिक समीक्षा के मामले में, न्यायालय प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित कर सकता है, हालांकि, याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई राहत में अधिनियम की धारा 8 की सभी उप-धाराओं में छह वर्ष के प्रावधान को आजीवन पढ़े जाने का अनुरोध किया गया है।इसने कहा कि आजीवन अयोग्यता, प्रावधानों के तहत लगाई जा सकती है और ऐसा विवेकाधिकार निश्चित रूप से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। केंद्र ने कहा कि याचिका अयोग्यता के आधार और अयोग्यता के प्रभावों के बीच महत्वपूर्ण अंतर स्पष्ट करने में विफल रही है। हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 का उल्लेख करना पूरी तरह से गलत है। संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 संसद, विधानसभा या विधानपरिषद की सदस्यता के लिए अयोग्यता से संबंधित हैं। केंद्र ने कहा कि अनुच्छेद 102 और 191 के खंड (ई) संसद को अयोग्यता से संबंधित कानून बनाने की शक्ति प्रदान करते हैं और इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए 1951 का (जन प्रतिनिधित्व) अधिनियम बनाया गया था। इसने कहा कि संविधान ने संसद को अयोग्यता से संबंधित ऐसे अन्य कानून बनाने का अधिकार दिया है, जिसे बनाना वह उचित समझता हो। केंद्र ने कहा, संसद के पास अयोग्यता के आधार और अयोग्यता की अवधि, दोनों निर्धारित करने की शक्ति है। न्यायालय ने 10 फरवरी को, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा था।

## केदारनाथधाम के कपाट दो मई को खुलेंगे

**भाषा।** रुद्रप्रयाग

**उत्तराखंड** में उच्च गढ़वाल हिमालई क्षेत्र में स्थित केदारनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल में करीब छह माह बंद रहने के बाद श्रद्धालुओं के लिए दो मई को फिर खोल दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथकेदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में परंपरागत रूप से पूजाअर्चना करने के बाद धर्माचार्य वेदपाठियों ने पंचाग गणना कर केदारनाथ मंदिर के कपाट खोले जाने का मुहूर्त निकाला। भव्य रूप से फूलों से सजाए गए ओंकारेश्वर मंदिर में इस दौरान केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल, मंदिर समिति के पदाधिकारियों और धर्माधिकारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद थे। द्वादश ज्योर्तिलिंगों में से एक केदारनाथ मंदिर के कपाट दो मई, शुक्रवार को मिथुन राशि और वृष लग्न में सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। केदारानाथ मंदिर के कपाट खुलने का मुहूर्त निकलने के साथ ही गढ़वाल हिमालय के चारों धामों के खुलने की तिथि तय हो गई है।

# सीबीआई ने नौकरी घोटाले के आरोप पत्र में अभिषेक बनर्जी का नाम लिया

## सांसद ने फंसाने का प्रयास बताया

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में बुधवार को राजनीतिक गलियारों में उस समय हलचल मच गई, जब यह बात सामने आई कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्कूल में नौकरी घोटाला मामले में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में किसी अभिषेक बनर्जी का नाम लिया है। एजेंसी ने आरोपपत्र में 2017 में रिकॉर्ड एक बातचीत की ऑडियो फाइल का हवाला दिया और किसी अभिषेक बनर्जी का नाम लिया, जिन्होंने अवैध नियुक्तियों के लिए 15 करोड़ रुपए मांगे थे।

एजेंसी ने आरोपपत्र में अभिषेक बनर्जी की पहचान स्पष्ट नहीं की, हालांकि यह नाम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के नाम से मिलता है। अतीत में विपक्ष ने उनके खिलाफ घोटाले में शामिल होने का बार-बार आरोप लगाया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद पहले ही कई बार केंद्रीय जांच एजेंसियों - ईडी और सीबीआई - के सामने पेश हो चुके हैं। बाद में, सांसद के वकील संजय बसु ने एक प्रेस बयान जारी किया और विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष पेश आरोप पत्र को भ्रामक और निराधार बताया तथा इसे उनके मुवक्किल को परेशान करने के उद्देश्य से फंसाने का प्रयास बताया। सीबीआई ने 28 पृष्ठों के इस आरोप पत्र को 21 फरवरी को दायर किया था, जिसकी प्रमाणित प्रति पीटीआई के पास है। इस आरोपपत्र में सुजय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाटर काकू और दो अन्य को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी), 2014 की चयन प्रक्रिया के माध्यम से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की अनियमित नियुक्तियों का दोषी बताया गया है।

सीबीआई ने भद्र की पहचान मेसर्स लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में की है। इससे पहले ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी को कंपनी के सीईओ के रूप में नामित किया था, जो सीमित अवधि के लिए इसके निदेशकों में से एक थे। अपने आरोपपत्र में, सीबीआई ने भद्र के बेहाला निवास पर 2017 में हुई एक बैठक का उल्लेख किया है, जिसमें आरोपी कुंतल घोष, शांतनु बनर्जी और दो अन्य लोग -अरबिंद रॉय बर्मन और सुरजीत चंदा भी मौजूद थे। एजेंसी ने कहा है कि आरोपी कुंतल घोष के कहने पर, उनके कर्मचारी अरबिंद रॉय बर्मन ने अपने मोबाइल फोन पर बातचीत रिकॉर्ड की थी और बाद में ऑडियो फ़ाइल को अपने लैपटॉप में स्थानांतरित कर दिया था, जिसे जांच के दौरान बरामद किया गया।आरोपपत्र के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए बनर्जी ने अपने बयान में आरोप लगाया कि उन्हें एजेंसी द्वारा अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उनके वकील ने बयान में कहा, कथित तीसरा पूरक आरोपपत्र मेरे मुवक्किल को परेशान करने के उद्देश्य से फंसाने का प्रयास है... सीबीआई ने अपने दावों के समर्थन में कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया है। यह मेरे मुवक्किल को अनुचित तरीके से निशाना बनाए जाने का एक और उदाहरण है।

# सिद्धरमैया आग की तरह हैं, उन्हें कोई छू नहीं सकता: कर्नाटक के मंत्री

**विजयनगर** (कर्नाटक)। (भाषा) कर्नाटक मंत्रिमंडल के एक मंत्री बी. जेड. जमीर अहमद खान ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया आग की तरह हैं और कोई भी उन्हें या उनकी कुर्सी को नहीं छू सकता।

खान ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब राज्य के नेतृत्व में बदलाव होने की अटकलें लगाई जा रही हैं, हालांकि उन्होंने इन अटकलों को भी खारिज कर दिया। खान ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बदलने की अटकलों को भी तवज्जो न देते हुए कहा कि सभी लोग पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करेंगे। सिद्धरमैया के करीबी माने जाने वाले खान ने एक सवाल के जवाब में कहा, अभी मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है। यहां तक कि अध्यक्ष (कर्नाटक कांग्रेस) का पद भी खाली नहीं है। वर्तमान में डी. के. शिवकुमार अध्यक्ष हैं और सिद्धरमैया मुख्यमंत्री हैं। अगर यह खाली होगा तभी चर्चा हो सकती है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, क्या कोई सिद्धरमैया की कुर्सी को छू सकता है? यह आग की तरह है। अगर आप आग को छूते हैं तो आपके हाथ जल जाएंगे। सिद्धरमैया आग की तरह हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री बदलने के मुद्दे पर दिए जा रहे बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए खान ने कहा, कोई कुछ भी कहे मुख्यमंत्री की कुर्सी अभी खाली नहीं है और सिद्धरमैया आग की तरह हैं। अगर कोई उन्हें छूने की कोशिश करेगा तो वह जल जाएगा। हम उन्हें तगारू (नर भेड़) कहते हैं। इसलिए यह असंभव है। कर्नाटक के राजनीतिक क्षेत्रों खासकर सत्तारूढ़ कांग्रेस में रोटेशनल मुख्यमंत्री (बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने) या सत्ता-साझाकरण फॉर्मूले के तहत किसी और के मुख्यमंत्री बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं और उनके मुख्यमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षा भी किसी से छिपी नहीं है। खान ने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस एक हाईकमान वाली पार्टी है, इसलिए पार्टी का हर व्यक्ति हाईकमान के निर्णय का पालन करेगा।

# मंत्री के शब्द उचित नहीं, केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने भी इसका संज्ञान लिया होगा : त्रिवेंद्र सिंह

**देहरादून।** (भाषा) उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हाल में राज्य विधानसभा में मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल द्वारा बोले गए शब्दों को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता और उनकी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने भी निश्चित रूप से इसका संज्ञान लिया होगा। इस संबंध में सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में रावत ने कहा कि हांलांकि, इसे केवल एक घटना के रूप में ही लेना चाहिए। उन्होंने कहा, पहली बार इस तरह की घटना हुई है और पार्टी ने भी इसका संज्ञान लिया है। केंद्र ने भी निश्चित रूप से इसका संज्ञान लिया होगा या ले रहा होगा। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए वह खुद को भी नहीं समझा पा रहे हैं कि यह कितना उचित था या इसकी किन शब्दों में निंदा या भर्त्सना की जाए या इसके लिए माफी मांगी जाए। लोकसभा सांसद ने कहा, वह मेरे संसदीय क्षेत्र के एक सम्मानित मंत्री हैं और उन्होंने जो भी कहा, मैं उसको उचित नहीं मानता। रावत ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में हुई एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड19 से पीड़ित होने के कारण जब वह दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती थे, उस दौरान उनकी ही पार्टी के एक विधायक ने एक महिला विधायक के लिए कुछ ऐसे शब्द कहे थे जो उन्हें उचित नहीं लगे। उन्होंने कहा, तब मैंने खुद एक ट्वीट किया था और कहा था कि जिस प्रकार से एक महिला के लिए बोला गया, वह उचित नहीं है और मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। हाल में राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट की उन्हें लेकर की गई टिप्पणी पर संसदीय कार्य मंत्री अग्रवाल भड़क गए थे और उन्होंने कहा था क्या हमने इसी दिन के लिए आंदोलन कर उत्तराखंड मांगा था कि पहाड़ी और देसी (मैदानी) को लेकर टिप्पणियां की जाएं। इस दौरान उनके मुंह से एक अपशब्द भी निकल गया था।मंत्री के बयान को लेकर प्रदेश में सियासी पारा गर्म हो गया और कांग्रेस तथा कुछ अन्य संगठनों ने उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर निकाले जाने की मांग करते हुए उनके पुतले फूंके। इसके बाद मंत्री ने अपने बयान के लिए खेद भी जताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री, (संगठन) अजेय कुमार ने भी अग्रवाल को तलब किया और उन्हें सार्वजनिक जीवन में संयम बरतने और उचित शब्दावली का प्रयोग करने की कड़ी हिदायत दी। सांसद ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष ॠतु खंडूरी भूषण द्वारा कांग्रेस विधायकों को इस विषय पर बोलने न देने और उनके इस व्यवहार को उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के व्यवहार के विपरीत बताए जाने के बारे में कहा कि यह अपनाअपना नजरिया है। उन्होंने कहा कि अदालत में भी देखा गया है कि पिता के फैसलों को पुत्र ने बदल दिया।

# ईडी ने पंजाब, चंडीगढ़ में कई वीजा सलाहकार फर्म के ठिकानों पर छापे मारे

## अमेरिका में अवैध प्रवासन का मामला

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने अमेरिका जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आव्रजन सेवाएं प्रदान करने में कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना और चंडीगढ़ में कई वीजा सलाहकार फर्म के ठिकानों पर छापे मारे। ईडी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के विदेशी आपराधिक जांच कार्यालय की शिकायत पर पंजाब और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है। शिकायत में कहा गया है कि रेड लीफ इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड, ओवरसीज पार्टनर एजुकेशन कंसल्टेंट्स और कुछ अन्य कंपनियों ने धोखाधड़ी संबंधी गतिविधियों की साजिश रची। ईडी ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को पंजाब के लुधियाना और चंडीगढ़ में रेड लीफ इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड, ओवरसीज पार्टनर एजुकेशन कंसल्टेंट्स, इंफोविज सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस और कुछ अन्य कंपनियों के पांच व्यावसायिक और आवासीय परिसरों पर छापेमारी की गई। बयान के अनुसार, तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और 19 लाख रुपए नकद जब्त किए गए।

इसमें कहा गया है कि आरोपी कंपनियों और उनका संचालन करने वाले लोगों ने अमेरिका में पढ़ाई या नौकरी के इच्छुक ऐसे आवेदकों के शैक्षिक प्रमाणपत्रोंअनुभव पत्रों में जालसाजी की थी, जिनके पास वीजा पाने के लिए वांछित योग्यता नहीं थी।

बयान के मुताबिक, ईडी ने पाया कि आरोपियों ने वीजा आवेदन के लिए बैंक खाते में जरूरी न्यूनतम राशि दिखाने के लिए वीजा आवेदकों के खातों में धनराशि स्थानांतरित की और उन्होंने तथ्यों एवं परिस्थितियों से छेड़छाड़ कर अमेरिका के लिए वीजा प्राप्त करने की पात्रता दिखाने में ऐसे व्यक्तियों की गलत तरीके से मदद की। इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने इस काम के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से कमीशन लिया।

बयान के अनुसार, आरोपी कंपनियों ने वीजा आवेदकों से कमीशन के रूप में वसूली गई भारी-भरकम राशि को विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित किया और इनका निवेश चल एवं अचल संपत्तियों की खरीद के लिए किया। अवैध प्रवासन और मानव तस्करी का मुद्दा हाल-फिलहाल में फिर सुर्खियों में आया, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से घोषित नई नीति के तहत वाशिंगटन ने सैकड़ों अवैध भारतीय प्रवासियों को स्वदेश निर्वासित किया।

# अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण शोषण नहीं पारस्परिक लाभकारी संबंधों पर आधारित: जयशंकर

**नई दिल्ली।** (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफ्रीका महाद्वीप में अपना प्रभाव बढ़ाने की चीन की लगातार कोशिशों के बीच बुधवार को कहा कि अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण संबंधों के शोषणकारी मॉडल से नहीं, बल्कि परस्पर लाभकारी साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान अपनी पूरक शक्तियों के साथ अफ्रीका के विकास को सतत और समावेशी तरीके से समर्थन देने की स्थिति में हैं।

विदेश मंत्री ने जापान-भारत-अफ्रीका व्यापार मंच पर अपने व्याख्यान के दौरान कहा, अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा दीर्घकालिक, पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित रहा है। उन्होंने कहा, भारत संबंधों के शोषणकारी मॉडल के विपरीत क्षमता निर्माण, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में विश्वास करता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अफ्रीकी देश न केवल निवेश से लाभान्वित हों, बल्कि विकास के लिए आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित करें। जयशंकर ने कहा कि भारत अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा उनके बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है और यह लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अफ्रीका की संपर्क सुविधा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता जताई है जिसके तहत भारत ने 12 अरब डॉलर से अधिक रियायती ऋण दिया है और रेलवे, बिजली उत्पादन, कृषि एवं जलापूर्ति



जैसे क्षेत्रों में पूरे महाद्वीप में 200 से अधिक परियोजनाएं पूरी की हैं। जयशंकर ने कहा कि बिजली संयंत्र, पारेषण लाइन, सीमेंट, चीनी एवं कपड़ा कारखानों, प्रौद्योगिकी उद्यान और रेलवे बुनियादी ढांचे समेत भारत की विकास परियोजनाओं ने स्थानीय रोजगार पैदा किए हैं तथा अफ्रीका में जीवन बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के साथ भारत का गहरा और दीर्घकालिक संबंध उसे भौगोलिक दृष्टि से या औद्योगिक मूल्य श्रृंखला में एक प्राकृतिक सेतु बना सकता है।

उन्होंने कहा, भारत तेजी से सतत आर्थिक विकास के लिए तैयार है। यह अफ्रीका और पश्चिम एशिया में विस्तार करने की इच्छुक जापानी कंपनियों के लिए एक आदर्श केंद्र है। उन्होंने कहा, जापानी निवेश, भारत का ठोस औद्योगिक आधार और डिजिटल क्षमताएं तथा अफ्रीका की प्रतिभा एवं खपत मिलकर सभी हितधारकों के लिए लाभकारी परिणाम दे सकती हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान खासकर महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में अफ्रीकी देशों के लिए लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अफ्रीका की वृद्धि और समृद्धि से न केवल उसके लोगों को लाभ होगा, बल्कि व्यापक वैश्विक स्थिरता एवं आर्थिक प्रगति में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा, भारत और जापान अपनी पूरक शक्तियों के साथ अफ्रीका के विकास को सतत और समावेशी तरीके से समर्थन देने की स्थिति में हैं।

# महाकुंभ से लौटते समय कार के ट्रक से टकरा जाने पर झामुमो सांसद महुआ माजी घायल

**लातेहार।** महाकुंभ से लौट रहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी की कार मंगलवार देर रात झारखंड के लातेहार जिले में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे वह घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि माजी की बाईं कलाई में फ्रैक्चर हो गया है और उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि दुर्घटना में उनकी कार में सवार परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-75 (एनएच-75) पर होटवाग गांव के पास देर रात करीब ढाई बजे हुई। सदर थाना प्रभारी दुलार चौड़े ने बताया कि दुर्घटना के बाद महुआ माजी को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया तथा बेहतर उपचार के लिए उन्हें रांची ले जाया गया। उन्होंने बताया कि महुआ माजी प्रयागराज से अपने बेटे और बहू के साथ रांची लौट रही थीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महुआ माजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, माननीय राज्यसभा सदस्य और झामुमो की वरिष्ठ नेता महुआ माजी एवं उनके परिवार के सदस्यों के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली है। मैं महुआ माजी और उनके परिवार के सदस्यों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बाद में हेमंत सोरेन, माजी से मिलने के लिए अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ अस्पताल गए। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भी महुआ माजी से मुलाकात की। उन्होंने कहा, वह खतरे से बाहर हैं। चिकित्सकों ने कहा कि वह पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा, उनकी हालत स्थिर है।

# पंजाब सीमा के पास पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया गया

**अमृतसर, जम्मू।** पंजाब के पठानकोट में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने बुधवार की सुबह एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि बीएसएफ के कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमावर्ती चौकी के ताशपतन क्षेत्र में कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी। बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को चेतावनी दी, बावजूद इसके वह सीमा पार कर भारत में घुसने का प्रयास करता रहा।अधिकारियों ने कहा कि बाद में बीएसएफ की गोलीबारी में घुसपैठिए को मार गिराया गया और उसकी पहचान का पता लगाया जा रहा है। बीएसएफ, जम्मू फ्रंटियर के एक प्रवक्ता ने कहा कि घटना के संबंध में पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।बीएसएफ भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है, जिसमें पंजाब में 553 किलोमीटर लंबा सीमा क्षेत्र भी शामिल है।

# महाकुंभ में न जाकर राहुल और उद्धव ने हिंदुत्व का अपमान किया: आठवले

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को आरोप लगाया कि शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाकुंभ में न जाकर हिंदुत्व का अपमान किया है और हिंदू मतदाताओं को उनका बहिष्कार करना चाहिए। महाराष्ट्र के प्रमुख दलित नेता और भाजपा के सहयोगी अठावले ने कहा, ठाकरे हिंदुत्व के बारे में बात करते हैं, लेकिन उन्होंने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग नहीं लिया। उन्होंने पीटीआई-वीडियो से कहा, ठाकरे और गांधी परिवार ने महाकुंभ में भाग न लेकर हिंदुत्व का अपमान किया है। हिंदू होना और महाकुंभ में शामिल न होना हिंदुओं का अपमान है और हिंदुओं को उनका बहिष्कार करना चाहिए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने कहा, लोगों की भावनाओं को देखते हुए उन्हें महाकुंभ में हिस्सा लेना चाहिए था। आठवले ने कहा, वे हमेशा हिंदू वोट चाहते हैं, इसके बावजूद वे महाकुंभ में शामिल नहीं हुए। मुझे लगता है कि हिंदू मतदाताओं को उनका बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने पिछले साल नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदू मतदाताओं ने हाल ही में हुए चुनावों में इन नेताओं को सबक सिखाया है।

# गोडसे की प्रशंसा करने वाली एनआईटी प्रोफेसर को डीन नियुक्त किया, राजनीतिक दलों ने किया विरोध

**कोझिकोड** (केरल)। कालीकट स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी-कालीकट) की एक प्रोफेसर को योजना एवं विकास विभाग का डीन नियुक्त किया गया है जबकि उनके खिलाफ महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर नाथूराम गोडसे की प्रशंसा करने पर पुलिस मामला लंबित है। एनआईटी-कालीकट के निदेशक की ओर से जारी आदेश में प्रोफेसर डॉ. शैजा ए को सात मार्च से योजना एवं विकास विभाग का डीन नियुक्त किया गया है। शैजा को पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था और जमानत पर रिहा कर दिया गया था। डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और युवा कांग्रेस जैसे संगठनों ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इन संगठनों ने सोशल मीडिया पर एक दक्षिणपंथी वकील द्वारा साझा किए गए पोस्ट के जवाब में गोडसे की प्रशंसा करते हुए पोस्ट करने पर शैजा के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी टिप्पणी में शैजा ने महात्मा गांधी की हत्या करने और इस तरह भारत को बचाने को लेकर गोडसे पर कथित तौर पर गर्व व्यक्त किया था। राजनीतिक दलों ने डीन के रूप में शैजा की नियुक्ति का कड़ा विरोध किया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की युवा शाखा डीवाईएफआई ने एनआईटी तक मार्च करने की घोषणा की है। निदेशक के आदेश में शैजा को सात मार्च तक मौजूदा डीन डॉ. प्रिया चंद्रन के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि (जिम्मेदारी का) सुचारू हस्तांतरण हो सके।

# मंगल ग्रह का लाल रंग लौहयुक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है: अध्ययन

भाषा। नई दिल्ली

**एक** नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह-युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है और इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह अतीत में रहने योग्य रहा होगा।

नेचर कम्युनिकेशन्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक - फेरिहाइड्राइट - ग्रह के रंग का कारण हो सकता है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो तथा अध्ययन के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके।

उन्होंने कहा, हमारे विश्लेषण से, हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवत: चट्टान संरचनाओं में भी है। हालांकि, चूंकि

**● माना जाता है कि मंगल का वातावरण अरबों साल पहले नम से शुष्क हो गया था जब इसका वातावरण सौर हवाओं के प्रभाव में आ गया था।**

फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है। माना जाता है कि मंगल का वातावरण अरबों साल पहले नम से शुष्क हो गया था जब इसका वातावरण सौर हवाओं के प्रभाव में आ गया था। मंगल पर एक कमजोर चुंबकीय क्षेत्र था, जो इसे सौर हवाओं से बचाने में विफल रहा, जिससे मंगल शुष्क और ठंडा हो गया। अध्ययन में नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सहित अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा मंगल पर संचालित कई मिशनों से एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। फिर टीम ने परिणामों की तुलना प्रयोगशाला में प्रयोगों से की, जहां उन्होंने परीक्षण किया कि मंगल ग्रह की कृत्रिम परिस्थितियों के तहत प्रकाश फेरिहाइड्राइट कणों और अन्य खनिजों के साथ कैसे संपर्क करता है। मंगल से नमूनों का विश्लेषण, जो वर्तमान में नासा के पर्सिवियरेंस रोवर द्वारा एकत्र किया जा रहा है, यह बताएगा कि क्या टीम के निष्कर्ष निश्चित रूप से सही हैं। ए निष्कर्ष मंगल के गठन के लिए एक सिद्धांत के रूप में प्रस्तावित हैं। रोवर को जुलाई 2020 में प्रक्षेपित किया गया था और यह फरवरी 2021 में मंगल ग्रह पर उतरा। अनुसंधानकर्ताओं का लक्ष्य मंगल ग्रह की प्राचीन जलवायु और इसकी रासायनिक प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझना है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि ग्रह कभी रहने योग्य था या नहीं।

वैलेंटिनास ने कहा, इसे समझने के लिए, आपको इस खनिज के निर्माण के समय की परिस्थितियों को समझने की आवश्यकता है। वे परिस्थितियां आज के शुष्क, ठंडे वातावरण से बहुत अलग थीं। अध्ययन के प्रमुख लेखक ने कहा, हम इस अध्ययन से जो जानते हैं वह यह कि सबूत फेरिहाइड्राइट के बनने की ओर इशारा करते हैं, और ऐसा होने के लिए, ऐसी स्थितियां होनी चाहिए जहां हवा या अन्य स्रोतों से ऑक्सीजन और पानी लोहे के साथ प्रतिक्रिया कर सकें।

# न्यू इंडिया कॉप बैंक की तिजोरी की क्षमता 10 करोड़ रुपए की, बहीखाते में दिखे 122 करोड़ : ईओडब्ल्यू

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक की प्रभादेवी शाखा में एक बार में 10 करोड़ रुपए रखने की क्षमता थी, लेकिन नकदी पुस्तिका से पता चला कि आरबीआई के निरीक्षण के दिन तिजोरी में 122.028 करोड़ रुपए थे। पुलिस ने यह जानकारी दी है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन की जांच कर रही है और उसने अब तक बैंक के दो पूर्व शीर्ष अधिकारियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की निरीक्षण टीम ने 11 फरवरी को प्रभादेवी स्थित बैंक की कॉरपोरेट कार्यालय शाखा का दौरा किया था, जहां उसे तिजोरी से 122 करोड़ रुपए की नकदी गायब मिली। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट कार्यालय शाखा के बहीखाते में प्रभादेवी और गोरेगांव शाखाओं में बैंक की तिजोरी में 133.41 करोड़ रुपए दिखाए गए थे और उस दिन प्रभादेवी शाखा के बहीखाते में यह आंकड़ा 122.028 करोड़ रुपए था। अधिकारी के अनुसार, जांच के दौरान ईओडब्ल्यू ने पाया कि कॉरपोरेट कार्यालय की तिजोरी में नकदी रखने की क्षमता केवल 10 करोड़ रुपए थी, जबकि उसे तिजोरी में वास्तव में 60 लाख रुपए मिले।

# असम में व्यापार शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 10,785 करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर

**गुवाहाटी( भाषा )।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि दो दिवसीय एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 के आखिरी दिन विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के साथ 10,785 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राज्य सरकार ने 200 मेगावाट का डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए विरिंची लिमिटेड के साथ 3,000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, साथ ही 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए विरिंची हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ 200 करोड़ रुपए के एक अन्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

स्टार सीमेंट्स लिमिटेड के साथ उनकी अनुषंगी कंपनी स्टार सीमेंट नॉर्थ ईस्ट लिमिटेड के माध्यम से सीमेंट क्लिंकर और ग्राइंडिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए 3,200 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। राज्य सरकार ने 95 केटीपीए हाइड्रोजन और स्टीम जनरेशन संयंत्र स्थापित करने के लिए मैथेसन हाइड्रोजन प्राइवेट लिमिटेड के साथ 1,500 करोड़ रुपए के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ ग्राइंडिंग यूनिट और सीमेंट-बल्क टर्मिनल स्थापित करने के लिए 700 करोड़ रुपए का समझौता हुआ। कॉपर प्लस होल्डिंग्स एसएसी ने खनन अन्वेषण सहित सेवा व परिचालन के लिए 1,000 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए। काजीरंगा में पांच सितारा लक्जरी इको-रिजॉर्ट स्थापित करने के लिए तमारा लीजर एक्सपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 275 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वरुण बेवरेजेस लिमिटेड ने कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, फलों के रस और फलों के गूदे से बने पेय के लिए एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 510 करोड़ रुपए का निवेश करने पर सहमति व्यक्त की। राज्य सरकार ने ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड के साथ 500 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए, जबकि आईटीई एजुकेशन सर्विस के साथ दो गैर-वित्तीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, उद्योग समुदाय के निरंतर समर्थन के लिए आभारी हूं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2025



# इटली में बम के अलर्ट को लेकर अमेरिका का नौसैन्य हवाई अड्डा कई घंटों तक बंद रहा

**रोम।** इटली में अमेरिका का एक नौसैन्य हवाई अड्डा बुधवार को सुरक्षा बलों को वहां संभावित कार बम धमाके का अलर्ट प्राप्त होने के बाद कई घंटों तक बंद रहा। हालांकि, बाद में अधिकारियों ने संदिग्ध वस्तु की जांच की और पाया कि इससे कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी नौसेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों को सिगोनेला नौसैन्य हवाई अड्डे (एनएएस) को विस्फोटकों से लदी कार से निशाना बनाए जाने को लेकर सतर्क किया गया था, जिसके बाद प्राधिकारियों ने जांच के लिए हवाई अड्डे के एक हिस्से को खाली करा दिया और पूरे परिसर को बंद कर दिया। बयान के अनुसार, इतालवी पुलिस और बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने संदिग्ध वस्तु की जांच की और पाया कि इससे कोई खतरा नहीं है।

इटली के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि एक गलत सुरक्षा अलर्ट के कारण सभी आवश्यक प्रक्रियाएं बाधित हो गईं। इससे पहले, खबर आई थी कि सिगोनेला नौसैन्य हवाई अड्डा अज्ञात घटना के कारण कई घंटों तक बंद रहा। हवाई अड्डे के आधिकारिक फेसबुक पेज पर जारी शुरुआती पोस्ट में कहा गया था, सिगोनेला को एक घटना के कारण बंद कर दिया गया है।

पोस्ट के मुताबिक, जो कुछ भी हुआ, वह नौसैन्य हवाई अड्डे के द्वार पर हुआ। इसमें कर्मचारियों से आग्रह किया गया था कि वे हाईवे एसपी105 पर मारिनाई हाउसिंग कॉम्प्लेक्स और हवाई अड्डे के एक हिस्से के बीच यात्रा करने से बचें। पोस्ट में यह नहीं बताया गया था कि हवाई अड्डे पर क्या हुआ। कुछ घंटे बाद जारी एक अन्य पोस्ट में कहा गया था कि स्थिति पर काबू पा लिया गया और हवाई अड्डे के आसपास यातायात की फिर से अनुमति दे दी गई है। इसमें कहा गया था, हम त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नौसेना सुरक्षा बल के कर्मियों के आभारी हैं।

अमेरिकी नौसेना की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट एंड्रिया पेरेज ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा था कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एनएएस सिगोनेला सिसिली द्वीप पर कैटेनिया के बाहर इटली के एक वायुसेना अड्डे पर स्थित है और यह अमेरिका तथा नाटो बलों को क्षेत्र में कमान एवं नियंत्रण प्रदान करता है। इसे भूमध्य सागर पर रणनीतिक रूप अहम सैन्य प्रतिष्ठान के रूप में देखा जाता है, जहां से यूरोप, अफ्रीका और एशिया में तैनाती संभव है। एनएएस सिगोनेला पर अमेरिकी नौसेना के पी-8 पोसाइडन टोही विमान और एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन तैनात किए गए हैं।

## मालदीव की संसद ने शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों की संख्या घटाने से जुड़ा संशोधन पारित किया

**माले।** मालदीव की संसद ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या सात से घटाकर पांच किए जाने के प्रावधान वाले संशोधन को बुधवार को पारित कर दिया। कुछ ही घंटों के भीतर तीन शीर्ष न्यायाधीशों को निलंबित कर दिया गया, जिसके बाद मुख्य विपक्षी दल ने सत्तारूढ़ पार्टी पर बहुमत का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। न्यायाधीशों के निलंबन का आदेश उस संवैधानिक संशोधन को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई से कुछ समय पहले जारी किया गया, दल-बदलू सांसदों को अयोग्य ठहराने का प्रावधान है। फैसले को लेकर संसद में हंगामा हुआ, जहां मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सत्तारूढ़ पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) पर बहुमत का दुरुपयोग करने और न्यायाधीशों की संख्या घटाने संबंधी विधेयक को लेकर महाधिवक्ता फातिमा फिल्जा की ओर उठाई गई चिंताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। समाचार पोर्टल सन डॉट एमवी की खबर के मुताबिक, बुधवार सुबह एमडीपी के तीन सांसदों को सदन से बाहर निकाले जाने के बाद विधेयक पर मतदान हुआ और सदस्यों ने इसे नौ के मुकाबले 68 वोटों से पारित कर दिया।

# अमेरिका, यूक्रेन खनिज अधिकारों पर आर्थिक समझौते के करीब पहुंचे, सुरक्षा का कोई वादा नहीं

**भाषा।** कीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** और अमेरिका दुर्लभ खनिजों के दोहन संबंधी समझौते समेत एक व्यापक आर्थिक करार की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मामले से परिचित अधिकारियों ने अपना नाम नहीं बताने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि वे इस विषय पर सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए अधिकृत नहीं हैं। उनमें से एक अधिकारी ने कहा कि कीव को उम्मीद है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने से यूक्रेन के लिए उस अमेरिकी सैन्य सहायता का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित हो जाएगा जिसकी उसे तत्काल आवश्यकता है। समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की संभावना है और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन जाने की योजना बनाई जा रही है। यूक्रेन के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह समझौता जेलेंस्की और ट्रंप को यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगा तथा यही कारण है कि कीव इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उत्सुक है। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सुना है कि जेलेंस्की आ रहे हैं। यदि वह (आना) चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है और वह मेरे साथ मिलकर इस पर हस्ताक्षर करना चाहेंगे। ट्रंप ने कहा कि यह एक हजार अरब डॉलर तक का सौदा हो सकता है।

## अमेरिका के साथ आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ एक आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार है। सुरक्षा गारंटी, जिसे कीव महत्वपूर्ण मानता है, पर अभी निर्णय होना बाकी है तथा समझौते पर मुहर शुक्रवार को वाशिंगटन में होने वाली वार्ता पर निर्भर करेगी। कीव में संवाददाता सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि यह रूपरेखा समझौता, पूर्ण समझौते की दिशा में पहला कदम है, जिसे यूक्रेन की संसद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन यह जानना चाहता है कि अमेरिका का उसे (यूक्रेन को) मिल रहे निरंतर सैन्य समर्थन के मामले में क्या रुख है।

## बंधक बनाई गईं इजराइल की महिला, उसके दो बेटों का अंतिम संस्कार होगा

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में हमास की कैद में मारी गईं एक इजराइली महिला और उनके दो बेटों का शव इजराइल पहुंचने के बाद बुधवार को उनके अंतिम संस्कार के लिए लिया जाएगा। शवों को इजराइल लाए जाने के दौरान हजारों लोग उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए सड़क पर उमड़ पड़े। अपने हाथों में झंडा, नारंगी गुब्बारे लिए लोगों ने हमें माफ कर दो के नारे भी लगाए। सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइल ने चरमपंथी समूह के खिलाफ युद्ध की शुरुआत की। इस हमले के बाद कई इजराइलियों को बंधक बना लिया गया और इजराइल के कई परिवार में मातम पसर गया। यह मंजर लोगों के उसी दुख को बयां करता है। अपने दो मासूम बेटों – नौ महीने के केफिर और चार साल के एरियल को अपनी गोद में पकड़ी शिरी बिबास की तस्वीर ने पूरे देश को झकझोर दिया था, जिन्हें चरमपंथी अपने साथ गाजा ले गए थे।

# गुतारेस बांग्लादेश का दौरा करेंगे, एजेंडे में जबरन विस्थापित रोहिंग्या का मुद्दा शामिल

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस 13-16 मार्च तक ढाका का दौरा करने वाले हैं, और उन्होंने कहा है कि विश्व निकाय जबरन विस्थापित रोहिंग्याओं के मेजबान के रूप में बांग्लादेश का समर्थन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष अपील जारी रखेगा। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने बुधवार को कहा कि गुतारेस के कार्यालय ने उनकी यात्रा की तारीखों की पुष्टि की है। यह यात्रा बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के निमंत्रण के बाद हो रही है।संयुक्त राष्ट्र में बांग्लादेश के स्थाई मिशन की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह निमंत्रण रोहिंग्या मुद्दे और प्राथमिकता मामलों पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान ने सात फरवरी को न्यूयॉर्क में महासचिव के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्हें दिया था।

गुतारेस ने 25 फरवरी को यूनुस को लिखे एक पत्र में कहा कि वह बांग्लादेश और क्षेत्र में रोहिंग्या संकट के प्रभाव के साथ-साथ म्यांमा के रखाइन में बिगड़ती मानवीय स्थिति के बारे में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की चिंताओं को साझा करते हैं। उनके पत्र में लिखा है, मैं म्यांमा गणराज्य के लिए अपने विशेष दूत के माध्यम से क्षेत्रीय हितधारकों, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करना जारी रखूंगा, ताकि म्यांमा में संकट का राजनीतिक समाधान निकाला जा सके। इस समाधान में रोहिंग्या की सुरक्षित और स्वैच्छिक रखाइन वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाना भी शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि उन्होंने अपने वरिष्ठ प्रबंधकों से बांग्लादेश और म्यांमा में संयुक्त राष्ट्र देश टीमों को यह मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया है कि कैसे हम रखाइन में समुदायों को मानवीय सहायता और आजीविका सहायता को अधिकतम कर सकते हैं। पत्र का हवाला देते हुए, बीएसएस ने आगे कहा कि गुतारेस को उम्मीद है कि म्यांमा में रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति पर उच्च स्तरीय सम्मेलन नए सिरे से वैश्विक ध्यान आकर्षित करने और रोहिंग्या और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए व्यापक समाधान विकसित करने में योगदान देने का अवसर होगा।

# महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा की

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** और पड़ोसी भारत से हजारों श्रद्धालु महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए बुधवार को सुबह से ही पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ पड़े। काठमांडू में बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में शिवलिंग की पूजा और दर्शन के लिए मंगलवार देर रात से ही लोगों की कतारें लगने लगीं। पशुपति क्षेत्र विकास न्यास (पीएडीटी) के सदस्य सचिव मिलन कुमार थापा ने बताया कि पशुपतिनाथ में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने विशेष व्यवस्था की है।

स्थानीय प्रशासन ने त्योहार के दौरान भांग, गांजा, शराब, मांस और मछली की बिक्री एवं उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्वाई की जाएगी। मंदिर मंगलवार देर रात सवा दो बजे खुला और भक्तों को शिवलिंग के दर्शन के लिए चारों द्वारों से मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। पशुपतिनाथ मंदिर में बुधवार को नेपाल और भारत से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

प्राधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर में पूजा-अर्चना के सुचारू संचालन के लिए 4,000 सुरक्षा कर्मियों और 10,000 स्वयंसेवकों को तैनात किया है। मुख्य मंदिर और मंदिर परिसर को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनियों, कागज के झंडों और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर में दर्शन की सुचारू व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने मंदिर के अंदर आठ और बाहर चार कतारें लगवाई हैं।

प्राधिकारियों ने भीड़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए हैं। भक्त मित्रपार्क, गौशाला और पिंगलास्थान जैसे विभिन्न स्थानों से प्रवेश कर सकते हैं, जहां व्यवस्थित पंक्तियों के जरिए सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जाता है। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर तिलगंगा राम मंदिर से होकर एक अलग मार्ग बनाने की भी तैयारी की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बद्री प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि मुख्य समारोह समिति का गठन किया गया, जो विभिन्न संगठनों के समन्वय से इस अवसर पर श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, पेयजल और दवाएं उपलब्ध करा रही है।

पशुपति विकास न्यास की वरिष्ठ पदाधिकारी रेवती रमण अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सुबह साढ़े नौ बजे तक करीब एक लाख 50 हजार श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर चुके थे। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार की सुबह तक यह संख्या 10 लाख को पार कर जाएगी। अधिकारी ने बताया कि करीब 700 नगा बाबाओं सहित करीब 3,500 साधु भारत से मंदिर पहुंचे हैं। अधिकारी ने बताया कि नगा साधुओं को निःशुल्क भोजन, पानी, स्वच्छता सुविधाएं, आवास और दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को साधुओं के वापस जाने से पहले उन्हें दक्षिणा दी जाएगी जिसके तहत अधिकतम राशि 15,000 रुपए दी जाएगी।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि पर लोग उपवास रखते हैं, शिव मंदिरों में जाते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। महाशिवरात्रि अज्ञानता के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर करने का भी प्रतीक है। महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में नेपाल, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों से श्रद्धालु आते हैं। भगवान शिव की पूजा न केवल हिंदू बल्कि बौद्ध और किराती भी करते हैं। कुछ लोग भगवान शिव की पूजा भैरव के रूप में करते हैं।

## अफगानिस्तान में भारी बर्फ बारी, बारिश के कारण 36 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों में भारी बर्फबारी और बारिश के कारण 36 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता अब्दुल्ला जान साइक ने कहा कि देश के अधिकतर प्रांतों में कई दिनों तक हुई बारिश से सूखे का प्रभाव कम हुआ है, लेकिन इससे जानमाल की क्षति हुई है। प्रांतीय अधिकारियों के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि बर्फबारी और बारिश के कारण देश भर में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकतर दक्षिण-पश्चिमी फराह प्रांत में हैं। साइक ने कहा कि खराब मौसम के कारण 240 घर पूरी तरह नष्ट हो गए तथा 61 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। सर्वेक्षण दल प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए हैं और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से सर्वेक्षण जारी है। प्रवक्ता ने कहा, बर्फबारी के कारण कुछ प्रांतों में सड़कें अवरुद्ध हो गई है और लोक निर्माण मंत्रालय के सहयोग से उन्हें फिर से खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले चार इजराइली बंधकों के शव सौंपेगा हमास

**यरूशलम।** हमास बृहस्पतिवार को सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले इजराइल को उसके चार बंधकों के शव सौंपेगा। फलस्तीनी चरमपंथी समूह ने गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए इजराइल के साथ हुए संघर्ष-विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति से कुछ दिन पहले बुधवार को यह घोषणा की। इजराइल ने शनिवार से लगभग 600 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई टाल दी है। उसने हमास पर बंधकों की रिहाई के दौरान उनके साथ क्रूर व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया है। कैदियों की रिहाई में देरी संघर्ष-विराम समझौते का गंभीर उल्लंघन है और जब तक फलस्तीनियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक दूसरे चरण पर बातचीत संभव नहीं है। बुधवार को कहा कि समूह बृहस्पतिवार को इजराइल को चार बंधकों के शव सौंपेगा।

## सूडान का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, मृतक संख्या 49 हुई

**काहिरा।** सूडान के एक सैन्य विमान के ओमडुरमैन शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 49 हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। खारतूम मीडिया कार्यालय ने बताया कि दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। सेना ने एक बयान में बताया कि एंटोनोव विमान मंगलवार को ओमडुरमैन के उत्तर में वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में सैन्य कर्मियों और आम नागरिकों की मौत हुई है लेकिन उसने यह नहीं बताया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर कम से कम 49 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि विमान ओमडुरमैन के करी जिले में दुर्घटनाग्रस्त होकर एक आम नागरिक के घर पर गिरा जिसके कारण जमीन पर भी लोगों की मौत होने की आशंका है। सूडान 2023 में तभी से गृहयुद्ध की स्थिति में है, जब सेना और अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच तनाव खुले युद्ध में बदल गया था।

## संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने अकाल से ग्रस्त सूडान के विस्थापित शिविर में सहायता रोकी

**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने सूडान के अकाल प्रभावित जमजम में विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए शिविर में सहायता वितरण को अस्थाई रूप से रोक दिया है। इस शिविर के जरिए पांच लाख लोगों को सहायता पहुंचाई जाती है। एजेंसी ने बताया कि देश के युद्धरत पक्षों के बीच लड़ाई तेज हो गई है, इसलिए सहायता को रोका गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले दो सप्ताह से सेना और अर्धसैनिक समूह के बीच लड़ाई तेज हो गई है, इसलिए खाद्य एजेंसी के सहयोगियों को पश्चिमी दारफुर स्थित शिविर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। एजेंसी के क्षेत्रीय निदेशक लॉरेंट बुकेरा ने कहा, तत्काल सहायता न मिलने के कारण जमजम में हजारों परिवारों को आने वाले हफ्तों में भूखा रहना पड़ सकता है।

## श्रीलका के हवाई अड्डे पर भारतीय महिला गांजे के साथ गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर थाईलैंड से पहुंची एक भारतीय महिला के पास से 1.2 किलोग्राम कुश गांजा बरामद किए जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अडेरना न्यूज के अनुसार श्रीलंका के सीमा शुल्क विभाग की स्वापक नियंत्रण इकाई के अधिकारियों ने बताया कि 38 वर्षीय यह महिला कैथे पैसिफिक एयरलाइंस की उड़ान संख्या सीएक्स 611 से बैंकॉक से यहां पहुंची थी। अधिकारी ने बताया कि बैग की तलाशी लेने पर मादक पदार्थ मिला जिसकी कीमत 1.2 करोड़ रुपए (श्रीलंकाई रुपए) आंकी गई है। मादक पदार्थ को बैग में खाद्य पैकेटों के अंदर छिपाकर रखा गया था। श्रीलंका के सीमा शुल्क विभाग के अनुसार, महिला और उसके पास से बरामद मादक पदार्थ को पुलिस स्वापक ब्यूरो के हवाले कर दिया गया है।

## वीडियो में इजराइलियों का इलाज नहीं करने की बात कहने वाली नर्स पर धमकाने के आरोप लगाए गए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सामने आए वीडियो में इज़राइली मरीजों का इलाज नहीं करने की बात कहने वाली एक नर्स पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 26 वर्षीय सारा अबू लेब्देह को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया और उस पर एक समूह को हिंसा , जान से मारने की धमकी देने व परेशान करने के आरोप लगाए गए। इन आरोपों के लिए अधिकतम 22 वर्ष की जेल की सजा का प्रावधान है। न तो बचाव पक्ष के वकील और न ही अबू लेब्देह ने आरोपों पर कोई टिप्पणी की है। उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मामले की सुनवाई सिडनी की अदालत में 19 मार्च को है। अबू लेब्देह और एक अन्य नर्स अहमद रशीद नादिर को 12 फरवरी को बैंकस्टाउन-लिडकॉम्बे अस्पताल से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि इससे एक दिन पहले इजराइली इंफ्लुएंसर मैक्स वीफर के साथ ऑनलाइन बातचीत हुई थी। अबू लेब्देह ने कहा था कि वह इजराइली मरीजों का इलाज नहीं करेगी, जबकि नादिर ने कहा कि उसने इजराइलियों की हत्या की है। पुलिस ने अब तक नादिर से पूछताछ नहीं की है। अस्पताल ने मरीजों के रिकॉर्ड की जांच की और पाया कि लेब्देह और नादिर ने मरीजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था।

# पोप चिकित्सकों की निगरानी में, उनके स्वस्थ होने के लिए अनुयाई कर रहे प्रार्थना

**भाषा।** रोम

**डबल** निमोनिया से पीड़ित पोप फ्रांसिस इलाज के दौरान बुधवार को सीधा बैठे, वहीं दुनिया भर में उनके अनुयाई उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। वेटिकन ने बताया कि फ्रांसिस की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है, लेकिन नए बिशपों की घोषणा और चर्च के लिए राशि जुटाने की नई पहल को लेकर रोमन कैथोलिक चर्च के प्रतिनिधि जुटे हुए हैं। वेटिकन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि मंगलवार शाम की गई सीटी स्कैन जांच की रिपोर्ट जल्द ही मिल जाएगी, जिससे फेफड़े के संक्रमण की स्थिति का पता चल सकेगा। 88 वर्षीय पोप 14 फरवरी से अस्पताल में भर्ती हैं। पोप फ्रांसिस फेफड़ा संबंधी रोग से पहले भी पीड़ित रहे हैं और ब्रोंकाइटिस के कारण तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वेटिकन ने बताया, पोप रात में ठीक से सोए और आराम किया। पोप ने बुधवार सुबह कुर्सी पर बैठकर थेरेपी कराई। चिकित्सकों ने कहा है कि वह अभी खतरे से बाहर नहीं हैं, लेकिन शनिवार से उन्हें सांस को लेकर दिक्कत नहीं हुई है। फ्रांसिस अस्पताल के अपने कमरे से काम कर रहे हैं और उनकी अनुपस्थिति में वेटिकन नौकरशाही का दैनिक काम जारी है। इस बीच वेटिकन ने कहा कि फ्रांसिस ने चार नए बिशप नियुक्त किए हैं और रोमन कैथोलिक चर्च के लिए राशि जुटाने की खातिर एक नई पहल को मंजूरी दी है, जो वर्षों से वित्तीय संकट का सामना कर रहा है।

फ्रांसिस ने संभवतः कुछ समय पहले बिशप नियुक्तियों को मंजूरी दी थी और चंदा एकत्र करने के लिए नए मानदंडों को 11 फरवरी को मंजूरी दी गई थी। यह मंजूरी उनके अस्पताल में भर्ती होने से पहले दी गई थी लेकिन अब उनकी औपचारिक रूप से घोषणा की गई है। पोप के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके अनुयाई और शुभचिंतक रोम में एकत्र हुए तथा विशेष प्रार्थना की। मंगलवार रात को फ्रांसिस के गृहनगर से कई लोग रोम के अर्जेंटाइन गिरजाघर में जमा हुए और रोम के लिए पोप के पादरी कार्डिनल बालदासारे रीना की अगुवाई में विशेष प्रार्थना की।

# पूर्वी थाईलैंड में बस दुर्घटना में 18 लोगों की मौत



**बैंकाक।** पूर्वी थाईलैंड में बुधवार तड़के एक चार्टर्ड बस पलट गई, जिससे 18 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना प्राचीनबुरी प्रांत में हुई। ए लोग उत्तरी थाईलैंड से नगर निकाय संबंधी अध्ययन दौरे के लिए तटीय रेयोग प्रांत की यात्रा पर रहे थे। भूमि परिवहन विभाग ने कहा कि वह सड़क दुर्घटना की जांच में पुलिस के साथ समन्वय करेगा तथा सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों का निरीक्षण तेज करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करें। थाईलैंड में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामले में थाईलैंड 175 सदस्य देशों में नौवें स्थान पर है।

# परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम: हार्वर्ड के प्रोफेसरों ने महाकुंभ के अनुभवों को साझा किया

**न्यूयॉर्क ( अमेरिका )।** अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शीर्ष प्रोफेसरों ने महाकुंभ में परंपरा एवं प्रौद्योगिकी से लेकर वाणिज्य एवं आध्यात्मिकता के मेल पर प्रकाश डाला। हार्वर्ड के प्रोफेसरों ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम से सबक लेने और इसके अवसरों पर जोर दिया। प्रयागराज में आयोजित हो रहा महाकुंभ बुधवार को समाप्त हो गया। न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोमवार को एक विशेष चर्चा का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था इनसाइट्स फ्रॉम द वर्ल्ड्स लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग – महाकुंभ। आयोजन में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में जॉर्ज पाउलो लेमैन के प्रोफेसर तरुण खन्ना, हार्वर्ड डिवाइनिटी स्कूल में तुलनात्मक धर्म एवं भारतीय अध्ययन की प्रोफेसर डायना ईक और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं।



प्रोफेसरों ने 2013 में कुंभ मेला में बिताए समय के दौरान किए गए शोध से अपने अनुभव साझा किए और इस वर्ष की तीर्थयात्रा के दौरान आध्यात्मिकता तथा इंजीनियरिंग से लेकर प्रशासन एवं परंपरा, प्रौद्योगिकी और अर्थशास्त्र के मेल तक विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत विनय प्रधान की मेजबानी में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खन्ना ने कुंभ मेला में मानकों, स्वच्छता और प्रौद्योगिकी के पहलुओं को रेखांकित किया।

खन्ना ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से एक शोधार्थी के रूप में परंपरा एवं प्रौद्योगिकी के इस मेल से मोहित हूं कि समाज कैसे विकसित हो रहा है। हम कुछ मूल्यों को अपने पास रखते हैं, यह एक परंपरा है जो हमारे साथ बनी रहती है लेकिन साथ में इसमें प्रौद्योगिकी की परतें जुड़ती जाती हैं। खन्ना ने कहा कि कुंभ मेला एक मनमोहक जगह है, जहां प्रौद्योगिकी और धर्म का संगम दिखता है। उन्होंने यह भी बताया कि 2025 कुंभ को स्वच्छ कुंभ कहा जाता है, जहां इतनी भीड़ के बावजूद अविश्वसनीय रूप से सफाई पर ध्यान दिया गया।

खन्ना ने इस साल महाकुंभ में खोया पाया सेवाओं के डिजिटलीकरण की भी सराहना की और इसे बेहद दिलचस्प बताया क्योंकि यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के मेल के विचार का अच्छा उदाहरण है। ईक ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि कुंभ मेला एक महान तीर्थयात्रा है। उन्होंने कहा, यह हमें कहीं ज्यादा चकित करता है। यह सिर्फ आश्चर्यजनक तथ्य है कि यह शहर इतने कम समय में बनाया गया है और इंजीनियरिंग टीम, बिजली सबस्टेशनों, एक शहरी वातावरण, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों के निर्माण सहित ऐसी तमाम चीजों की पूरी श्रृंखला है जो पूरी तरह से इससे जुड़ी हुई हैं।

ईक ने कुछ दिनों में कुशल बिल्डर द्वारा कुंभ के लिए चार से पांच सामग्रियों के साथ बनाए गए अस्थाई टेंट का जिक्र किया। उन्होंने कुंभ में तकनीकी नवाचार की भी सराहना की और इसे असाधारण बताया। जुजुल ने 2013 में पहली बार कुंभ के लिए ईक की शोध टीम के तहत भारत की यात्रा की थी। उन्होंने कुंभ में व्यवसायों और आर्थिक अवसरों के विकास के साथ-साथ तार्किक चुनौतियों एवं समाधानों को भी उजागर किया। जुजुल ने कहा कि वह 2037 में अगले कुंभ के लिए भारत लौटने की उम्मीद करती है।

महाकुंभ मेला की शुरुआत इस साल प्रयागराज में 13 जनवरी को गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हुई और बुधवार को महाशिवरात्रि पर इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि इस साल महाकुंभ मेले में अब तक अभूतपूर्व 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है।

# ईरान ने हथियार-ग्रेड के स्तर के करीब संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन तेज किया : आईएईए

**विएना।** अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के निर्वाचन के बाद वाशिंगटन और तेहरान के रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने हथियार-ग्रेड के स्तर के करीब संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन तेज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया है। इस गोपनीय रिपोर्ट की एक प्रति बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने देखी। विएना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आठ फरवरी तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित 274.8 किलोग्राम यूरेनियम होने का अनुमान है। यह मात्रा नवंबर 2024 में जारी आईएईए की पिछली रिपोर्ट में आंकी गई मात्रा से 92.5 किलोग्राम अधिक है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम को तकनीकी रूप से हथियार-ग्रेड यानी परमाणु हथियारों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 90 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम से महज एक कदम दूर माना जाता है। आईएईए की नवंबर 2024 की रिपोर्ट में ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित 182.3 किलोग्राम यूरेनियम होने का अनुमान जताया गया था। जबकि, एजेंसी ने अगस्त में जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि तेहरान ने 60 प्रतिशत तक संवर्धित 164.7 किलोग्राम यूरेनियम का उत्पादन कर लिया है। आईएईए की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है, ईरान द्वारा उच्च संवर्धित यूरेनियम के उत्पादन और संचय में उल्लेखनीय वृद्धि, जो कि इस तरह की परमाणु सामग्री का उत्पादन करने वाला एकमात्र गैर-परमाणु हथियार संपन्न देश है, गंभीर चिंता का विषय है।

एजेंसी के मुताबिक, अगर 60 प्रतिशत तक संवर्धित 42 किलोग्राम को और संवर्धित करके 90 प्रतिशत संवर्धन के स्तर पर ले जाया जाए, तो यह एक परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त है। आईएईए ने अपनी हालिया तिमाही रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया है कि आठ फरवरी तक ईरान के पास समृद्ध यूरेनियम का कुल भंडार बढ़कर 8,294.4 किलोग्राम हो गया, जो पिछले साल नवंबर में जारी रिपोर्ट में आंकी गई मात्रा से।,690 किलोग्राम अधिक है।

ट्रंप ने अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान अमेरिका को ईरान के साथ हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु समझौते से अलग कर लिया था और तेहरान पर फिर से प्रतिबंध लागू कर दिए थे। जनवरी 2020 में उनके कार्यकाल में किए गए अमेरिकी ड्रोन हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कुद्स फोर्स का प्रमुख कासिम सुलेमानी मारा गया था। अमेरिका सहित विभिन्न पश्चिमी देशों का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के इरादे से संवर्धित यूरेनियम के उत्पादन की क्षमता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है।

# गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, कोहली पांचवें स्थान पर



**भाषा। दुबई**

**भारत** को चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं जबकि पहले यह अंतर 23 अंक का था। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर मौजूद हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढकर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढकर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढकर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं।

## रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर मौजूद

# जीत के साथ अभियान का अंत करने उतरेंगे पाकिस्तान और बांग्लादेश

**रावलपिंडी।** (भाषा) अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा।चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में गलतियों के लिए बहुत कम गुंजाइश होती है लेकिन मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया।

# अफगानिस्तान ने फिर किया उलटफेर

## जदरान और उमरजइ ने दिलाई जीत, इंग्लैंड चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर

**भाषा। लाहौर**

**इब्राहिम** जदरान के 177 रन और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजइ के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में बुधवार को इंग्लैंड को आठ रन से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया। इंग्लैंड की टीम दो मैच हार चुकी है और अब उसे ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जिसके आस्ट्रेलिया के बराबर तीन अंक हैं।

अफगानिस्तान के अब दो अंक है और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिए आखिरी ग्रुप मैच में आस्ट्रेलिया को हराना होगा। जीत के लिए 326 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने दो विकेट 30 रन पर गंवा दिए। उमरजइ ने 58 रन देकर पांच अहम विकेट लिए और एक गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की पूरी टीम 317 रन पर आउट हो गई। जो रूट ने 111 गेंद में 120 रन बनाए जिसमें 11 चौके और एक छक्का था। उन्होंने बेन डकेट (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 रन की और कप्तान जोस बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। डकेट और बटलर के जल्दी आउट होने का खामियाजा इंग्लैंड को भुगतना पड़ा क्योंकि रूट एक छोर पर अकेले पड़ गए थे। रूट ने काफी संयम के साथ बल्लेबाजी की और जोखिम लेने से बचते रहे। उन्होंने राशिद खान की गेंद पर एक रन लेकर 17वां एक दिवसीय शतक पूरा किया। वह उमरजइ की गेंद पर विकेट के पीछे रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच देकर लौटे। जैमी ओवरटन ने 28 गेंद में 32 रन बनाकर जीत की उम्मीदें कायम रखी थी लेकिन उमरजइ ने उन्हें भी रवाना कर दिया।






इससे पहले सलामी बल्लेबाज जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने सात विकेट पर 325 रन बनाए। जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाए और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े। अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाए। इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जाएगी। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पहले दस ओवर में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने उन्हें दबाव में रखा। आर्चर ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। रहमतुल्लाह गुरबाज उनका पहला शिकार बने। वहीं सेदिकुल्लाह अतल को उन्होंने पगबाधा आउट किया और रहमत शाह ने स्क्वेयर लेग पर आदिल रशीद को कैच थमाया। अफगानिस्तान ने पावरप्ले के भीतर तीन विकेट 37 रन पर गंवा दिए। इसके बाद जदरान और शाहिदी ने पारी को संभाला। जदरान ने पहला पचासा 65 गेंद में पूरा करने के बाद जैमी ओवरटन को लगातार दो चौके लगाकर दबाव कम किया। दूसरी ओर लेग स्पिनर रशीद को रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में शाहिदी बोल्ड हो गए। इसके बाद जदरान ने उमरजइ के साथ रनगति को आगे बढाया। इंग्लैंड को तेज गेंदबाज मार्क वुड की घुटने की चोट से भी जूझना पड़ा जो आठ ओवर ही डाल सके। जदरान ने वनडे क्रिकेट में छठा शतक 106 गेंद में पूरा किया। उन्होंने ओवरटन के एक ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। उमरजइ के आउट होने के बाद भी 23 वर्ष के इस बल्लेबाज ने आर्चर को एक छक्का और तीन चौके जड़कर अपने कैरियर में दूसरी बार 150 पार का स्कोर बनाया। अनुभवी नबी के साथ उन्होंने तेजी से रन बनाए और छठे विकेट के लिए 11 रन प्रति ओवर से साझेदारी की। इंग्लैंड ने आखिरी दस ओवरों में 113 रन दे डाले। जदरान आखिरी ओवर में लियाम लिविंगस्टोन की गेंद पर आउट हुए।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा पंजीकृत कार्यालय- 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-69342500, 46035729 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 020465800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।